You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-111 ❒ गुरुवार, 22 मई 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



अब यह निर्विवाद रूप से स्पष्ट हो गया है कि मुर्शिदाबाद हिंसा तृणमूल नेताओं के इशारे पर और धर्म के आधार पर सुनियोजित हिंसा हुई, राज्य की मुख्यमंत्री को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। **सुधांशु त्रिवेदी**

मीठी क्रांति से बदला किसानों का भाग्य 11
एक देश, एक चुनाव' लोकतंत्र को करेगा अधिक प्रभावी और समावेशी : मुख्यमंत्री 12

## संक्षेप

### चारबाग, हुसैनगंज के 27 होटलों के अवैध निर्माण ढहेंगे

**लखनऊ।** चारबाग, नाका, हुसैनगंज, लालबाग, कैसरबाग और हजरतगंज क्षेत्र के 27 होटलों के खिलाफ सीलिंग और ध्वस्तीकरण कार्रवाई होगी। एलडीए के संयुक्त सचिव व विहित प्राधिकारी ने इन होटलों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया है। इन होटलों के संचालकों को अवैध निर्माण के लिए वर्ष 2022 में ही नोटिस जारी की गयी थी। चारबाग के मोहन होटल में आग की घटना के बाद एलडीए ने इस क्षेत्र व आसपास के होटलों की फाइलें निकालना शुरू शुरू कर दी हैं। संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने ऐसे 27 होटलों की फाइलें निकलवायी हैं। यह वह होटल हैं जो पूरी तरह से अवैध व मानक के विपरीत बने हैं। इनमें न फायर फाइटिंग का इंतजाम है और न इनमें सेटबैक व अन्य सुविधाएं हैं। उन्होंने इंजीनियरों व जोनल अधिकारी को इन सभी होटलों की पड़ताल कर नए सिरे से रिपोर्ट देने को कहा है। रिपोर्ट आते ही इन होटलों की सीलिंग की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। इनके ध्वस्तीकरण का आदेश भी जारी होगा। आशियाना क्षेत्र में भी कार्रवाई के निर्देश आशियाना क्षेत्र में भी कई अवैध होटल खड़े हैं। संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि आशियाना में भी कई अवैध होटल बन गये हैं। यहां के होटलों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। जो होटल मानक के विपरीत हैं और उनमें फायर फाइटिंग सिस्टम नहीं है उन सभी को सील कराया जाएगा।

### 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लिए एक बार संविधान संशोधन की जरूरत: शिवराज

**हैदराबाद।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कहा कि बार-बार चुनाव 'विकसित भारत' के निर्माण में बाधा बन गए हैं और उन्होंने देशहित में एक साथ चुनाव कराने की जरूरत पर बल दिया। चौहान ने यहां 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की आवश्यकता पर आयोजित एक व्याख्यान को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि संविधान में संशोधन किया जाना चाहिए ताकि पांच साल में एक बार लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाएं। उन्होंने कहा, ''बार-बार चुनाव होना 'विकसित भारत' के निर्माण में बाधा बन गया है। कहीं न कहीं इसे रोकना और नियंत्रित करना होगा। हमें राष्ट्रहित के बारे में सोचना होगा। जिम्मेदार नागरिक की तरह सोचें और संकल्प लें कि अब समय आ गया है कि एक साथ चुनाव हों। इससे देश को बहुत लाभ होगा। अपने संबोधन में चौहान ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर सशस्त्र बलों की बहादुरी की भी सराहना की।

# 27 नक्सलियों का एनकाउंटर

## डेढ़ करोड़ का इनामी नक्सली भी मारा गया, सभी शव और हथियार बरामद, 1 जवान शहीद

एजेंसी

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को उस समय बड़ी कामयाबी हासिल हुई जब उन्होंने 27 नक्सलियों को ढेर कर दिया जबकि मारे गये नक्सलियों में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के महासचिव बसवराजू को पुलिस ने एक मुठभेड़ में मार गिराया जिनपर सरकार ने डेढ़ करोड़ का ईनाम घोषित किया था।

करीब 70 साल के बसवराजू को 2018 में माओवादी संगठन के शीर्ष पद की जिम्मेवारी सौंपी गई थी। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन में बुधवार को डीआरजी के जवानों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एक तरफ जहाँ इस मुठभेड़ में जवानों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है ,वही दूसरी तरफ मारे गए इन नक्सलियों में डेढ़ करोड़ के ईनामी नक्सली सेंट्रल कमेटी मेंबर, पोलित ब्यूरो, सेंट्रल मिलेट्री कमीशन और भाकपा (माओवादी) संगठन के महासचिव बसवराजू भी शामिल हैं। उनके भी मारे जाने की पुष्टि हो गई है।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि बसव राजू उर्फ नम्बाला केशव राव एक ऐसा नाम है, जिसने छत्तीसगढ़ में ही नहीं बल्कि आंध्र प्रदेश ,तेलंगाना, महाराष्ट्र और उड़ीसा के इलाके में पिछले 40 सालो से सक्रिय रहकर माओवादी संगठन को मज़बूती प्रदान की। बसवराजू के मारे जाने से माओवादी संगठन को एक बड़ा झटका लगा है। उन्होंने बताया कि कर्रेगुट्टा में चलाए गए ऑपरेशन के बाद नक्सली अलग-अलग टुकड़ों में बट गए और सेफ जोन तलाश रहे थे। इसके बाद खुफिया विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर के सीमावर्ती डोंडरीबेड़ा के इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजदूगी की सूचना मिली थी। इस सूचना के बाद जवानों ने सर्च ऑपरेशन चलाया और इस ऑपरेशन में बसव राजू समेत 27 नक्सलियों को मार गिराया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिनके पास गृह विभाग का भी प्रभार है, ने बताया कि नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा सीमावर्ती इलाके में बड़ा ऑपरेशन जारी है। सुरक्षाबलों को प्राप्त जानकारी के आधार पर ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है। इसमें जवानों को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। अब तक 27 नक्सली मारे जाने की सूचना मिली है। वहीं इस ऑपरेशन में रूपेश से भी बड़े कमांडर फंसे हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। इसके साथ ही गृहमंत्री ने यह भी जानकारी दी है कि मुठभेड़ में एक जवान शहीद और एक जवान घायल भी हुए हैं। मुठभेड स्थल पर नक्सलियों के शीर्ष कमांडरों को भी सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। इनमें नक्सली लीडर रुपेश और विकल्प के भी फंसे होने की जानकारी सामने आई है। इन दोनों पर सुरक्षा एजेंसियों को लंबे समय से नजर थी और अगर इनकी गिरफ्तारी या मुठभेड़ में मारे जाने की पुष्टि होती है तो यह नक्सल विरोधी अभियान में यह एक बड़ी कामयाबी होगी। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा तथा कोंडागांव जिले के स्थानीय जिला रिजर्व पुलिस के जवान इन चारों जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र में लगातार नक्सलियों से मुठभेड़ जारी है। ● शेष पेज 11 पर



1 करोड़ का ईनामी बसवराजू



''हमें अपने सैन्य बलों पर गर्व है। हमारी सरकार माओवाद के खतरे को खत्म करने और अपने लोगों के लिए शांतिपूर्ण और प्रगतिशील जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।'
**पीएम मोदी**

### यह नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि : शाह



नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ के नारायणपुर में 27 खूंखार आतंकवादियों के मारे जाने को नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि करार देते हुए कहा है कि सरकार अगले वर्ष 31 मार्च से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। श्री शाह ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में कहा नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि। आज, छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में, हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल हैं। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि हमारे बलों द्वारा एक महासचिव स्तर के नेता को मार गिराया गया है। मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूँ। उन्होंने कहा यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। मोदी सरकार 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

# वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं

❒ सुप्रीम कोर्ट में बोला केंद्र- यह सिर्फ एक धारणा

एजेंसी

नई दिल्ली। वक्फ ऐक्ट के खिलाफ दायर अलग-अलग याचिकाओं पर बुधवार को दूसरे दिन भी सुनवाई हो रही है। इस दौरान वक्फ ऐक्ट का बचाव करते हुए केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, यह एक चैरिटी संस्था है लेकिन यह इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। मेहता ने इससे आगे कहा कि वक्फ एक मौलिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार 140 करोड़ नागरिकों की संपत्ति की संरक्षक है और यह सुनिश्चित करना राज्य का कर्तव्य है कि सार्वजनिक संपत्ति का अवैध रूप से उपयोग न किया जाए।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की खंडपीठ के समक्ष सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा, ''एक झूठी कहानी गढ़ी जा रही है कि उन्हें दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे, नहीं तो वक्फ पर सामूहिक रूप से कब्जा कर लिया जाएगा।'' मेहता ने कहा कि दान अन्य धर्मों का भी हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हिन्दुओं में दान की परंपरा है। सिखों में भी यह व्यवस्था है। इस्लाम में भी दान की व्यवस्था है और वही वक्फ है। यह दान के अलावा कुछ नहीं है।

सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीन पर अधिकार का दावा नहीं कर सकता है और सरकार को 'वक्फ बाई यूजर' सिद्धांत का उपयोग करके वक्फ घोषित की गई संपत्तियों को पुनः प्राप्त करने का कानूनन अधिकार है। उन्होंने कहा कि 'वक्फ बाई यूजर' से आशय ऐसी संपत्ति से है, जहां किसी संपत्ति को औपचारिक दस्तावेज के बिना भी धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए उसके दीर्घकालिक उपयोग के आधार पर वक्फ के रूप में मान्यता दी जाती है। मेहता ने कहा कि वक्फ बाय यूजर एक मौलिक अधिकार नहीं है लेकिन इसे कानून द्वारा मान्यता दी गई है।




सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि वक्फ दान के लिए है और वक्फ बोर्ड केवल धर्मनिरपेक्ष कार्य करता है। वक्फ निकायों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने के खिलाफ याचिकाकर्ताओं की दलीलों का विरोध करते हुए उन्होंने कहा, '' वक्फ निकाय में दो गैर-मुस्लिम होने से क्या बदलाव आ जाएगा? यह किसी भी धार्मिक गतिविधि को प्रभावित नहीं कर रहा है।'' इससे पहले मेहता ने कहा कि कुछ याचिकाकर्ता पूरे मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधित्व करने का दावा नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा, ''हमें 96 लाख प्रतिनिधित्व मिले। जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) की 36 बैठकें हुईं। जेपीसी के साथ ● शेष पेज 11 पर

# पहला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल चार देशों की यात्रा पर रवाना



एजेंसी

नयी दिल्ली। आतंकवादी संगठनों की पनाहगार बन चुके पाकिस्तान को दुनिया भर में बेनकाब करने के लिए विभिन्न देशों में जाने वाले सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से पहला प्रतिनिधिमंडल शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में बुधवार को रवाना हो गया।

यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य और सिएरा लियोन जायेगा। प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद को बिलकुल भी बर्दाश्त न करने के मजबूत संदेश के साथ सभी तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने के भारत के दृढ़ दृष्टिकोण की जानकारी देगा। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंगलवार को तीन प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों को ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद पर भारत के रूख के बारे में जानकारी दी थी। बैठक के बाद श्री शिंदे ने कहा था कि उनके प्रतिनिधिमंडल को भारत में हुए पिछले आतंकवादी हमलों के बारे में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि किस प्रकार पाकिस्तान देश में सीमापार आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। जद(यू) सांसद संजय झा और द्रमुक सांसद कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व में दो प्रतिनिधिमंडल ● शेष पेज 11 पर

### अमृत स्टेशनों से रेल का सफर और आसान हो जायेगा: मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह गुरूवार को 100 से ज्यादा अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे जिससे यात्रियों का रेल का सफर और अधिक आसान हो जायेगा।

प्रधानमंत्री ने राजस्थान में कई सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किये जाने का भी उल्लेख करते हुए कहा कि इससे सीमावर्ती क्षेत्रों में रक्षा ढांचागत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी गुरूवार को एक दिन के राजस्थान दौरे पर जा रहे हैं जहां वह 26 हजार करोड़ रूपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास या उद्घाटन करेंगे। इससे पहले उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट में कहा , ह्ल भारतीय रेल के लिए कल का दिन ऐतिहासिक और अविस्मरणीय होने जा रहा है। राजस्थान के बीकानेर में सुबह साढे ग्यारह बजे अब तक रिडेवलप किए गए 100 से ज्यादा अमृत स्टेशनों के उद्घाटन का सौभाग्य मिलेगा। इनसे देशवासियों के लिए रेल का सफर और आसान होने वाला है। एक अन्य ● शेष पेज 11 पर

# न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की याचिका खारिज

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से कथित तौर पर अवैध नकदी बरामद होने के मामले में उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने संबंधी रिट याचिका बुधवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि इस संबंध में राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री के समक्ष कोई अर्जी नहीं लगायी गयी है।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने अधिवक्ता मैथ्यूज नेदुम्परा और अन्य की ओर से दायर याचिका खारिज करते हुए कहा, चूंकि राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री को कार्रवाई की मांग करते हुए कोई अर्जी नहीं लगायी गयी है, इसलिए परमादेश की मांग वाली यह रिट याचिका विचारणीय नहीं है। पीठ ने यह भी कहा कि मुख्य न्यायाधीश ने न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास से जले हुए नोटों की गड्डिया मिलने के प्रकरण में आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पहले ही भेज दी है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि यह याचिका इस समय खारिज होने के बावजूद याचिकाकर्ताओं को बाद में न्यायपालिका के समक्ष आने का अधिकार होगा। न्यायमूर्ति ओका ने सुनवाई के दौरान कहा, ह्ल हम यह नहीं कह रहे हैं कि आप (परमादेश की रिट याचिक) दाखिल नहीं कर सकते। लेकिन पहले, आपको बुनियादी नियमों का पालन करना होगा। जब तक संबंधित प्राधिकारियों (राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री) को इस सम्बंध में प्रतिवेदन नहीं दिया जाता है, तब तक परमादेश की रिट जारी नहीं की जा सकती है।



❒ सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मामला राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के पास, पहले उनसे गुहार लगाएं

शीर्ष अदालत ने याचिका में उन अन्य आवेदनों पर भी विचार करने से इनकार कर दिया, जिनमें गुहार लगाई गई थी कि के. वीरास्वामी मामले में न्यायालय के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए। यह निर्णय कार्यरत न्यायाधीशों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई शुरू करने की प्रक्रिया से जुड़ा है। न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि ऐसे मुद्दों पर फिलहाल वर्तमान स्थिति में विचार करने की आवश्यकता नहीं है। याचिकाकर्ता वकील नेदुम्परा ने पीठ के समक्ष व्यक्तिगत रूप उपस्थित होकर इस मामले में आपराधिक जांच की मांग करते हुए तर्क दिया कि (न्यायाधीश के घर से) नकदी की कथित बरामदगी ● शेष पेज 11 पर

# हरदोई, बलिया सहित कई जिलों के डीएम बदले

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। शासन ने मंगलवार देर रात हरदोई, बलिया, महराजगंज और पीलीभीत के डीएम समेत 14 आईएएस और 6 पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। अपर मुख्य सचिव, वित्त, प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार को वर्तमान पदों के साथ कृषि उत्पादन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अब तक यह अतिरिक्त प्रभार मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के पास था।

हरदोई के डीएम मंगला प्रसाद सिंह को बलिया का डीएम और बलिया के डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार को संयुक्त प्रबंध निदेशक उप्र. जल निगम नगरीय बनाया गया है। महराजगंज के डीएम अनुनय झा को हरदोई का डीएम और अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी व अयोध्या के नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा को महराजगंज का डीएम बनाया गया है। सीडीओ सिद्धार्थनगर जयेंद्र कुमार को मुख्य कार्यपालक अधिकारी अयोध्या तीर्थ विकास परिषद तथा नगर आयुक्त अयोध्या, मृणाली अविनाश जोशी संयुक्त मजिस्ट्रेट गोरखपुर को सीडीओ सिद्धार्थनगर, रविंद्र कुमार प्रथम विशेष सचिव संस्कृति विभाग तथा निदेशक धर्मार्थ कार्य को विशेष सचिव कृषि, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार तथा कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। संयुक्त प्रबंध निदेशक उप्र. जल निगम नगरीय ज्ञानेंद्र सिंह को पीलीभीत का डीएम बनाया गया है। पीलीभीत के डीएम ● शेष पेज 11 पर




❒ यूपी में 14 आईएएस और छह पीसीएस के तबादले

## मुख्यमंत्री ने कहा, देशभर के दिव्यांग युवाओं के लिए शिक्षा का केंद्र बने उत्तर प्रदेश

# यूपी के सभी मंडलों में बनेंगे 'दिव्यांग पुनर्वास केंद्र'

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांग युवाओं के लिए संचालित शैक्षिक संस्थानों में प्रशासनिक तंत्र को संवेदनशील, सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया है।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की बुधवार को समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा सुनियोजित ढंग से दिव्यांगजनों के विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भ्रम फैलाकर उन्हें अवांछित और समाजविरोधी गतिविधियों की ओर प्रवृत्त करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। ऐसी प्रवृत्तियों के प्रति हमें पूर्णतः सतर्क रहते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा और मानसिक-सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि इन संस्थानों में सहायता के नाम पर प्रस्ताव देने वाली बाहरी संस्थाओं की पृष्ठभूमि की गहन जांच-पड़ताल के उपरांत ही उनकी अनुमति दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी बचपन डे केयर सेंटरों, मानसिक मंदित आश्रय केंद्रों, समेकित विद्यालयों तथा 'ममता', 'स्पर्श' और 'संकेत' विद्यालयों का व्यापक निरीक्षण किया जाए। यहां अध्ययनरत बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं, आकांक्षाओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं को समझते हुए संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएं। इन विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए और जब तक नियमित नियुक्ति न हो, तब तक अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से योग्य युवाओं की सेवाएं ली जाएं। इन युवाओं को भविष्य की चयन प्रक्रियाओं में वेटेज प्रदान किया जाना चाहिए।

बैठक में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं, उपलब्धियों तथा कार्ययोजनाओं की अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त कल्याणकारी योजनाएं पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुसज्जित हों तथा लक्षित लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से लाभ प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते आठ वर्षों में विभाग के बजट में 10 गुना से अधिक वृद्धि की गई है, जो दिव्यांगजनों के प्रति सरकार की संवेदनशील प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अधिकारियों की ओर अवगत कराया गया कि दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत वर्तमान में 11.04 लाख लाभार्थियों को 1300 करोड़ रुपये की पेंशन राशि वितरित की गई है, जबकि कुष्ठरोग पीड़ित लगभग 12 हजार व्यक्तियों को 3000 रुपये प्रतिमाह की दर से सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्यस्तरीय अभियान चलाकर यह पता लगाया जाए कि किन पात्र व्यक्तियों को अभी तक पेंशन नहीं मिल रही है, साथ ही जो अपात्र लाभ ले रहे हैं उन्हें भी चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि बीते वित्तीय वर्ष में 35,136 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, ब्रेल किट्स जैसे सहायक उपकरणों के लिए 28.93 करोड़ रुपयेकी सहायता दी गई है। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना के अंतर्गत 270 अत्यंत दिव्यांगजन को दो लाख रुपये तक की मशीनें उपलब्ध कराई गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रदेश के लाभार्थियों तक पूरी तत्परता से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना में सांसदों और विधायकों से भी अपनी निधि से सहयोग देने का आग्रह किया जाए। दिव्यांगजनों को राज्य परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में जानकारी दी गई कि बीते वित्तीय वर्ष में 31 लाख से अधिक दिव्यांगजनों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। शैक्षिक क्षेत्र की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि 25 जिलों में स्थापित 'चाइल्ड डे केयर सेंटरों' में दृष्टि, श्रवण एवं मानसिक रूप से दिव्यांग 1390 बच्चों को ● शेष पेज 11 पर



# अब छिप नहीं सकेंगे मिलावटखोर, चौराहे चौराहे पर चस्पा किया जाएगा पोस्टर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बार–बार मिलावट करने वालों की शासन से मांगी गई सूची**

**वित्तीय वर्ष में 3100 दुकानों का निरीक्षण कर लिए गए 721 नमूने, 55% नमूने पाए गए फ़ेल**

गोरखपुर। मिलावटी खाद्य पदार्थों की विक्री पर शिकंजा कसने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग प्रशासन काफी सख्त नजर आ रहा है ,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों ही समीक्षा बैठक के दौरान सख्त निर्देश दिए कि जो बार-बार मिलावटी सामान का कारोबार या विक्री कर रहे हैं उनके पोस्टर चौराहे -चौराहे पर चस्पा किया जाए ताकि आम जनमानस को पता लगे कि ऐसे लोग जो कृत्य कर रहे हैं उन्हें हतोत्साहित किया जा सके, जिसको लेकर शासन स्तर पर प्रदेश भर के जनपदो से सूची मांगी जा रही है।खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के सहायक खाद्य आयुक्त डॉ सुधीर कुमार सिंह से खास बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने समीक्षा बैठक ली थी उन्होंने काफी सख्त निर्देश दिया है कि जो लोग बार-बार मिलावटी सामान बेच रहे हैं या बना रहे हैं उनके पोस्टर चौराहे- चौराहे पर चस्पा किया जाए ताकि आम जनमानस को पता लग सके की ऐसे लोग जो कृत्य कर रहे हैं उन्हें हतोसहित किया जा सके, ऐसा निर्देश प्राप्त हुए हैं लेकिन शासन अभी विचार कर रहा है जनपदों से सूची मांगी गई है जैसा निर्देश मिलेगा वैसा कार्य किया जाएगा।उन्होंने आगे कहा कि वित्तीय वर्ष में 3100 दुकानों का निरीक्षण किया गया जहां से 721 नमूने लिए गए, 666 रिपोर्ट प्राप्त हुई है 55% नमूने फ़ेल आए, 38 मामले असुरक्षित पाए गए हैं शेष अधोमानक या नियमों का उल्लंघन, हाइजीनिक कंडीशन में पाए गए हैं जिसके लिए अपर जिलाधिकारी कोर्ट और एसीजीएम कोर्ट में वाद दायर किया गया है।असुरक्षित मामले जिसमें बेसन, चाय की पत्ती,खोवा,घी, मसाले, हल्दी, मिर्च रोजमर्रा की चीज हैं। जिसमें गंभीर मिलावट पाए गए। प्रिपेयर फूड बिरयानी और कुछ अधोमानक जैसे दूध में पानी का मिलावट, चने की दाल में मटर की दाल का मिला होना पाया गया है।श्री सिंह ने कहा कि गर्मी का सीजन चल रहा है आइसक्रीम और कोल्ड ड्रिंक की फैक्ट्री पर छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है । जनपद में 37 बड़ी यूनिट और 132 छोटी यूनिट है जो आइसक्रीम बनती है जिसमें जो निर्माण सामग्री प्रयोग हो रही है वह मानक के अनुरूप नहीं है कई जगह जांच में पाया गया है कि प्रतिबंधित सैकरीन नए नाम से खाने के लिए गुलमोहर, हेचरेक्स मेटल कलीनिर के नाम से अपनी दुकान पर रखे हुए हैं ऐसे लोगों की जांच की जा रही है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उनके लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे उनके या उनके परिवार के किसी सदस्य को फिर लाइसेंस जारी नहीं हो सकेगा।

# धर्मशाला बाजार में निकला तिरंगा शौर्य यात्रा

**इस अद्वितीय सैन्य अभियान ने पूरे देश में सेना के पराक्रम, साहस और शौर्य की मिसाल पेश की है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। गत दिनों में भारतीय सेना ने ''ऑपरेशन सिंदूर'' के तहत आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए न केवल आतंकवादियों के कई ठिकानों को ध्वस्त किया, बल्कि कई खूंखार आतंकवादियों को भी मार गिराया। इस अद्वितीय सैन्य अभियान ने पूरे देश में सेना के पराक्रम, साहस और शौर्य की मिसाल पेश की है। इस सफलता पर देश भर में उत्साह की लहर दौड़ गई है और भारतीय सेना के अदम्य साहस का सम्मान करते हुए शहर में तिरंगा शौर्य यात्राएं आयोजित की जा रही हैं।इसी कड़ी में धर्मशाला बाजार वार्ड में भव्य तिरंगा शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ गुरुद्वारा धर्मशाला बाजार से किया गया।इस यात्रा में वार्ड के स्थानीय नागरिक और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सभी ने मिलकर भारतीय सेना के साथ-साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया, जिनके नेतृत्व में आतंकवाद के विरुद्ध यह निर्णायक अभियान संचालित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री गुरुद्वारा समिति के अध्यक्ष जसपाल सिंह , भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद शशांक शेखर त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष विकास शर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सिद्धांतों घोष, राजेश तिवारी, पूर्व पार्षद प्रत्याशी धर्मशाला बाजार, बब्लू गुप्ता पार्षद धर्मशाला बाजार , जगनयन सिंह नीटू, अनुसूचित मोर्चा के महानगर महामंत्री दुर्गेश कोरी, श्विक्की कुकरेजा महानगर कार्यमिति सदस्य भाजपा , जितेन्द्र चौधरी जीतू दिवाकर पाण्डेय, विनय वैश्य वार्ड अध्यक्ष भाजपा, मोनू खान युवा नेता, सचिन गुप्ता, पूर्व पार्षद प्रत्याशी शैलू गुप्ता, सन्तोष चौहान, संतोष गुप्ता, डब्लू खान, मो.आलम, विक्की सिंह, चन्दन गुप्ता, रवि गुप्ता, रामू गुप्ता, मुकेश जायसवाल, शक्ति सोनकर सफी अहमद बाबू भाई, उत्तम कुमार, अरविन्द गुप्ता, शशांक जायसवाल, गंगेज जायसवाल, सक्षम सिंह सहित सैकड़ो की संख्या मे वार्ड के लोग उपस्थित रहे।

## सेना के सम्मान मे निकली भव्य तिरंगा यात्रा




बहराइच । विधानसभा कैंसरगंज के भाजपा कार्यालय से निकली भव्य तिरंगा यात्रा, आयोजित तिरंगा यात्रा भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत सफल ऑपरेशन पर निकाली गयी, आयोजित तिरंगा यात्रा मे मुख्य अतिथि विधानसभा के संयोजक गौरव वर्मा रहे, तिरंगा यात्रा भाजपा कार्यालय से निकल कर लखनऊ बहराइच हाइवे होते हुए मुख्य बाजार, से तहसील गेट तक पहुंची, वहां से यात्रा पुनः भाजपा कार्यालय पर जा कर समाप्त हुई, तिरंगा यात्रा के दौरान कार्यकर्ता व मौजूद सैकड़ो लोगों की भारत माता की जय, जय हिन्द, व वन्दे मातरम की जयकार से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा, तपती धुप मे भारतीय सेना के सम्मान मे सैकड़ो की भीड़ हाथ मे तिरंगा थामे हुए चल रही थीं,आयोजित तिरंगा यात्रा में ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन,भाजपा जिला उपाध्यक्ष सूबेद वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवानंद सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह मुनीम जी, डॉ. अरविंद सिंह विसेन, सभासद प्रतिनिधि हीरालाल मौर्य, अनिल सोनी अन्ना, मंडल अध्यक्ष जरवल प्रदीप कुमार जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव आदि सहित सैकड़ों की संख्या में लोग व कार्यकर्त्ता रहे मौजूद।

## गर्मी में पशु पक्षियों के लिए लोगों को आगे आना चाहिएः अंकित शुक्ला

उन्नाव। राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक व अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने गर्मियों के मौसम को देखते हुए कहा कि गला सबका सूखता है, प्यास सभी को लगती है इस भीषण गर्मी में पशु पक्षियों के लिए कई हजारों-हजार मिट्टी कसोरे पौधे पर टगवाए और लोगो से अपील की आप अपने घरों में शीतल जल के कसोरे जरूर रखें और जल में कोई भी इलैक्ट्रोलाइट या गुड़ मिलाकर रखें, ताकि पशु पक्षी डिहाइड्रेशन से बच सकें उन्होंने कहा कि मिट्टी के बने कसोरे ज्यादा अच्छे रहते हैं, क्योंकि इनके अंदर पानी जल्दी गर्म नहीं होता। आजकल ज्यादातर जोहड़ और तालाब खत्म होते जा रहे हैं, इसीलिए इस गर्मी में पशु पक्षियों की पानी की तलाश न के बराबर हो जाती है और पशु पक्षी प्यास के मारे मौत के मुंह में चले जाते हैं। विशेष ध्यान रहे कि रोज कसोरे साफ करके शीतल जल से भर कर रखें। भयानक गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए हजारों-हजार पानी के कटोरे और दाने रखे गए संस्था द्वारा 20 मई को हो रही भयानक गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए हजारो पानी के कटोरे और दाना पौधे और पार्क में रखे गए कहा संस्था द्वारा मानवता भलाई के सौ कार्य किये जा रहे हैं। इन कार्यों में बेजुबान जानवरों की रक्षा करना भी शामिल है। इसी के अंतर्गत बेजुबान पक्षियों के लिए पक्षियों के लिए पानी के कटौरे रखकर उद्घाटन करते हुए और सेवादार बहनें पानी के कटोरे रखती हुई।पानी के कटोरे रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि सेवादारों द्वारा ड्यूटी लगाई गई है जो कि प्रतिदिन की इन कटोरों में पानी और दाना डालने की सेवा करेंगे वहां के लोगो ने कहा कि संस्था के सेवादार मानवता भलाई के कार्यों के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और इनकी मानवता प्रति सेवा भावना को देखता हूँ लोगो का कहना कि मैंने कई बार इन की सेवा को अपनी जान की परवाह न करते मानवता सेवादारों की सेवा भावना काबिल-ए-तारीफ की सेवा करते हुए देखा है। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत आनंद महसूस होता है जो इस धरती पर रहते बेजुबान जानवरों की संभाल करते हैं और सेवादारों का तहदिल धन्यवाद करता हूं, जो मानवता भलाई के कार्य बढ़ चढ़कर कर रहे हैं।इस मौके पर अरविंद अरुण अमन सिंह मोहित गोपाल आदित्य अर्पित राहुल कोमल सोनम आदि मौजूद रहे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने सुनीं कार्यकर्ताओं की समस्याएं



उन्नाव। भाजपा कार्यलय मे जनता दर्शन अपने निर्धारित दिन जिला पंचायत अध्यक्षा शकुन सिंह ने जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के साथ कार्यालय पर उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं द्वारा लाई गई समस्याओं को सुना। कार्यकर्ताओं ने जो भी अपनी समास्याओं से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुन सिंह से अवगत कराया अध्यक्षता ने बड़े ही गंभीरता से समाधान कराया। जिसमे प्रमुख रूप से आशीष वाजपई कृष्ण कुमार वर्मा समीर शुक्ला ब्लॉक प्रमुख पुरवा सतीश चौधरी शिवेंद्र सिंह गोलू सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## पन्द्रह लाख रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में युवक पर केस दर्ज

मुरादाबाद। मुरादाबाद महानगर के थाना सिविल लाइन पुलिस ने डीआईजी के आदेश पर बिजनौर जनपद के निवासी युवक के खिलाफ 15 लाख रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में बुधवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इंस्पेक्टर सिविल लाइन मनीष सक्सेना ने बताया कि विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।मुरादाबाद के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र की रामेश्वर कालोनी निवासी करन सिंह आर्य ने पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 2022 में उनके बेटे ध्रुव आर्य ने एमबीबीएस में दाखिला लेने के लिए नीट की परीक्षा पास की थी, लेकिन मेरिट लिस्ट में न होने के कारण उसे सरकारी मेडिकल कॉलेज नहीं मिल सका। करन सिंह के अनुसार उसी दौरान उनकी मुलाकात बिजनौर के नहटौर थाना गांव मेहर अलीपुर निवासी राहुल दयाल से हुई। उसने भरोसा दिलाकर 15 लाख हड़प लिए। पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।

## बालिकाओं को सशक्त बना रही योग करने की पहल : प्रो पूनम टंडन

गोरखपुर । कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से कुलपति प्रो पूनम टंडन के निर्देशन में महिला अध्ययन केंद्र ,दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, खोराबार ब्लॉक ,गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, ङ्कभधद्दथ द्धधन् धद्भद्ध दृथन्द्ध ,धद्भद्ध द्धद्दथद्यप्द्धङ्क के संकल्प को साकार करते हुए ह्लयोगा फॉर गर्ल चाइल्ड एंड स्पेशल एबल्ड चिल्ड्रन '' योग प्रशिक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।गोरखपुर के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (खक्चङ्ठ) में एक नई पहल के तहत छात्राओं को योग का प्रशिक्षण दिया।

# ट्रक चालक को पुलिस ने बेरहमी से पीटा, एसडीएम ने भेजा जेल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पुलिस की कार्यशैली बना क्षेत्र में चर्चा का विषय**

गोरखपुर। आधीरात को कौड़ीराम बाजार में वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक ड्राइवर की पुलिस द्वारा बेरहमी से की गयी पिटाई चर्चा का विषय बन गया है।मिली जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जिले के ग्राम भगवानपुर थाना तरवा निवासी मनोज कुमार पुत्र गुलाब डीसीएम वाहन पर वाराणसी से एक ट्रांसपोर्ट कम्पनी का माल लोड कर गोरखपुर को जा रहा था। शनिवार की आधी रात को वह कौड़ीराम चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस बैरिकेट के पास ट्रक के रूकते ही पुलिस के जवान उस पर टूट पड़े। ड्राइवर को ट्रक से नीचे खींचकर पुलिस ने बेतों से उसकी बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। इस घटना की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद है।वाहन चालक मनोज पुलिस से गिड़गिड़ाते रहम की भीख मांगता रहा। लेकिन वर्दी के नशे में चूर पुलिस वालों ने उस पर रहम दिखाने के बजाय उसे ट्रक सहित थाने भेज दिया। थाने में पर उसे हवालात में डाल दिया गया। रविवार की शाम पुलिस ने मनोज को शान्ति भंग की धारा में एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां पर एक अधिवक्ता द्वारा जमानती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने के बाद भी उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# तिलक समारोह से दो वर्षीय बच्ची को लेकर आरोपी हुआ फरार

**सूचना मिलते ही खोराबार पुलिस नेमात्र तीन घंटे की कार्रवाई में बच्ची को किया बरामद**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खोराबार , गोरखपुर। तिलक समारोह से बच्ची को लेकर फरार हुआ युवक बीती रात एक तिलक समारोह में से एक युवक एक बच्ची को खेलाने के बहाने गोद मे लिया और उसके बाद बच्ची को लेकर फरार हो गया । काफी खोजबीन के बाद जब परिजनों को बच्ची नही मिली तो घटना की सूचना पुलिस को दिया ।

सूचना पाकर सक्रिय हुई खोराबार पुलिस देर रात में बच्ची को बरामद करके युवक को हिरासत में ले ली । पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके अभियुक्त को न्यायालय में पेश की जहा से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया । घटना थाना क्षेत्र के रामनगर कडजहा का है ।मिली जानकारी के अनुसार खोराबार थाना क्षेत्र के रामनगर कडजहा कोड़ाती टोला निवासी रमाकांत पाल पुत्र स्व पूजन सोमवार की।रात अपने नातिन शान्तवी पुत्री पिंटू पाल को साथ मे लेकर गाँव के रहने वाले धनई प्रजाति के घर पर आयोजित तिलक समारोह में गाना बजाने के लिए गए हुए थे । आरोप है कि रात्रि करीब 8:30 बजे रामनगर कडजहा लाल जी टोला निवासी आकाश साहनी उर्फ कनवा पुत्र विश्वनाथ साहनी बच्ची को खेलाने के लिए अपने गोद मे ले लिया और कही लेकर चला गया । आरोप है कि काफी खोजबीन किया गया लेकिन युवक मिला नही । घटना की सूचना पीड़ित ने थाना प्रभारी खोराबार इत्यानन्द पांडेय को दिया । घटना की सूचना प४कर सक्रिय हुई पुलिस सोमवार की देर रात घटना के तीन घंटे के अंदर बच्ची को युवक के कब्जे से बरामद करके युवक को हिरासत में लिया ।पुलिस रमाकांत पाल के तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ वीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज करके हिरासत में लिए गए युवक को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया ।

# जिले में दो सौ मॉडल सीआई वीएचएसएनडी व यूएचएसएनडी सत्र स्थल तैयार करने की पहल

**जिला स्वास्थ्य समिति से जुड़ी कार्यकारी समिति की बैठक में सीएमओ ने दिये निर्देश**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। जिले भर में सीआई ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस-शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस (सीआई वीएचएसएनडी-यूएचएसएनडी) सत्रों के करीब दो सौ मॉडल तैयार किये जाएंगे। इसके पीछे उद्देश्य है कि बाकी सत्रों के आयोजन में भी उनसे सीख ली जाए और पूरे जनपद में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। जिला स्वास्थ्य समिति से जुड़ी कार्यकारी समिति की बैठक में सीएमओ डॉ राजेश झा ने जनपद के सभी संबंधित अधिकारियों को इसके लिए तैयारी करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि सभी ब्लॉक में दस दस और शहरी क्षेत्र में भी दस मॉडल सत्र स्थल तैयार करने हैं। सोमवार को हुई इस बैठक में जिले में चल रहे सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों और सीएचसी पीएचसी की स्थिति एवं दी जा रही सेवाओं की भी समीक्षा की गई।सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि मॉडल सत्र स्थल पर मानकों के अनुसार सभी सेवाओं, दवाओं, उपकरणों, पर्यवेक्षण आदि की गुणवत्तापूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। सत्र को मॉडल घोषित करने से पहले ब्लॉक स्तरीय और जिला स्तरीय समितियां मूल्यांकन करेंगी। आवश्यकतानुसार क्षमता संवर्धन भी किये जाएंगे। इस कार्य में सहयोगी संस्थाओं की भी मदद ली जाएगी।डॉ झा ने बताया कि सीआई वीएचएसएनडी और यूएचएसएनडी सत्र, समुदाय के सबसे नजदीक होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में एक हजार की आबादी पर, जबकि शहरी क्षेत्रों में ढाई हजार की आबादी पर इनका आयोजन होता है। प्रत्येक बुधवार और शनिवार को आयोजित इन सत्र स्थलों पर योग्य दंपति, गर्भवती, शून्य से चौरासी माह तक के बच्चों और उनके अभिभावकों तथा धात्री महिलाओं एवं किशोर किशोरियों को स्वास्थ्य सेवाएं दी जाती हैं।उन्होंने बताया कि मॉडल सत्र स्थल पर आवश्यक लॉजिस्टिक्स एवं क्रियाशील उपकरणों और आवश्यक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी। साथ ही दिशा निर्देशों के अनुसार सेवाएं दी जाएंगी।

# आईटीआई नानपारा में एडमिशन का सुनहरा मौका, 5 जून तक करें ऑनलाइन आवेदन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। जो छात्र-छात्राएं तकनीकी शिक्षा लेकर अपना भविष्य संवारना चाहते हैं, उनके लिए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नानपारा- 220 एक सुनहरा अवसर लेकर आया है। सत्र 2025-26 के लिए संस्थान में विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आगामी 5 जून 2025 निर्धारित की गई है। संस्थान के प्रधानाचार्य सुनील कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 8वीं और 10वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं, जिनकी उम्र 14 वर्ष से अधिक है, इन कोर्सेस के लिए आवेदन कर सकते हैं, जैसे दो वर्षीय कोर्सः में विद्युतकार, आरएसी, एमसीईए, आईसीटीएसएम, पेंटर जनरल एवं डीएमएम तथा एक वर्षीय कोर्स में कोपा, ड्रेस मेकिंग, फैशन डिजाइन टेक्नोलॉजी, कॉस्मेटोलॉजी, वेल्डर, प्लंबर आदि शामिल है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता और सुविधाओं को लेकर संस्थान में बेहतर माहौल है, जहां अनुभवी अनुदेशक जैसे पल्टूराम, बिजेन्द्र प्रताप मौर्य, मोहम्मद अकबर अंसारी, कु. आकांक्षा चौधरी समेत अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा छात्रों को प्रैक्टिकल और थ्योरी दोनों में दक्ष बनाया जा रहा है।

# स्थानीय नियुक्त राजश्व लेखपाल का अन्यत्र ट्रांसफर की माँग

**लोकल तहसील में राजश्व लेखपाल की नियुक्ति से आए दिन वादकारियों व अधिवक्ताओ में होती तू तू–मै मै**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। स्थानीय तहसील में लेखपालों की नियुक्ति के कारण अधिवक्ता और वादकारियों के बीच मारपीट और गाली-गलौज की घटनाएं बढ़ रही हैं। स्थानीय लेखपालों की संख्या कम होने के बावजूद उन्हें आसपास के तहसीलों में भेजने से विवाद कम हो सकते हैं और वादकारियों को न्याय मिलने में सुगमता हो सकती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लोकल लेखपाल रिस्तेदारी और राजनीति के दबाव में न्यायप्रिय काम नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए उन्होंने मुख्य राजस्व अधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकर्षित कराते हुए लोकल लेखपालों को अन्यत्र ट्रांसफर करने की मांग की है। इस मांग के पीछे के तर्क हैं कि विवाद कम होना।

स्थानीय लेखपालों को अन्य तहसीलों में भेजने से स्थानीय विवाद कम हो सकते हैं इसके अलावा न्याय मिलने में सुगमता, वादकारियों को न्याय मिलने में सुगमता हो सकती है यदि स्थानीय लेखपाल अन्य तहसीलों में भेजे जाएं तो निष्पक्ष निर्णय स्थानीय लेखपालों के अन्य तहसीलों में जाने से निष्पक्ष निर्णय लेने में मदद मिल सकती है। कोरांव तहसील मे कार्य रहे अधिवक्ता अभिषेक तिवारी का कहना है की कई राजश्व लेखपाल कई वर्षो से एक ही तहसील मे नियुक्त है जिससे मनबढ़ हो चुके है आएदिन वादकारी अधिवक्ता से झगड़ा पर आमादा होते है वही शोशल वर्कर अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ़ सहजादे का कहना है की इस संदर्भ मे प्रमुख सचिव राजश्व नियुक्ति व राजश्व परिषद लखनऊ को पत्राचार किया था लेकिन आज तक कोई कार्रवाही नहीं की गई वही दूसरी तरफ पंडित महेंद्र कुमार शुक्ला शोशल वर्कर जमुनापार ने जिलाधिकारी प्रयागराज मुख्य राजश्व अधिकारी का ध्यान आकृस्ट कराते हुए लोकल तहसील मे नियुक्त राजश्व लेखपाल को अन्य तहसील मे भेजे जाने की माँग की है। इस सम्बन्ध में राम बहादुर सिंह अध्यक्ष बार एसोसिएशन तहसील कोरांव प्रयागराज ने बताया कि हाल ही मे एक अधिवक्ता व एक वादकारी के साथ तू तू मै मै झगड़ा आमादा राजश्व लेखपाल द्वारा हुआ है जो ठीक नहीं है लोकल लेखपाल जो लोकल तहसील मे नियुक्त है इसी कारण आएदिन विवाद होता है ऐसे राजश्व लेखपाल को अन्यत्र तहसील मे भेजा जाय जिससे विवाद समाप्त हो इस मामले मे मुख्य राजश्व अधिकारी प्रयागराज के सियुजी नंबर पर संपर्क किया गया लेकिन फोन कवरेज एरिया के बाहर बताया।

इस सम्बन्ध में प्रमोद मिश्र समाज सेवी ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल को लोकल तहसील से अन्यत्र तहसील भेजा जाय अन्यथा की स्थिति मे विवाद दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है यदि समय रहते हुए संज्ञान नहीं लिया गया तो जल्द ही आंदोलन किया जायेगा।

# नालों की सफाई में सख्ती 7600 रुपये के हुए चालान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम ने शहर की स्वच्छता और जलभराव की समस्या से निपटने के लिए बुधवार को जोन-4, जोन-7 और बैकुंठधाम में गहन निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार ने नालों और नालियों की सफाई का जायजा लिया साथ ही गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की। इस दौरान 7600 रुपये के चालान काटे गए। नगर आयुक्त ने फन मॉल के समीप नाले की सफाई कार्य की प्रगति देखी और सिल्ट को 24 घंटे में हटाने के निर्देश दिए है। कठौता चौराहे से आईजीपी रोड तक सड़क के बीच बने नाले और उससे जुड़ी छोटी नालियों की सफाई के लिए जेडएसओ को ताकीद की गई। उन्होंने नाले के बाहर पड़ी सिल्ट और हॉर्टिकल्चर कचरे को तत्काल हटाने का आदेश दिया ताकि बारिश से पहले जलभराव की समस्या न हो। इसके अलावा लोहिया अस्पताल के पास सड़क के बीच बने नाले की स्थिति खराब पाई गई। कई दुकानदारों और ठेले वालों द्वारा नालियों में कचरा डालने पर नगर आयुक्त ने त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इसके तहत बॉम्बे पाव-भाजी पर 2000 रुपये, वाहिद बिरयानी पर 5000 रुपये और पांच ठेले वालों पर कुल 1600 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ज़ोन 7 में नगर आयुक्त ने नियमित मॉनिटरिंग और सफाई कार्य में लापरवाही न बरतने के सख़्त निर्देश दिए हैं। बैकुंठधाम में नए हरित शवदाह गृह का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने और विद्युत शवदाह गृह की बंद मशीन को शीघ्र चालू करने के लिए अधिकारियों को फटकार भी लगाई। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि स्वच्छता नगर निगम की प्राथमिकता है और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से नालियों में कचरा न डालने और स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की है। इस अभियान में अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, चीफ इंजीनियर महेश वर्मा और मनोज प्रभात समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# सड़कों पर भरा गंदा पानी लोगों का निकलना मुश्किल

**पार्षद राम नरेश की पांच सौ मीटर पक्के नाले के निर्माण हेतु लगाई विधायक,महापौर व नगर आयुक्त से गुहार**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड 18 आजाद नगर कालोनी में पक्की सड़क नाली है परंतु घरों का पानी पक्की सड़कों पर 24 घंटे बिना बारिश के ही भरा रहता है बच्चे स्कूल नहीं जा पाते बूढ़े अस्पताल नहीं जा पाते है। लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है घरों में लोग बीमार रहते हैं भोजन करते समय दुर्गंध आती है करीब एक हजार घर इस समस्या से पीड़ित और ग्रसित है इसके साथ ही इस भीषण गर्मी में इस गंदे पानी के जल भराव से संचारी रोगों के फैलाने का खतरा भी बना हुआ है। बुधवार को यहां से पार्षद एडवोकेट राम नरेश रावत ने बस्ती के लोगों के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर यंहा के निवासियों का दर्द समझा। लोगों के आंखों में आंसू के साथ एक उम्मीद भी है कि सभी लोगों के सहयोग से सरकार से नाला स्वीकृत हो जाये जिससे यंहा के निवासियों की समस्या का निदान हो सके। पार्षद द्वारा इस संबंध में सरोजनीनगर विधायक, महापौर लखनऊ व नगर आयुक्त लखनऊ को इस समस्या से लिखित रूप से अवगत कराते हुये निवेदन किया गया कि उनके इस वार्ड में जलनिकास के लिए आजाद नगर कालोनी में मंगल पांडे पार्क से अमर नाथ यादव के घर होकर सुखरानी क्लीनिक नाले तक सीसी नाला का बजट देकर नाला नाला निर्माण कराया जाये जिससे इस वार्ड की जनता को इस समस्या से मुक्ति मिल सके।

# ललित कुमार गौतम बने जिलाध्यक्ष प्रशांत सक्सेना महामंत्री



**जिला ग्राम विकास अधिकारी संघ लखनऊ संघ की कार्यकारिणी का हुआ गठन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। विकास भवन के लोहिया सभागार में जिला ग्राम विकास अधिकारी संघ जिला लखनऊ कार्यकारिणी गणन के लिए मुख्य चुनाव निर्वाचन अधिकारी रिटायर्ड एडीओ आईएसबी शिव मूर्ति बाजपेई,सहायक निर्वाचन अधिकारी के के गौतम एडीओ आईएसबी मलिहाबाद,सहायक निर्वाचन अधिकारी रिटायर्ड ग्राम विकास अधिकारी राम कुमार मौर्य सहित निर्वाचक मंडल की अध्यक्षता में अधिवेशन का शुभारंभ पूर्व अध्यक्ष आलोक चौधरी ने किया।तत्पश्चात प्रत्याशियों का नॉमिनेशन की घोषणा की गई नॉमिनेशन के उपरांत सभी प्रत्याशियों का मतदाताओं से परिचय उद्बोधन कराया गया। समय का ध्यान रखते हुए सभी प्रत्याशियों ने अपने अपने एजेंडा पर बात रखी तदुपरांत मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान प्रक्रिया आरंभ की मतदान के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिलाध्यक्ष और प्रान्तीय प्रतिनिधि पद पर चुनाव हुआ और महामंत्री पद पर एक ही नॉमिनेशन होने से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया।जिलाध्यक्ष पद पर ललित कुमार गौतम ग्राम विकास अधिकारी काकोरी ने 24में14 मत पाकर विजयी हुए वहीं प्रान्तीय प्रतिनिधि पद पर एडीओ आईएसबी सरोजनीनगर दीपक चौधरी 24 में16 मत पाकर विजयी हुए महामंत्री पद पर प्रशांत सक्सेना निर्विरोध निर्वाचित हुए।उपस्थित सभी कर्मचारियों अधिकारियों ने विजयी प्रत्याशियों को माल्यार्पण कर बधाई दी।सभी विजयी प्रत्याशियों ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि हम सब सदैव आप लोगों के सम्मान में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहकर सहयोग करेंगे।

# टाटा नॉटेड फ़ेन्स किसानों को खेती की सुरक्षा का नया समाधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोसाईगंज गंगागंज, सुल्तानपुर रोड पर राईन ट्रेडर्स द्वारा आयोजित किसान संगोष्ठी में टाटा के उत्पादों, विशेष रूप से टाटा नॉटेड फ़ेन्स, चैन लिंक, कंटेदार तार, जीआई टाटा स्तंभ और बाइंडिंग वायर की विशेषताओं और उपयोगिता पर चर्चा की गई। टाटा के बिजनेस मैनेजर शिवम कपूर, इंटरनेशनल मैनेजर रोहित खरे, टेरिटरी मैनेजर राघवेंद्र तिवारी, और राईन ट्रेडर्स के प्रोपराइटर रहमान राईन व फुरकान राईन ने किसानों को इन उत्पादों की जानकारी दी।

शिवम कपूर ने बताया कि टाटा नॉटेड फ़ेन्स उच्च गुणवत्ता वाले गैल्वनाइज्ड आयरन तार और टाशील-1000 कोटिंग के साथ जंग-रोधी और टिकाऊ है, जो कठिन मौसम में भी लंबे समय तक चलता है। इसके लचीले और प्रभाव-प्रतिरोधी नॉट्स रखरखाव लागत को कम करते हैं। कम पोल्स और हल्के डिज़ाइन से इसे आसानी से स्थापित किया जा सकता है। यह खेती, पशु सुरक्षा और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए आदर्श है, जो जानवरों और मौसम से सुरक्षा प्रदान करता है। चैन लिंक, कंटेदार तार और जीआई स्तंभ भी उच्च गुणवत्ता वाले हैं, जो लागत प्रभावी और बहुमुखी समाधान प्रदान करते हैं।कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, श्रीकांत वर्मा, उमेश विश्वकर्मा, अमजद अली, मोहम्मद मेराज, मोहम्मद आमिर, मुन्ना राईन, मो. हसीन, राजकुमार यादव, मुकर्रम खान, मो. रिजवान, इखलाक अहमद, कल्लू, लक्ष्मण प्रसाद सहित कई किसान उपस्थित रहे। यह आयोजन खेती को सुरक्षित और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।



**गंगागंज में किसान संगोष्ठी: टाटा के उत्पादों की दी गई जानकारी**

**पर्यावरण और खेती की रक्षा के लिए टाटा नॉटेड फ़ेन्स की अनूठी विशेषताएं**

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत परिजनों द्वारा पड़ोसी पर हत्या का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर लखनऊ । सरोजनीनगर के चिल्लांवा क्षेत्र के आजाद नगर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। परिजनों ने पड़ोसी द्वारा हत्या किये जाने की तहरीर दी है। सूचना पर पहुंची सरोजनीनगर पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अर्पित यादव निवासी आजाद नगर 20 मई की शाम अपने प्लॉट पर गायों का चारा पानी करने गया था जहां से वह अचानक लापता हो गया। शाम लगभग पौने आठ बजे अर्पित के फूफा ने परिवार को सूचना दी कि अर्पित पड़ोसी छोटू मौर्य के घर पर बेहोशी की हालत में पड़ा है जानकारी पर अर्पित का बड़ा भाई मुलायम सिंह यादव मौके पर पहुंचा तो उसका भाई चारपाई पर अचेत अवस्था में पड़ा था परिजन तुरंत अर्पित को लेकर लोकबंधु अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया उसकी मौत करीब दो घंटे पहले ही हो चुकी थी। परिजन जब लोकबन्धु चिकित्सालय से वापस लौटे तो छोटू मौर्य और उसके परिवार के सभी सदस्य वहां से फरार हो गये थे। मृतक के भाई मुलायम सिंह यादव ने सरोजनी नगर थाने में लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया कि छोटू मौर्य, उसकी पत्नी और अन्य पारिवारिक सदस्यों ने मिलकर अर्पित की हत्या कर दी है।

मामले की गंभीरता को देखते हुये एफआईआर दर्ज कर पुलिस द्वारा विवेचना की जा रही है। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच की रही है जांच के निष्कर्ष के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**यह नया भारत है दुश्मन को घर में घुसकर मारता है: योगेश शुक्ला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी लखनऊ । पहलगाम हमले के बाद आक्रोशित भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी सीमा में घुसकर आतंकवादियों के ठिकाने तहस नहस कर डाले थे। संपूर्ण भारत देश की इस स्ट्राइक से गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इसी क्रम में भारतीय सेना को कृतज्ञता ज्ञापित करने के उद्देश्य से भाजपाईयों ने विधायक योगेश शुक्ला के नेतृत्व में व जिलाध्यक्ष विजय मौर्य की उपस्थिति में एयरफोर्स रोड से बड़ी बाजार बीकेटी स्थित अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा तक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। हजारों की संख्या में उपस्थित जनता ने भारत माता की जय भारतीय सेना जिंदाबाद जैसे नारों का शंखनाद किया। इस मौके पर विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि संपूर्ण विश्व भारतीय सेना की इस कार्रवाई से आश्चर्य चकित है। हमारे देश के खिलाफ किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई का जवाब मजबूत तरीके से दिया जाएगा। आज पूरा विश्व देख रहा है कि यह भारत मजबूत इच्छाशक्ति से लैस है। हमारी सेनाएं विश्व की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में एक हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश नित नई ऊंचाइयों को छूने को बेताब है। श्री शुक्ला ने कहा कि आतंकियों ने धर्म पूछकर निहत्थे पर्यटकों को मारा था और कहा था मोदी को बता देना, आज भारतीय सेना ने बता दिया कि ऐसी किसी भी आतंकी गतिविधियों का मुंहतोड़ जवाब देने में भारतीय सेना पूरी तरह सक्षम है। इस तिरंगा यात्रा में तमाम प्रधान, समाजसेवी बब्बू पांडे, संजेश सिंह, भाजपा नेत्री मनीषा सिंह, समस्त मंडल अध्यक्ष, व्यापार मंडल सरंक्षक रामनरेश सिंह सहित तमाम भाजपाई सहित भारी संख्या में जनता जनार्दन की उपस्थिति देखने को मिली।

# दलित परिवार पर हमला, बेटी से अभद्रता के बाद परिजनों को बेरहमी से पीटा, मामला दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नगराम , लखनऊ । थाना क्षेत्र के भौरा खुर्द गांव में एक दलित परिवार के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। पीड़ित ओम प्रकाश दिवाकर ने नगराम थाने में दी गई तहरीर में बताया कि बीते मंगलवार की रात लगभग 9 बजे उनकी नाबालिग बेटी जब घर के पास ही टहल रही थी, तभी गांव के ही व्यक्ति 'सत्तार' ने बेटी से अश्लील हरकत करने की कोशिश की। जब बेटी ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने जातिसूचक गालियां दीं और यह कहकर धमकाया कि 'तुम क्या कर लोगे, तुम्हारी औकात नहीं है। घटना की जानकारी जब ओम प्रकाश को हुई तो वे मौके पर पहुंचे। उसी समय सत्तार ने अपने बेटे तथा अन्य लोगों के साथ मिलकर हमला कर दिया। हमलावरों ने ओम प्रकाश की पत्नी, 55 वर्षीय मां हीरामती और पुत्र को भी बुरी तरह पीटा। पीड़ित की माँ हीरामती को इतनी बुरी तरह मारा गया कि वह बेहोश हो गईं।

घटना की सूचना पुलिस को देने के लिए 112 नंबर पर कई बार कॉल की गई, लेकिन कोई भी सहायता नहीं मिली। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने पहले रिपोर्ट दर्ज करने में भी हीलाहवाली की।

आखिरकार 21 मई को पुलिस ने मामला दर्ज किया।पुलिस ने एससी एसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़ित ने मांग की है कि हमलावरों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, हत्या की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज।लखनऊ,मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के हुलास खेड़ा गांव में मंगलवार रात एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान 25 वर्षीय मुस्कान के रूप में हुई है। मामला पहले बाइक दुर्घटना का बताया गया, लेकिन मौके की स्थिति और शरीर पर मिले गहरे घावों को देखते हुए पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने मृतका के पति आरिफ और एक अन्य युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक रात करीब 10 बजे हुलास खेड़ा नहर के पास बाइक दुर्घटना की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को नहर किनारे महिला का शव मिला, जबकि उसका पति आरिफ पास ही घायल अवस्था में लेटा हुआ मिला। आरिफ ने पुलिस को बताया कि किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ।हालांकि, जब पुलिस ने महिला के शव की जांच की, तो उसके पेट में धारदार हथियार से किए गए गहरे घाव पाए गए, जिससे दुर्घटना की कहानी पर संदेह गहराने लगा। इसके बाद पुलिस ने आरिफ को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक पूछताछ और जांच में कुछ और तथ्यों के सामने आने पर पुलिस ने महिला के घर में किराये पर रहने वाले एक युवक को भी हिरासत में लिया है।

इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि शुरुआत में मामला एक्सीडेंट का लग रहा था, लेकिन घटनास्थल की स्थिति और महिला की बॉडी पर मिले निशानों ने हत्या की आशंका को मजबूत किया है। उन्होंने बताया कि महिला के मायके जालौन में सूचना दे दी गई है और परिजनों की तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया जाएगा।जानकारी के अनुसार, मृतका मुस्कान आरिफ की दूसरी पत्नी थी। दंपती के बीच घरेलू संबंधों को लेकर कुछ समय से तनाव की स्थिति भी बताई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और हिरासत में लिए गए दोनों व्यक्तियों से गहन पूछताछ की जा रही है। यह मामला एक सामान्य दुर्घटना है या सुनियोजित हत्या—इसका खुलासा जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगा।

# चिनहट में गरजा एलडीए का बुलडोजर 35 बीघा अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बुधवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ अपनी सख्त कार्रवाई जारी रखते हुए चिनहट और गोमती नगर विस्तार में बड़ी कार्रवाई की है। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने चिनहट के अनौरा कला में लगभग 35 बीघा क्षेत्र में फैली तीन अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही गोमती नगर विस्तार में एक अवैध चार मंजिला इमारत को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि चिनहट के अयोध्या रोड पर अनौरा कला में तीन डेवलपर्स द्वारा प्राधिकरण से बिना मानचित्र पास कराए अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। पहली कॉलोनी, सलमान खान व अन्य द्वारा 'द्वारका इन्क्लेव' के नाम से 10,000 वर्गमीटर में विकसित की जा रही थी। दूसरी कॉलोनी मोहित जसवानी व अन्य द्वारा 26,000 वर्गमीटर में और तीसरी शेखर सिंह व अन्य द्वारा 52,000 वर्गमीटर में बनाई जा रही थी। इन सभी के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया था। एलडीए की प्रवर्तन टीम ने प्राधिकरण पुलिस और स्थानीय थाने के सहयोग से कार्रवाई करते हुए इन कॉलोनियों में बनाई गई सड़कों, नालियों, बाउंड्रीवॉल और साइट ऑफिस को बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया। वहीं प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1 में प्रवीन त्रिवेदी, पूर्णिमा त्रिवेदी व अन्य द्वारा भूखंड संख्या 1/967 और 1/966ए पर 210 वर्गमीटर क्षेत्र में अवैध रूप से चार मंजिला भवन का निर्माण किया जा रहा था। विहित न्यायालय के आदेश पर इस निर्माणाधीन भवन को सील कर दिया गया। एलडीए की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि शहर में अनधिकृत निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# संस्कृतः सभी भाषाओं और संस्कारों की जननी : आशुतोष द्विवेदी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर।उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा संचालित ऑनलाइन संस्कृत भाषा शिक्षण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अंतर्गत एक प्रेरणास्पद सत्र का आयोजन निदेशक विनय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस सत्र का शुभारंभ पारंपरिक गुरुकुल शैली में हुआ, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसे प्रशिक्षिका विधि ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात संस्थान गीतिका सोनिया घोषाल एवं स्वागत गीत पल्लवी द्वारा प्रस्तुत किए गए, जिससे वातावरण संस्कृतमय एवं प्रेरणादायक बन गया।मुख्य अतिथि के रूप में पधारे फर्रुखाबाद के जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में संस्कृत भाषा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा,संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यह सभी भाषाओं एवं संस्कारों की जननी है। हमें गर्व होना चाहिए कि हम ऐसी समृद्ध परंपरा के वाहक हैं।'' उन्होंने प्रश्न उठाया कि जब हमारी संस्कृति इतनी समृद्ध और आत्मनिर्भर है, तो हम पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण क्यों करें?उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि संस्कृत का ज्ञान हमारे जीवन को पूर्णता प्रदान करता है। सरलता, स्वाभाविकता और नियमित अभ्यास के साथ संस्कृत बोलना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है। उन्होंने संस्कृत के रोजगारपरक पक्ष पर भी बल देते हुए कहा कि संस्कृत केवल परंपरा की भाषा नहीं, बल्कि आजीविका का माध्यम भी बन सकती है, अतः युवाओं को इसके प्रचार-प्रसार एवं अध्ययन हेतु आगे आना चाहिए।कार्यक्रम समन्वयक धीरज मैठाणी ने अपने प्रस्ताविक भाषण में संस्थान की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य वक्ता का परिचय अंशू गुप्ता द्वारा दिया गया, जबकि सत्र का संचालन प्रशिक्षिका दीपिका मिश्रा ने सफलतापूर्वक किया।कक्षा से जुड़े प्रशिक्षुओं शाशांक और कीर्ति ने अपने अनुभव साझा किए, वहीं आदर्श ने प्रेरणादायक सुभाषित प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव सहित प्रशासनिक अधिकारी जगदानंद झा, योजना प्रमुख भगवान सिंह, प्रशिक्षण प्रमुख सुधिष्ठ मिश्र, दिव्यरंजन, राधा शर्मा, एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।धन्यवाद ज्ञापन प्रशिक्षक सत्यप्रकाश मिश्र द्वारा किया गया।शांति मंत्र का उच्चारण प्रशिक्षक रजनीश तिवारी ने किया एवं तकनीकी सहयोग प्रशिक्षक अमित कुमार द्वारा प्रदान किया गया।यह सत्र न केवल शिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं के लिए प्रेरणास्रोत बना, बल्कि यह संदेश भी लेकर आया कि संस्कृत के बिना भारत की कल्पना अधूरी है और इसके संरक्षण एवं संवर्धन में प्रत्येक भारतीय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# पांच वांछित वारण्टी गिरफ्तार

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण थाना पिसावां, तंबौर, महमूदाबाद की पुलिस टीमों द्वारा मा. न्यायालय में प्रचलित वाद/थाने पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित कुल 05 वांछित/वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया है। विवरण निम्नवत है-थाना पिसावां पुलिस द्वारा 15 वर्षो से फरार/पलायित चल रहा हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार- थाना पिसावां पुलिस टीम द्वारा लगातार 15 वर्षो से फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर संतोष कहार पुत्र बनवारी कहार नि0 ग्राम ढरकुआ थाना पिसावां जनपद सीतापुर को भकुराहा पुल के पहले रोड के किनारे से गिरफ्तार किया गया जो थाना हाजा के मु0अ0सं0 468/2009 धारा 147/148/149/307/379/411 भा.द.वि. में वाछित चल रहा था। जिसके विरूद्ध माननीय न्यायालय ए.एस.जे-4/ई.सी.महोदय सीतापुर द्वारा वारण्ट/कुर्की मय 82/83 दं0प्र0सं0 का वारण्ट जारी हुआ था। जिसके क्रम में उक्त अपराधी संतोष कहार उपरोक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# 100 गांवों में दो दिन से बिजली गुल, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## प्रशासन के आश्वासन के बाद भी बहाल नहीं हो सकी आपूर्ति, जनजीवन पूरी तरह प्रभावित

सीतापुर। जनपद के कनवाखेड़ा नवीन चौक बिजली फीडर मधवापुर कटीली से जुड़े करीब 100 गांवों में बीते दो दिनों से बिजली आपूर्ति ठप पड़ी है, जिससे क्षेत्र में हाहाकार मच गया है। गर्मी और अंधेरे से परेशान उपभोक्ताओं का सब्र टूट गया और सोमवार रात करीब 9:00 बजे उन्होंने कनवाखेड़ा फीडर पहुंचकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।स्थिति को संभालने के लिए मौके पर अवर अभियंता अतुल कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार विनोद त्रिपाठी और कोतवाली देहात से इंस्पेक्टर विनोद गौतम पहुंचे। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को 4 घंटे में बिजली आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया। लेकिन आश्वासन के 24 घंटे बाद भी गांवों में बिजली नहीं पहुंच सकी है।बिजली न होने से ग्रामीणों के सामने गंभीर समस्याएं खड़ी हो गई हैं। क्षेत्र की सभी दुकानें बंद पड़ी हैं, जिससे व्यापार प्रभावित हुआ है। वहीं, रोजगार, सिंचाई, जल आपूर्ति और बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो गई है।प्रभावित क्षेत्रों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है,ग्रामीणों ने बताया कि इस भीषण गर्मी में बिजली न होना अत्यंत कष्टदायक है। प्रशासन केवल आश्वासन दे रहा है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिख रही। लोग अब आंदोलन तेज करने की चेतावनी दे रहे हैं।ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि तत्काल फीडर की खराबी दूर कर बिजली आपूर्ति बहाल की जाए, अन्यथा हम सब प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। जहांगीराबाद क्षेत्र में सोमवार रात 9:20 बजे साण्डा से जहांगीराबाद को आई बिजली लाइन में फाल्ट होने के बाद बिजली गुल हो गई थी जो बुधवार को पौने तीन बजे केवल 20 मिनट के लिए आई फिर रोस्टिंग हो गई है। लोगों को उम्मीद है कि फाल्ट सही हो गया है तो रोस्टिंग के बाद रात में सुचारू रूप से सप्लाई मिलेगी।

मंगलवार को बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का फोन नहीं उठा जिससे कई उपभोक्ताओं को मजबूरी में स्वयं पावर सब स्टेशन साण्डा जाना पड़ा।

# निराश्रित बच्चों के जीवन में बदलाव लाएगा 'साथी अभियान'

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीतापुर द्वारा जनपद में एक अभूतपूर्व एवं सराहनीय पहल करते हुए 'साथी अभियान' का शुभारंभ किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य उन निराश्रित, अनाथ, परित्यक्त तथा सामाजिक-सुरक्षा से वंचित बच्चों की पहचान करना है, जो जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित हैं और किसी भी प्रकार की सरकारी योजना, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा या पुनर्वास कार्यक्रम का लाभ नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं। इस अभियान के माध्यम से ऐसे बच्चों को चिन्हित कर उन्हें आधार कार्ड से जोड़ा जाएगा, उनकी डिजिटल मैपिंग की जाएगी तथा उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आश्रय और संरक्षण जैसे आवश्यक अधिकारों से युक्त करने हेतु विभिन्न विभागों के समन्वय से तत्कालिक और दीर्घकालिक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। इस अभियान की जानकारी देते हुए माननीय श्री कुलदीप सक्सेना, जिला जज एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीतापुर ने बताया कि यह प्रयास राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की गाइडलाइनों के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति के वंचित बच्चों तक न्याय, सुरक्षा एवं विकास की रोशनी पहुँचाना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु जनपद स्तर पर एक सशक्त एवं बहुविभागीय समिति का गठन किया गया है, जिसकी अध्यक्षता अपर जिला जज श्री नरेंद्र नाथ त्रिपाठी द्वारा की जा रही है। समिति में विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, जिला प्रोबेशन अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, विशेष किशोर पुलिस इकाई के नोडल अधिकारी (अपर पुलिस अधीक्षक), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त तहसीलदार, पैनल लॉयर एवं पैरा लीगल वालंटियर्स (पी.एल.वी.) को शामिल किया गया है।

# ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया में बदलाव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। परिवहन विभाग द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया गया है। आगामी 27 मई, 2025 से जनपद सीतापुर में स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए शासन द्वारा अधिकृत किये गये मेसर्स दीपक इन्फोटेक द्वारा संचाललित प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र (ए0डी0टी0सी0) एक माह का प्रशिक्षण लेना होगा । वरिष्ठ एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी ने बताया कि परिवहन आयुक्त महोदय, उ0प्र0 लखनऊ के कार्यालय आदेश संख्या-1049स0सु0/2025-08स0सु0 2018 दिनांक - 13 मई, 2025 के माध्यम से सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत सड़क हादसों में कमी लाने के लिए इस प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। शासन द्वारा अधिकृत किय गये मेसर्स दीपक इन्फोटेक द्वारा संचालित प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा ए0डी0टी0सी0, अर्जुनपुर खैराबाद में बनाया गया है, जिसका 01 फरवरी, 2025 को एआरटीओ (प्रशासन) द्वारा निरीक्षण कर तैयारियों को पूरा करने के निर्देश पूर्व में ही दिये गये थे। शासन द्वारा निर्धारित किये गये मानकों के पूर्ण होने के बाद आगामी 27 मई, 2025 को एडीटीसी सेन्टर का शुभारम्भ सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन (आरटीओ) लखनऊ संजय तिवारी द्वारा किया जायेगा। इसके साथ ही एआरटीओ कार्यालय सीतापुर में चल रही स्थायी ड्राइविंग लाइसेंसो की दशको पुरानी मैनुअल टेस्ट व्यवस्था पूर्णतः समाप्त हो जायेगी ।

एआरटीओ ने बताया कि प्रत्येक दिवस स्थायी लाइसेंस के लिए तीन चरणों में 48-48 स्लॉट के जरिए 144 स्थायी लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था है। 27 मई, 2025 से ए0डी0टी0सी0 से ड्राइविंग टेस्ट प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले आवेदक ही स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस के पात्र होंगे।

## नवीन टेस्ट प्रक्रिया

शासन द्वारा बदली गयी नवीन व्यवस्था के तहत अब हल्के वाहनों के लिए स्थायी लाइसेंस के लिए 4 हफ्तो में 29 घण्टे की ड्राइविंग ट्रेनिंग लेना जरूरी होगा, जिसके अन्तर्गत 08 घण्टे लिखित व 21 घण्टे सेमुलेटर तथा ट्रैक पर ड्राइविंग का प्रशिक्षण ड्राइविंग ट्रेनरो द्वारा दिया जायेगा। जिसके आवेदक को 06 हजार रूपये का भुगतान करना होगा। ट्रेनिंग सेन्टर में कुल 10 प्रकार की ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिनमें फायर हेजार्ड ट्रेनिंग के लिए 05 सौ रूपये, नाईट हिल ड्राइविंग के लिए 01 हजार रूपये, रोड एक्सीडेंट एण्ड प्रदूषण पर्यावरण के लिए 05 सौ रूपये, ड्राइविंग ट्रेनर के लिए 10 हजार रूपये तथा हैवी मोटर ड्राइविंग के लिए 10 हजार रूपये निर्धारित किये गये हैं। शासन द्वारा अधिकृत इस सेन्टर से ट्रेनिंग प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले आवेदकों को एआरटीओ कार्यालय में ड्राइविंग टेस्ट नही देना होगा ।

## कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का किया गया आयोजन

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मई माह के किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 21.05.2025 को जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में कृषि उत्पादन से सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगणों के साथ ही किसान एवं किसान यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। किसान दिवस में किसानों को धान की सीधी बिजाई (डी0एस0आर0) का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डा0 रवि गोपाल सिंह (पूर्व निदेशक साबौर कृषि विश्वविद्यालय, साबौर-बिहार) द्वारा धान की सीधी बिजाई (डी0एस0आर0), पद्धति से धान की बुआई एवं प्रबन्धन के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त डा0 रवि गोपाल सिंह द्वारा यह भी बताया गया कि खेत की बार-बार गहरी जुताई करने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति में कमी होने लगती है। सीधी बुआई करने से खेत की बार-बार जुताई नहीं करनी पडती है, जिससे किसान भाई फसल उत्पादन में लागत एवं समय की बचत कर सकते है। उप कृषि निदेशक द्वारा किसान भाइयों से धान की खेती में डी0एस0आर0 पद्धति को अपनाने की अपील करते हुए कहा गया कि कुछ सावधानियों जैसे बीज की समय से एवं उचित गहराई पर बुवाई एवं उचित खरपतवार प्रबंधन को अपनाते हुए धान की सीधी बुवाई द्वारा रोपण विधि से कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में खाली पडे खेतों की जुताई कर दे, जिससे कि भूमि में उपस्थित हानिकारक कीटों/फंगस के लार्वा, अण्डे इत्यादि गर्मी के प्रभाव से नष्ट हो जाये तथा उनका प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसान भाईयों से वर्तमान में बोई गयी फसलों में उचित नमी प्रबन्धन करने की सलाह दी गयी। बैठक में जिला विकास अधिकारी, सीतापुर महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अगली बैठक से विभाग से सम्बन्धित अधिकारी स्वयं प्रतिभाग करेंगे। किसी भी प्रतिस्थानी को न भेजने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में किसानों के स्तर से कुल 09 शिकायतें प्राप्त हुई, अध्यक्ष महोदय द्वारा किसान भाईयों के स्तर से प्राप्त शिकायतों को सुना गया तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को उक्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्ता

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना फूलबेहड़ पुलिस ने आज एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना क्षेत्र में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा संख्या 253/2025 धारा 2ख(1)/3 यू.पी. गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक अवधराज सिंह सेंगर के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम अफजल हुसैन उर्फ सोनू पुत्र तफज्जुल हुसैन, निवासी ग्राम धर्मापुर थाना मझगई, उम्र 30 वर्ष तथा आशीष पुत्र नवल किशोर, निवासी ग्राम दिलावलपुरवा थाना मझगई, उम्र 25 वर्ष हैं। दोनों को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए न्यायालय भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 08 फरवरी 2024 को इन दोनों के विरुद्ध थाना फूलबेहड़ पर मुकदमा संख्या 45/24 धारा 342/419/420 भादवि में एफआईआर दर्ज की गई थी। विवेचना के दौरान इसमें धारा 384 की बढ़ोत्तरी की गई और दोषों के आधार पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की गई। उसी आधार पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मुकदमा संख्या 253/25 पंजीकृत किया गया और गिरफ्तारी की गई। अभियुक्त अफजल हुसैन उर्फ सोनू के विरुद्ध थाना निघासन में वर्ष 2021 में दो मुकदमे क्रमशः धारा 406, 504, 506 तथा 406 भादवि में दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2024 में थाना फूलबेहड़ में धोखाधड़ी, जबरन वसूली और फर्जीवाड़े के तहत धारा 342, 384, 419, 420 में एक अन्य मामला दर्ज है, तथा वर्तमान में गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। आरोपी आशीष के विरुद्ध भी थाना ईसानगर में वर्ष 2022 में धारा 406, 420 भादवि में एक मामला पंजीकृत है। इसके अतिरिक्त, वही 2024 का मुकदमा संख्या 45/24 और गैंगस्टर एक्ट का ताजा मुकदमा भी उसी पर दर्ज है। इस सफल गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक अवधराज सिंह सेंगर, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार, हेड कांस्टेबल महेश कुमार, कांस्टेबल नवीन कुमार एवं कांस्टेबल मनजीत सिंह की अहम भूमिका रही।

## उच्च रक्तचाप निशुल्क पुलिस कर्मियों की की गई जांच

**खमरिया-खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उच्च रक्तचाप दिवस के अंतर्गत चलाये जा रहे अभियान के दौरान बुधवार को सीएचसी अधीक्षक की अगुवाई में थाना खमरिया में निःशुल्क कैम्प लगाकर मौजूद पुलिस कर्मियों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया गया। साथ ही जिनका बीपी बढ़ा हुआ था, उन्हें अस्पताल भेजकर रूटीन जांच करवाने की सलाह के साथ अन्य उपाय भी बताए गये।

## समर कैंप का हुआ आयोजन

**गोला खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कुम्भी के संविलियन विद्यालय विष्णुबेहड़ में शासन की मंशा के अनुरूप 20 दिवसीय दिनांक 21मई से 10जून तकआयोजित होने वाले समर कैम्प का शुभारंभ/उदघाटन विद्यालय की इंचार्ज प्रधान अध्यापिका अनुरागिनी वर्मा एवं ,मजीद खान एड0 द्वारा किया गया।

# विधायक की अगुवाई में निकली सैकड़ों बाइकों की देशभक्ति रैली

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। देशभक्ति और राष्ट्र गौरव से ओतप्रोत माहौल में आज कस्ता विधानसभा क्षेत्र में एक विशाल बाइक रैली का आयोजन हुआ। इस रैली का नेतृत्व कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने खुद किया। बेहजम स्थित बाबा गौरी शंकर मंदिर से शुरू होकर यह रैली लखनापुर तक निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक बाइक पर सवार होकर शामिल हुए।

रैली के दौरान पूरे मार्ग पर ॢभारत माता की जय भारत जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने तिरंगा लहराते हुए पूरे उत्साह और राष्ट्रीय जोश के साथ रैली में भाग लिया। क्षेत्रीय जनता ने भी जगह-जगह पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया। विधायक सौरभ सिंह सोनू ने रैली के माध्यम से विपक्ष को जमकर घेरा। उन्होंने हाल ही में सीजफायर को लेकर विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। विधायक ने कहा कि,

ॢसीजफायर पर सवाल उठाकर विपक्ष देश की सेना के मनोबल को तोड़ने की कोशिश कर रहा है। ये न सिर्फ शर्मनाक है, बल्कि यह राष्ट्र विरोधी मानसिकता को उजागर करता है।ॣ उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और कोई भी विपक्षी दल राष्ट्र की सुरक्षा पर राजनीति न करे। विधायक ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारत हर मोर्चे पर मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि युवाओं और कार्यकर्ताओं का यह जोश बताता है कि देश के प्रति समर्पण किसी दल या व्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की भावना है। प्रशासन की निगरानी में रैली शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई और पूरे आयोजन में अनुशासन का परिचय दिया गया। रैली के समापन पर देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि भी दी गई और राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ ली गई।

# एडीएम ने किया कूलिंग प्वाइंट का निरीक्षण, दिए निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान और लू के प्रकोप से आमजन को राहत देने के उद्देश्य से प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में बुधवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने नगर पालिका परिषद लखीमपुर द्वारा रेलवे स्टेशन के समीप स्थापित कूलिंग प्वाइंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने मौके पर पहुंचकर कूलिंग प्वाइंट की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, छायादार स्थान, एयर कूलर की कार्यक्षमता तथा बैठने की सुविधा, ओआरएस की उपलब्धता जैसे बिंदुओं की विस्तार से जांच की। निर्देश दिए कि इस गर्मी के मौसम में कूलिंग प्वाइंट पर निर्बाध रूप से ठंडे पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही कूलर आदि उपकरणों को नियमित रूप से जांचा जाए ताकि आमजन को कोई असुविधा न हो। एडीएम ने कहा कि इस प्रकार के राहत केंद्र यात्रियों व राहगीरों के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। भीषण गर्मी में ऐसे स्थानों पर कुछ समय बिताकर लोग राहत महसूस करते हैं।निर्देशित किया कि शहर के अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों जैसे बस अड्डा, प्रमुख बाजार, अस्पताल आदि स्थानों पर भी इसी तरह के कूलिंग प्वाइंट स्थापित किए जाएं। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और कहा कि रेलवे स्टेशन जैसे व्यस्त स्थान पर ठंडी हवा और शीतल पेयजल की सुविधा यात्रियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। एडीएम ने आम नागरिकों से अपील की कि वे गर्मी के इस दौर में विशेष सावधानी बरतें। अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलें, हल्के व सूती वस्त्र पहनें, और खूब पानी पिएं।

# चार वर्ष पूर्व निर्माणाधीन ओवर ब्रिज का कार्य न पूरा होने से राहगीरों को परेशानी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोला खीरी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटवारा जंगल स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर 2021 से शुरू होकर अभी तक चल रहा ओवर ब्रिज निर्माण कार्य यहां पर निकलने वाले चौपहिया दुपहिया और पैदल चलने वाले राहगीरों को दर्द ए दिल का लगातार और कष्टकारी एहसास कर रहा है।

इसके बावजूद शासन प्रशासन की तरफ से यहां दर्द ए दिल की दवा की व्यवस्था नहीं की जा रही है, ओवर ब्रिज बन जाने के बाद भले ही चाहे जितनी सहूलियत हो लेकिन जब तक यह नहीं बन जाता तब तक यहां से निकालने वालों के लिए कस्टकारी साबित हो रहा है, इसमें कोई दो राय नहीं। ओवर ब्रिज के दोनों और बनी सर्विस रोड की हालत बड़ी खस्ता हो चुकी है जगह-जगह गड्ढे है उन गड्ढे में पानी भरता है इन गड्ढो में फंसकर वाहन पलट भी जाते हैं और इनमें बैठी हुई सवारियां चुटहिल हो जाती है इस सर्विस रोड से उड़ती हुई धूल लोगों का स्वास्थ्य खराब करने में जुटी हुई है। प्रतिदिन हजारों लोग यहां से निकलते हैं पता नहीं कितने लोग धूल की एलर्जी से परेशान होते होंगे।

बताते चले यह नेशनल हाईवे गोला गोकरननाथ से लखनऊ तक को जोड़ता है और पश्चिम तरफ पीलीभीत तक को जोड़ता है ऐसे में प्रतिदिन हजारों की संख्या में चौपहिया और दोपहिया वाहन निकलते रहते हैं इस मार्ग से जिला स्तरीय अधिकारी डीएम एसपी सहित अन्य अधिकारी गोला गोकर्णनाथ आते रहते हैं इसके बावजूद इस समस्या को अनदेखा किए हुए हैं ऐसी गंभीर समस्या को देखते हुए संवाददाता ने कुछ लोगों से जब बात की तो सभी ने शासन प्रशासन से एक स्वर में समस्या के समाधान करवाने की बात की। इन लोगों का कहना है कि हम लोग इस टूटी हुई सड़क से त्रस्त हो चुके हैं यहां की धूल हमारे अंदर जाती है जो हमको बीमार करने के लिए काफी है इन लोगों ने बताया कि इस सड़क में गड्ढे इतने जबरदस्त हो चुके हैं की कब कोई वाहन इन गड्ढो में फंसकर पलट जाए और किसको चुटहिल कर दे, पता नहीं। बिजोरिया निवासी महेश कुमार, परमेश्वर दीन, शिवांशु वर्मा, बेहड़ा निवासी नत्थू लाल वर्मा, सर्वेश कुमार एवं गोला गोकर्णनाथ निवासी नसीम और जीशान सहित बहुत से लोगों ने इस समस्या के समाधान के लिए शासन प्रशासन से गुहार लगाई है और इन लोगों ने कहा है की समस्या का समाधान न होने की स्थिति में हम लोगों को भारी दिक्कत है इसलिए जनहित को देखते हुए शासन प्रशासन को इस और अपना ध्यान आकर्षित जरूर करना चाहिए।

# तेज आंधी ने एक ही परिवार के दो सदस्यों की ले ली जान तीन घायल हालत गंभीर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी निघासन तहसील क्षेत्र के मझगई थाना अंतर्गत छेदुई पतिया गांव में बुधवार सुबह करीब 5 बजे तेज आंधी ने एक परिवार पर कहर बनकर टूट पड़ी। गांव के पतिया फार्म में एक दीवार गिरने से एक ही परिवार के पांच सदस्य मलबे में दब गए। इस दर्दनाक हादसे में रक्षपाल सिंह (45) और उनकी 10 वर्षीय बेटी रमन दीप कौर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार की दो महिलाएं और एक बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए।

सुबह करीब 5 बजे ग्रामीणों को हादसे की जानकारी हुई तो स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर सभी को बाहर निकाला। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने रक्षपाल सिंह और उनकी बेटी को मृत घोषित कर दिया। रक्षपाल सिंह छेदुई पतिया गांव के निवासी थे और खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। उनकी बेटी रमन दीप कौर गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच की छात्रा थी।

घायलों में रक्षपाल की दोनों पत्नियां ऽ सर्वजीत कौर (40) और सीता कौर (38) ऽ तथा 13 वर्षीय बेटा गुरप्रीत सिंह शामिल हैं। तीनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मझगई थाना प्रभारी राजू राव ने हादसे में दो लोगों की मौत की पुष्टि की है। ग्राम प्रधान इकराम ने बताया कि तेज आंधी के कारण मकान की दीवार अचानक गिर गई, जिससे यह हृदयविदारक घटना घटी। ॢग्रामीणों की मदद से घायलों को जैसे-तैसे बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया, उन्होंने बताया। वहीं दूसरी ओर, बम्हनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बौधिया कला में भी तेज आंधी ने एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। यहां के निवासी नरेंद्र कुमार उर्फ बुधई (पुत्र रामेश्वर) पर आंधी के दौरान एक जामुन का पेड़ गिर पड़ा। घटना आज सुबह की ही है। सूत्रों के अनुसार उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन में चल रहा है। तेज आंधी के चलते दो मौतें और कई घायल होने की घटनाओं ने पूरे क्षेत्र में दहशत और शोक का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय प्रशासन राहत कार्य में जुटा है और पीड़ितों को सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शुरू हुआ समर कैम्प, बच्चों ने बढ़चढ़ कर लिया भाग**

# परिषदीय विद्यालयों में समर कैम्प शुरू, बच्चों ने की खूब मौजमस्ती

### बच्चों की गतिविधियों से गर्मी भर गुलजार रहेगी विद्यालय की बगिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिले के परिषदीय इस बार गर्मियों की छुट्टी में भी गुलजार रहेंगे। बच्चों की मौजमस्ती के लिए प्राईवेट विद्यालयों की तरह ही आज जिले सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में समर कैम्प का शुभारंभ हो गया है। आज से विद्यालयों में शुरू हुए समर कैम्प में पहली बार बच्चे बिना बस्ते के ही पढ़ने के लिए विद्यालय पहुंचें और तीन घंटे तक खूब मौजमस्ती की। आज विद्यालयों में प्रातः बच्चों का रोली टीका लगाकर वेलकम कॉर्ड देकर स्वागत किया गया। इसके बाद योग के साथ ही साथ आर्ट, नृत्य, गीत संगीत व खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की। अमावां ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय जरैला में समर कैम्प का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने कक्षा आठ की छात्रा हिमांशी के साथ में रिबन काटकर किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों का टीका लगाकर और गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। बच्चों के साथ में मौजमस्ती करते हुए बीईओ ने खेल खेला और संगीत भी सुना। छात्रा हिमांशी की तरफ से बनाया गया समर कैम्प के पोस्टर की खूब तारीफ की। बच्चों की मेंहदी देकर बहुत ही प्रसन्न हुई। अभिभावकों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य पढ़ाई के साथ साथ में बच्चों को पारंपरिक लोकनृत्य और कलाओं में पारंगत किया जाए। इसके साथ ही उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को भी तराशा जाएं। उन्होंने कहा कि ब्लॉक के सभी उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। अभिभावक नियमित रूप से तीन घंटे के लिए अपने बच्चों को बिना कागज कलम के विद्यालय में भेजें। बच्चों को मौसमी फल, खीरा, ग्लूकोज, रसना, बिस्किट, मूंगफली दाना वाली नमकीन भी दी जाएगी। इस मौके पर प्रधानाध्यापक शैल कुमारी, रितु चौहान, राम गोपाल, प्रेरणा, मधु, सुनीता, रामेश्वरी, शारिक अनवर, प्रवेश यादव आदि लोग मौजूद रहे। ब्लॉक के पिण्डारी कला, हिलगी, नेवाजगंज, नरई सहित सभी विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन किया गया।

### माध्यमिक विद्यालय धौरहरा में आयोजित समर कैम्प का शुभारंभ

रोहनिया ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय धौरहरा में आयोजित समर कैम्प का शुभारंभ बीईओ डॉ. सत्य प्रकाश यादव, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार व प्रधान माता प्रसाद ने किया। बीईओ ने अभिभावकों को समर कैम्प के बारे में बताया और कहा कि बच्चे अब पूरी तरह से भयमुक्त होकर 20 दिनों तक समर कैम्प का आनंद लेंगे। छात्रा खुशी, कविता, विकास, निखिल, रविंद्र, राधिका और खुशबू ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक विकास शुक्ला, हंसराज आदि लोग मौजूद रहे।

### उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रेमराजपुर में समर कैंप का उद्घाटन

राही ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रेमराजपुर में समर कैंप का उद्घाटन प्रधान संघ के अध्यक्ष दिलीप पाल ने किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी राही बृजलाल वर्मा, प्रधानाध्यापक मीणा तिवारी, मंजू सिंह, अनुदेशक नवीन वर्मा 60 छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। नरेश सक्सेना व मल्लिका सक्सेना ने छात्रों को योगाभ्यास कराया इसके साथ ही विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन हुआ।

## पेड़ की डाल गिरने से महिला की मौत



महराजगंज,रायबरेली। चंदापुर थाना क्षेत्र के पूरे मेहरबान सिंह मजरे ज्योना की निवासिनी एक 42 वर्षीय महिला पेड़ के नीचे बैठी थी तभी अचानक पेड़ की डाल टूटकर महिला के ऊपर गिर गई परिजनो को जैसे ही जानकारी मिली आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाए जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची चंदापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चलें कि घटना आज दिन बुधवार दोपहर लगभग 2:00 बजे की है जब पूरे मेहरबान सिंह मजरे ज्योना गांव निवासिनी श्यामकली पत्नी छोटेलाल उम्र 42 वर्ष घर के पास बरगद के पेड़ के नीचे बैठी थी तभी अचानक बरगद के पेड़ की एक डाल टूटकर गिर गई और श्यामकली गंभीरावस्था में चोटहिल हो गई परिजन आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाए जहां पर चिकित्सकों ने श्यामकली को मृत घोषित कर दिया। मामले में थाना अध्यक्ष चंदापुर प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर मरीजों को किया गया फल वितरित



महराजगंज,रायबरेली। कंग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी ने बलिदान दिवस पर उन्हें याद करते हुए श्रंद्धाजलि दी। जिला सचिव अखिलेश शुक्ला ने कहा कि आधुनिक भारत की नींव रखने में राजीव गांधी का योगदान अतुलनीय है, उनकी सोच, दूरदर्शिता और देशभक्ति सदैव हमें प्रेरित करती रहेगी। इसके बाद कंग्रेसियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में जाकर फल वितरण किया। इस अवसर पर ब्लॉक उपाध्यक्ष भरत मिश्रा, प्रिन्सू वैश्य , नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल रामचंद्र सिंह, हौसला प्रसाद तिवारी, राजेश भारतीय हनुमान जायसवाल,भगवान दीन फौजी, निशांक अहमद, राज करन सिंह मौजूद रहे।

## शारदा नहर में बहता मिला अज्ञात युवक का शव

बछरावां,रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवपुरी बहादुरपुर गांव में पुलिया के पास शारदा नहर में बहता हुआ लगभग 45 वर्षीय अज्ञात युवक शव ग्रामीणों ने देखा। जिसके बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नहर से बहते हुए शव को बाहर निकलवाया और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी प्राप्त हुई है कि शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। साथ ही साथ अज्ञात व्यक्ति की उम्र लगभग 45 वर्ष के आसपास है। व्यक्ति ने सिला हुआ सफ़ेद शर्ट व सिला हुआ पायजामा पहन रखा हैं। इस बाबत थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर युवक के शव को नहर से बाहर निकलवा कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा युवक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

## मिट्टी लाने को लेकर दो कसकर परिवारों के बीच हुई मारपीट, पांच घायल

बछरावां,रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा स्थित एक तालाब से मिट्टी ले जाने को लेकर दो कसकर परिवारों के बीच विवाद हो गया। जिसमें पांच लोग घायल हो गए है। जिनका इलाज अस्पताल में कराया गया। जिनमें एक की हालत गंभीर है।जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की कस्बा अंतर्गत शिवगढ़ रोड नहर के पास एक तालाब स्थित है। जिससे बिट्टो पत्नी स्वर्गीय बलाले निवासी सुदौली का परिवार अपने मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए मिट्टी लाता है। वही इसी तालाब से राजू पुत्र कल्लू निवासी सुदौली जो अपनी ससुराल स्थानीय थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव में रहता है। वह भी उसी तालाब से लाता है। परंतु बुधवार की शाम राजू ने बिट्टो के परिवार द्वारा तालाब से मिट्टी लाने के बाद इसका विरोध किया और उसके गांव सुदौली फौजदारी करने के लिए पहुंच गया। बातों ही बातों में विवाद बढ़ गया और राजू के द्वारा बगल में पड़े डंडे को उठाकर बिट्टो के परिवारीजन बउवा पुत्र बलाले उम्र 13 वर्ष, रिजवान पुत्र बलाले, आजाद पुत्र बलाले, गुमनाज पत्नी रिजवान को मारपीट कर घायल कर दिया गया। जिसमें बीच बचाव करने आए बउवा के सिर पर डंडा पड़ जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## रक्तदानियों ने किया रक्तदान-एक रक्तदानी बचाये चार जान: डॉ. मार्कण्डेय चतुवेर्दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश पर विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को स्थानीय सीएचसी के परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पाँच व्यक्तियो ने रक्तदान किया।

रक्त लेने हेतु मेडिकल कॉलेज से आयी टीम द्वारा 11 व्यक्तियों की काउंसलिंग की गयी जिसमें पाँच व्यक्ति रक्त देने हेतु उपयुक्त पाये गये जिनके द्वारा रक्त दिया गया।रक्तदान करने वालों में एक व्यक्ति ऐसा भी था जिसकी आज शादी की वर्षगांठ थी। उस व्यक्ति का नाम कामोद पांडेय है। इसके द्वारा किये गये महादान के लिये लोगों ने खूब साधुवाद एवं शुभकामनाएं भी दिया।रक्तदान करने वालों में सीएचसी के वरिष्ठ लिपिक अमित सिंह,ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक अनिता श्रीवास्तव,रत्नेश यादव,प्रकाश आदि उपस्थित रहे। यादव,रोहित आदि प्रमुख रहे।सीएचसी अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुवेर्दी ने कहा कि एक व्यक्ति रक्तदान करके चार व्यक्तियों के जीवन को बचाता है। रक्तदान सभी को करना चाहिये इससे बहुत सारी बीमारियों का खतरा टल जाता है।इस दौरान वरिष्ठ एल टी एजाज अहमद,विजयकृष्ण द्विवेदी,आशुतोष कुमार मिश्र,राकेश कुमार पांडेय,सौरभ यादव,प्रकाश आदि

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के पुण्य तिथि पर स्वास्थ्य शिविर आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। सिमहैंस हॉस्पिटल रायबरेली में आज 21 मई 2025 दिन बुधवार को भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर निःशुल्क श्वास शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद किशोरी लाल शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर एवं राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर इस स्वास्थ्य शिविर को प्रारंभ किया। इस अवसर पर सिमहैंस हास्पिटल के निदेशक डॉ मनीष चौहान , श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ सागर जैन एवं कंग्रेस के समस्त पदाधिकारियों ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पी एफ टी की जांच भी निःशुल्क की गई। डॉ सागर जैन ने 27 मरीजों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया एवं सभी को धुम्रपान एवं नशा से दूर रहने की सलाह दी। डॉ मनीष चौहान ने बताया कि छाती एवं श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ सागर जैन अब प्रत्येक रविवार को सिमहैंस हास्पिटल में अपना परामर्श प्रदान करेंगे। इस अवसर सिमहैंस हास्पिटल का समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## सिंचाई विभाग के विभिन्न पदों को समाप्त किए जाने पर परिषद में जताया विरोध

### सरकार का निर्णय दुर्भाग्यपूर्णः रूपेश

### बेरोजगारी बढ़ेगी रोजी-रोटी का होगा संकटः मदन मुरारी शुक्ल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर। राज्य सरकार द्वारा सिंचाई विभाग के विभिन्न पदों को समाप्त किए जाने पर परिषद ने विरोध जताया है आज दोपहर भोजनावकाश में परिषद के न्यू कैंप कार्यालय पर हुई कर्मचारियों की बैठक की अध्यक्षता और सर के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव और संचालन महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार सरकारी सेवाओं को धीरे-धीरे समाप्त कर रहे हैं एक तरफ जहां कर्मचारियों की मांगों को पूरा किया जा रहा है दूसरे तरफ एक साथ सिंचाई विभाग के 410 पदों को समाप्त किया जाना हिटलर शाही जैसा है। राज कर्मचारी संयुक्त परिषद इसका विरोध करता है और हम प्रथम चरण में इस निर्णय का विरोध काला फीता बांधकर कार्यालय में काम करेंगे और अगर यह शासनादेश निरस्त नहीं हुआ तो फिर आगे बड़े आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।परिषद के महामंत्री शुक्ला ने बताया कि सरकार ने सिंचाई विभाग के आर्मेचर, बाइंडर,पेंटर, टरवाइन मिस्त्री, फिल्टर हाउस ऑपरेटर, बढ़ई, फिटर एवं पेंटर, मिस्त्री कम ड्राइवर, डुप्लेकेटिंग मशीन ऑपरेटर, टेलीफोन ऑपरेटर, वेट क्लर्क, तिंडैल, नायाब तिंडैल, जिलेदार, नलकूप चालक, सिचपाल, जैसे तमाम पदों को समाप्त करने का शासनादेश 14 मई 2025 को हुआ है।

इससे बेरोजगारी को बढ़ावा मिलेगा तथा नौकरी की आस में तैयारी कर रहे युवाओं के रोजी-रोटी पर संकट आएगा।बैठक को कार्यकारी अध्यक्ष राजेश सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित श्याम नारायण शुक्ल और अशोक पांडे ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर रूपेश श्रीवास्तव अशोक पांडे राजेश सिंह मदन मुरारी शुक्ला पंडित श्याम नारायण शुक्ल अनिल द्विवेदी कनिष्क गुप्ता इजहार अली अनूप कुमार फुलाई पासवान राजेश मिश्रा जामवंत पटेल यशवीर श्रीवास्तव गो सेवक वरूण बैरागी आदि कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।

## सरकारी राशन न मिलने पर महिलाओं ने कोटेदार पर लगाया आरोप

### मामला मिल एरिया थाना क्षेत्र के पूरे हीरालाल मेजर संदी राम का है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। मिल एरिया थाना क्षेत्र के पूरे हीरालाल मजरे संदी राम मे महिलाओं ने कोटा में सरकारी राशन कोटेदार द्वारा न देने का डीएम से लिखित प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि कोटेदार सोनी पत्नी राजेंद्र कुमार 171 ग्राम पुरे हीरालाल मजरे संदी राम जिला रायबरेली का निवासी है। महिलाओं का आरोप है कि सोनी पत्नी राजेंद्र कुमार कोटेदार द्वारा प्रार्थी गणों के नाम राशन कार्ड बना हुआ है । जैसे गिरीश देवी पत्नी जगदीश प्रसाद ,विद्यावती पत्नी श्यामलाल, राम कुमारी पत्नी संतराम, रोशनी पत्नी विनोद सहित महिलाओं ने कोटेदार के ऊपर सरकारी राशन न देने का आरोप लगाया है की हम लोगों के नाम राशन कार्ड बना हुआ है प्रार्थि जब राशन लेने जाते हैं तो कोटेदार सीधे बात नहीं करता है कहता है कि जब सर्वर नहीं चल रहा है कल आना। इसी तरह प्रार्थी गणों को दौड़ आता है और कहता है कि राशन देने की तारीख निकल गई है अब राशन नहीं मिलेगा। इस तरह प्रार्थी गणों के हिस्से का हक मारा जा रहा है। इतना ही नहीं कई बार ऐसा हो चुका है और घटतौली कोटेदार द्वारा किया जा रहा है । महिलाओं ने आरोप लगाया है कि मानक के हिसाब से कम राशन देता है और पर्ची भी नहीं देता है। डबल कंटे पर राशन तोलता है गांव में या पूछा जा सकता है कि राशन की पर्ची किसी को भी नहीं दिया जा रहा है। महिलाओं ने डीएम कार्यालय पर लिखित आरोप लगाया है। कि क्योंकि कोटेदार का पति अपराधी के किस्म का व्यक्ति है। जिसके विरुद्ध कई आपराधिक मुकदमे पंजीकृत है राशन न मिलने से प्रार्थी गणों बहुत परेशान हैं। प्रार्थी गणों ने यह बताया कि उक्त प्रकरण की जांच करके कोटेदार के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्रवाई करते हुए प्रार्थी गणों को राशन दिलाए जाए। डीएम ने आश्वासन दिया है कि इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर गिरीश देवी पत्नी जगदीश प्रसाद विद्यावती पत्नी श्यामलाल राम कुमारी पत्नी संतराम रोशनी पत्नी विनोद आदि लोग मौजूद रहे।

# गंदा है पर धंधा है: कुशीनगर में बेखौफ चल रहा देह व्यापार का कारोबार

### समय समय पर होता रहा है जिस्मफरोसी के कारोबार का भंडाफोड़

### प्रशासन और पुलिस के लिए चुनौती बने देह व्यापार कारोबारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर । तथागत बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर सहित आस-पास के क्षेत्रो में बेखौफ देह व्यापार का अवैध कारोबार फलफूल रहा है। सबब यह है कि कुशीनगर मे संचालित हो रहे तमाम रेस्टोरेंट व होटलों के कारोबारी गंदा है पर धंधा है के तर्ज पर नाबालिग व भोली-भाली मासूम लड़कियों को चकाचौंध की दुनिया का मलिका बनने का सपना दिखाकर उन्हें जिस्म के सौदागरों के आगे परोस रहे है। यही वजह है कि समाज को दूषित करने वाला व अन्तर्राष्ट्रीय फलक पर ख्याति प्राप्त बुद्धनगरी को कलंकित करने वाला यह कारोबार जनपद के आस-पास के गलियारों मे भी पांव पसारते जा रहा है।कहना ना होगा कि किसी मासूम की मजबूरी का फायदा उठाकर तो किसी को रातों-रात अमीर बनाने का सपना दिखाकर इस अनैतिक धंधे में उतारने वाले कुशीनगर के इज्जतदार रेस्टोरेंट व होटल मालिकों द्वारा न सिर्फ भारतीय संस्कृति को खुलेआम रौंदा जा रहा बल्कि बहुतेरे लड़कियों का जिन्दगी बर्बाद कर उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। फलतः परिवार से बेदखली और सामाजिक तिरस्कार के बाद आज यह कालगर्ल अपने स्टेटस को कायम रखने के लिए खुद ही अपने ग्राहकों की तलाश कर वहशीपन की शिकार हो रही हैं। किन्तु अफसोस कार्यवाही करने वाले सरकार की सरकारी मशीनरी धृतराष्ट्र बना बैठा हैं।बतादे कि बुद्धनगरी कुशीनगर के एनएच-28 पर स्थित तकरीबन दो- ढाई दर्जन से अधिक रेस्टोरेंट, ढाबा व होटलो मे बेखौफ संचालित हो रहे देह व्यापार का अवैध कारोवार का खेल कोई नया नहीं है। स्थानीय लोगों की माने तो बीते डेढ़ दशकों से यह अवैध कारोबार बुद्धनगरी मे फल-फूल रहा है। यह बात दीगर है उस समय यह धंधा कुशीनगर मे एक दायरे के अतर्गत सीमित था। किन्तु अब जिस्मफरोशी का यह धंधा महानगरों के भांति कुशीनगर मे भी कुछ सडक छाप एंव समाज में अपना प्रभाव जमाने वाले ऊचें रसूख के लोगो का कमाई का जरिया बन गया है। सूत्रों की मानें तो कुशीनगर नेशनल हाइवे के हिरनहापुर से गोपालगढ़ के बीच लगभग दो दर्जन रेस्टोरेंट और होटलों मे सेक्स रैकेट संचालित करने वाले अनैतिक कारोबारियो से न सिर्फ शहर के बच्चे-बच्चे परिचित है बल्कि यहां के संभ्रांत लोग का इन पेशेवर रेस्टोरेंट व होटल मालिको से अच्छे ताल्लुकात है। इतना ही नही खाकी व तथाकथित पत्रकारों से चमडी बेचकर दमडी कमाने अनैतिक कारोबारियों से गहरा याराना भी है।

### तथाकथित पत्रकार बने है संरक्षक

हाईवे के किनारे हिरनहापुर से गोपालगढ़ के बीच संचालित रेस्टोरेंट व होटल मालिकों का दावा है कि उनके इस अवैध कारोबार को कोई बंद नही कर सकता है। वह दम भरते है कि यहा के पुलिस प्रशासन के साथ साथ मीडिया मैनेज के नाम पर यहां के कुछ पत्रकारों को भी हर माह नजराना भेट किया जाता है। इन होटलो और रेस्टोरेंट पर हो रहे अवैध कारोबार की जानकारी मिलने पर जब जिला मुख्यालय से पत्रकार पहुचे और वहा के कारोबारियों से पूछे कि यह अवैध धंधा कैसे चल रहा है? तो इस पर अवैध कारोबारियों ने कुछ कथित पत्रकारों का नाम लेते हुए पूछा कि इन्हें आप जानते है। इनसे बात कर लिजिए।

### सूर्या होटल पर पकडे गये थे रंगरलियां मनाते जोडे

कुशीनगर के तमाम अवैध रूप से संचालित होटल व गेस्ट हाउसो में चल रहे देह व्यापार के कारोबार की लगातार मिल रही शिकायत को गंभीरता से लेते हुए चौकी प्रभारी गौरव शुक्ला ने नायब तहसीलदार के साथ मिलकर 6 मई मंगलवार को झंगुवा नहर के समीप स्थित सूर्या होटल पर छापेमारी कर तकरीबन नौ युगल जोड़ियों को रंगरलियां मनाते हुए पकडे थे, जिनका आगंतुक रजिस्ट्रर पर इंट्री नही था। इसके अलावा जांच मे यह तथ्य भी सामने आया कि होटल प्रबंधन द्वारा किसी भी आगंतुक की पहचान दर्ज नहीं की जाती है जो सराय एक्ट का खुलेआम उल्लंघन है। इसके अलावा होटल सराय एक्ट मे बिना रजिस्टर्ड अवैध रूप से संचालित हो रहा था। पुलिस ने सूर्या होटल के संचालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर होटल को सील कर दिया था। बावजूद इसके कुशीनगर मे देह व्यापार का अवैध कारोबार थमने का नाम नही ले रहा है। वजह यह है कि इन अवैध कारोबारियों पर खाकी और कथित पत्रकारों की मेहरबानी है

### चन्द्रलोक गेस्ट हाउस पर पकडे गये युवक-युवतिया

बुद्धनगरी में जिस्मफरोशी के अनैतिक कारोबार को वर्ष 2023 में मीडिया द्वारा प्रमुखता से उठाते हुए लगातार खबरे प्रकाशित किये जाने पर जिला प्रशासन ने खबरो को गंभीरता स लेते हुए देह व्यापार कारोबारियों पर नकेल कसने का अभियान शुरू किया था। कसया के उपजिलाधिकारी योगेश्वर सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी कुंदन सिंह के नेतृत्व मे पुलिस ने जिस्मफरोशी के कारोबार के लिए खासे चर्चित चन्द्रलोक गेस्ट हाउस पर छापेमारी की थी इस दौरान रंगरलियां मना रहे तकरीबन दो दर्जन से अधिक युवक-युवतियां मौके पर धरे गये। पुलिस ने चंद्रलोक होटल के संचालक सहित पकडे गये युवक-युवतिया को स्कूली बस मे बैठाकर थाने लेकर आयी और पुछताछ के बाद जहां सभी युवको को शान्ति भंग के आरोप में चलान कर दी थी वही युवतियों के घरवालों को थाने पर बुलाकर युवतियों के कृत्य से उनके अभिभावकों को अवगत कराते हुए कडी चेतावनी देकर उन्हें सुपुर्द कर चन्द्रलोक गेस्ट हाउस गेस्ट हाउस पर सरकारी ताला जड दिया जो लंबे समय तक बंद रहा। सूत्र बताते है कि बाद में गेस्ट हाउस संचालक ने मोटी रकम देकर मामले को मैनेज करके पूर्व के भांति संचालन शुरू कर दिया।

# असलहे की फैक्ट्री तक क्यों नहीं पहुंच पा रही पुलिस, सिर्फ बरामदगी तक ही सीमित

## कारतूस खोखा बरामद कर खामोश क्यों बैठ जाती पुलिस..?

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले में होने वाली अधिकतर घटनाओं में अवैध तमंचे का प्रयोग हो रहा है लेकिन पुलिस आज तक किसी बड़े गिरोह को नहीं पकड़ सकी।साथ ही लंबे समय से असलहे बनाने की फैक्ट्री का भी खुलासा नहीं हो सका। जबकि आए दिन तमंचे से मारने व बरामद होने की घटनाएं सामने आ रही हैं।वही आए दिन सोशल मीडिया पर अवैध तमंचे वायरल हो रहे हैं। और जब पुलिस पता पाती है तो उनको गिरफ्तार करके जेल भेज देती है। लेकिन उस अवैध तमंचे के बारे में गहराई तक नहीं जाती है।और जिले में अवैध असलहों से वारदात अंजाम दिए जाने के बाद भी उनकी फैक्ट्री या सप्लायर्स तक नहीं पहुंचने के पीछे पुलिस की अजीबोगरीब कार्यशैली है।जब भी कोई वारदात होती है तो पुलिस बदमाश को जल्द गिरफ्तार कर लिए जाने के दावे करती है।फिर तलाशी अभियान चलाया जाता है।इस दौरान यदि कोई बदमाश हाथ आ गया तो पुलिस उसे गिरफ्ता र कर जेल भेज देती है।वहीं यदि उसके पास से कोई अवैध हथियार,कारतूस बरामद हो गया तो इसी से खुश हो जाती है।उसके जरिए पुलिस असलहे के सप्लायर तक पहुंचने की कोशिश नहीं करती।ऐसे कई मामले अब भी लंबित पड़े हैं जहां पुलिस ऐसे मामले का कोई खुलासा नहीं कर सकी।

### ढाई– तीन हजार में मिल जाते हैं तमंचे: सूत्र

पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के संबंध में गहन जांच नहीं किए जाने के कारण सप्लायर्स की चांदी है।सूत्र बताते हैं कि जिले में ही ढाई से तीन हजार तक में अवैध तमंचे मिल जाते हैं।दस से बीस हजार रुपये खर्च करने पर तो पिस्टल और रिवाल्वर की खरीद हो जाती है।यही नहीं, इसके लिए कहीं जाने की भी जरूरत नहीं होती। बाहरी जिलों से असलहा तस्कर तमंचों की सप्लाई कर रहे हैं।वहीं यदि जांच की जाए तो जिले में भी अवैध हथियारों की खेप मिल सकती है।यदि यह मान लिया जाए कि यहां असलहों की कोई अवैध फैक्ट्री या गोदाम नहीं तो सवाल उठता है कि इतनी आसानी से बाहर से तमंचे कैसे आ जाते हैं और इसके सप्लायर क्यों नहीं पकड़े जाते।

### कहाँ से आए असलहे, नहीं खोजती पुलिस

फायरिंग के मामले में पुलिस असलहे तो बरामद करती है। लेकिन अभियुक्त के पास असलहे कहां से आए। इसकी पड़ताल करने की कोशिश नहीं होती।आखिर शहर से लेकर देहात तक असलहों की खेप कौन सप्लाई कर रहा। कौन है जो सबको असलहे बेच रहा है।उनका सुराग लगाने की कोशि श नहीं होती।असलहे देने के साथ- साथ गोलियां कहां से आ रही है।इन सब बातों की जांच पड़ताल के बजाय पुलिस फाइल बांधकर आलमारी में रख देती है।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि



नानपारा, बहराइच। आधुनिक भारत के निर्माण की नींव रखने वाले भूतपूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' स्व0 राजीव गांधी जी की 34वीं पुण्यतिथि नानपारा स्थित महात्मा गांधी पार्क पर राशिद अली पूर्व प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस के संयोजन में उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाई गई।उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने विशेषतः युवाओं को केंद्रित कर कहा था कि भारत युवा राष्ट्र है, मेरा सपना 21वीं सदी का भारत मजबूत, स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बने, दुनिया में प्रथम रैंक पर आए। अपने कुशल नेतृत्व, दूरदर्शिता और प्रगतिशील सोच से आधुनिक भारत के निर्माण की नींव रखने वाले स्व0 राजीव गांधी जी को उनके समर्पण, साहस और आधुनिक भारत के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण हमेशा राष्ट्र को प्रेरणा देता रहेगा।उक्त अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनय सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, हमजा शफीक, ऋषभ सिंह, इस्लाम, रवि श्रीवास्तव, हाशिम, मोहम्मद तालिब, प्रेम श्रीवास्तव सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए संस्थाओं से मांगे गए आवेदन

बहराइच । जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले अन्य पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियों को निःशुल्क 'ओ' लेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नीलीट से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान विभागीय वेबसाइट बैकवर्डवेलफ़ेअर डाट यूपी डाट एनआईसी डाट इन एवं ओबीसी कम्प्यूटरट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर दिये गये लिंक पर 27 मई 2025 तक आनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं। इच्छुक प्रशिक्षण संस्थानों को मान्यता से सम्बन्धित अभिलेखों व आधारभूत ढांचे का विवरण उक्त वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ ही समस्त अभिलेखों की हार्डकापी विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

## संयुक्त नर्सिंग प्रवेश परीक्षा सकुशल, शुचितापूर्ण संपन्न

### परीक्षा में सम्मिलित हुए 3874 अभ्यर्थी–प्रो जितेंद्र सिंह सिटी समन्वयक

गोंडा। अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित संयुक्त नर्सिंग प्रवेश परीक्षा गोण्डा जनपद में सकुशल शुचिता पूर्ण सम्पन्न हुई ।परी क्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्याल य द्वारा लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के भौति की विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.जितेंद्र सिंह अंग्रेज़ी विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ.वंदना भारतीय, दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय ल खनऊ के डॉ अमितेंद्र सिंह को सिटी कोऑर्डिनेट र नियुक्त किया गया था।प्रो.जितेंद्र सिंह ने बताया की गोण्डा जनपद में इस परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए 8 परीक्षा केन्द्र बनाये गए थे,इस परीक्षा में बी.एस-सी,पोस्ट बेसिक बीएससी,एमएस-सी नर्सिंग,एमएस-सी एन पी सी सी के 3966 अभ्यर्थियों को निर्धारित केंद्रों के लिए अलॉट किया गया था।परीक्षा में 3874 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए व परीक्षा में 92 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रो.सिंह ने बताया कि सभी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थित के बाद उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की गई ।सम्पूर्ण परीक्षा की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई गई।अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित यह परीक्षा प्रदेश के २० जनपदों में आयोजित की गई ,परीक्षा के कुशल संचालन के लिए पूरे प्रदेश को 9 जोन, में विभाजित किया गया था।प्रो.जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस परीक्षा के लिए गोंडा के श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज,थामसन इंटर कॉलेज , रोजवुड इंटर कॉलेज एससीपीएम आयुर्वेदिक कॉलेज, एस सी पी एम कालेज ऑफ़ फार्मेसी एम्स इंटर कॉले ज, स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज ,श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था।परीक्षा संपन्न कराने के लिए प्रत्येक केंद्र पर दो प्रतिनिधि मेडिकल यूनिवर्सिटी की तरफ से नियुक्त किए गए थे।प्रो.सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन सभी परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्षों उनके सहयोगियों , शहर के प्रमुख एच डी एफ़ सी बैंक के प्रबंधकों अभिभावकों व परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परी क्षार्थियों के सहयोग से जनपद में शुचितापूर्ण परी क्षा संपन्न हुई।

# ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल को भंडारा का विशेष महत्व : मंगलेश

## आपसी समरसता का प्रतीक है भंडारा: डॉ. विमलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । लोक कल्याण के उद्देश्य के जेष्ठ माह के दूसरे मंगलवार को चरणलाल चौक स्थित मार्कण्डेय महादेव शिव मंदिर में लोकगायक डॉक्टर राकेश श्रीवास्तव के परिवार द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया इसके पूर्व हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का स्वर पाठ और पूजन अर्चन किया गया । भंडारे का शुभारंभ महिला आयोग की उपाध्यक्ष राज्य मंत्री चारू चौधरी, व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष पुष्पदंत जैन डॉ विमलेश पासवान , विधायक , बांसगांव द्वारा किया गया । इस अवसर पर विशेष रूप से महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव को राम नामी दुपट्टा ओढ़ा कर अमन चंद्रा ने सम्मान किया । महापौर ने राकेश श्रीवास्तव को बधाई देते हुए कहा की इस तपती धूप में तमाम ऐसे लोग है जिन्हें भोजन पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है ऐसे में इस तरह का आयोजन समाज के लिए बहुत ही उपयोगी है, इस अवसर पर सरदार जसपाल सिंह , डॉ रूप कुमार बनर्जी, कुलदीप पांडे , कनक हरि अग्रवाल , राकेश मोहन , शिवेंद्र पाण्डे, मनीष अग्रवाल कीर्ति रमन दास, , श्रीमती अणिमा श्रीवास्तव , साक्षी श्रीवास्तव ,ऐश्वर्या चंद्रा, लक्ष्मी गुप्ता ,प्रवीण श्रीवास्तव, उपस्थित थे , भंडारे में लगभग 3000 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया ।

# राजस्व निरीक्षक को घूस लेते एंटी करप्शन ने किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला,गोरखपुर। बड़हलगंज में एंटी करप्शन टीम ने एक राजस्व निरीक्षक को घूस लेते हुए गिरफ्तार किया है। गोला तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक तेज नारायण सिंह को बड़हलगंज स्थित अंबेडकर तिराहा बस स्टैंड से पकड़ा गया।मामला गगहा क्षेत्र के मामखोर गांव के निवासी कंदर्प दूबे से जुड़ा है। कंदर्प ने 2019 में सखरूआ में 13 डिसमिल जमीन खरीदी थी। जमीन की पैमाइश के लिए वह पिछले 6 महीने से तहसील का चक्कर लगा रहे थे।

राजस्व निरीक्षक ने जमीन की पैमाइश और फील्ड बुक तैयार करने के लिए 20 हजार रुपये मांगे थे। बाद में 15 हजार रुपये में सौदा तय हुआ।कंदर्प ने इस मामले की शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। टीम ने जाल बिछाया और सादी वर्दी में अंबेडकर तिराहा बस स्टैंड पर तैनात हो गई। कंदर्प ने राजस्व निरीक्षक को 500-500 के नोट दिए। जैसे ही निरीक्षक ने पैसे अपनी जेब में रखे, टीम ने उन्हें दबोच लिया। एंटी करप्शन टीम में संतोष दीक्षित, रायबहादुर पाल, शिवकुमार यादव, निर्मला यादव समेत अन्य सदस्य शामिल थे।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर कैंप की हुई शुरूआत



बहराइच। विभागीय आदेशानुसार गर्मी की छुट्टियों को खास और रचनात्मक बनाने के लिए 21 मई , बुधवार से ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैंप) की शुरुआत हो गई। खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि सुबह 7 बजे से 10 बजे तक यह समर कैंप 10 जून तक चलेगा। जिसमें छात्र छात्राओं के समग्र विकास के लिए योगा, कला, संगीत, कम्प्यूटर शिक्षा, भाषा कौशल, वाद्ययंत्र बजाने की तकनीकी नवाचारों से रूबरू कराया जाएगा। शिक्षा क्षेत्र फखरपुर के 63 चयनित उच्च प्राथमिक और संविलयन विद्यालयों में समर कैंप के माध्यम से बच्चों को रचनात्मक कार्यो से जोड़ा जा रहा है। संविलयन विद्यालय रतनपुर में प्रधानाध्यापिका कल्पना तिवारी, शिक्षामित्र अनुपम श्रीवास्तव एवं कुमारी विजय, संविलयन विद्यालय गजाधरपुर में अनुदेशक आशीष सिंह व शिक्षामित्र सत्यव्रत तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय कुड़ासपारा में अनुदेशक नीरज कुमार एवं शिक्षामित्र गुलनाज ने समर कैंप के पहले दिन बच्चों को योगा व व्यायाम के बारीकियों से अवगत कराया। क्राफ्ट कला, डिजिटल कौशल, सांस्कृतिक कौशल, इनडोर खेल आदि को गतिविधियों से अवगत कराया जाएगा। स्वप्रेरित शिक्षक साकेत भूषण तिवारी तथा फुरकान कलीम ने संविलयन विद्यालय रतनपुर में बच्चों को समर कैंप के महत्व को बताया और प्रतिदिन प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किए।

## आकाशीय बिजली गिरने से मृतक युवक के परिजनों से मिले विधायक, बढ़ाया ढाढस

गोरखपुर। चौरी चौरा।चौरी चौरा विधायक ई. सरवन निषाद ने मंगलवार को छबैला टोला मुहम्मदपुर निवासी सूरज सिंह के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और परिवार को सांत्वना दिलाते हुए अधिकारियों से वार्ता करके हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया और कहा कि नौजवान की मौत जो सेना की तैयारी कर रहा था वह बेहद ही दुखद है । सोमवार को भोर में आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गया था। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ पूरी कटिबद्धता के साथ खड़ा हूं और शासन स्तर से परिवार की मदद करवाऊंगा। चौरी चौरा विधानसभा के लोगों का दुख मेरा दुख है। नगर पंचायत अध्यक्ष सन्नी जायसवाल ,बलदेव निषाद प्रधान , सुनिल निषाद प्रधान , रामदयागर निषाद विधायक प्रतिनिधि, तारकेश्वर जायसवाल मंडल अध्यक्ष, अवध नारायन , अमित जयसवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

# योगी सरकार अपराधियों को जाति के आधार पर बचा रही:स्वामी प्रसाद मौर्य

## स्वामी प्रसाद मौर्य बोले: सबसे ज्यादा हिस्ट्रीशीटर सीएम की जाति के इनका एनकाउंटर क्यों नहीं होता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले में दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे अपनी ज नता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने दौरे के दूसरे दिन कार्यकर्ता ओं से मुलाकात की।इसके बाद सिंचाई डाक बंगले में प्रेस वार्ता की।इस दौरान उन्होंने योगी सरकार पर निशाना साधा।कहा- सरकार अपराधियों को जाति के आधार पर बचा रही है।अगर देखा जाए तो सबसे ज्यादा हिस्ट्रीशीटर मुख्यमंत्री की जाति से आते हैं।लेकिन इनका एनकाउंटर नहीं होता है।वहीं आतंकवाद और केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर भी स्वामी प्रसाद ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा,आपको शायद याद न हो,लेकिन कभी इंदिरा गांधी जी ने पाकिस्तान के परखच्चे उड़ा दिए थे।बांग्लादेश,जिसे पाकिस्तान खत्म नहीं करना चाहता था,उसे अलग देश बना दिया गया। एक लाख पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था। लेकिन मोदी सरकार ने क्या किया? केवल तमाशा ! 'ऑपरेशन सिंदूर' के नाम पर देश की बहनों की आंखों में धूल झोंकने का काम कि या गया है।स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा, जब तक आतंकवाद पूरी तरह खत्म न हो जाए, तब तक युद्धविराम नहीं होना चाहिए।उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह खुद अपने पापों का खुलासा कर रही है।उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान पर हमले से पहले सरकार ने पाकिस्तान को सूचना दे दी, जिसके कारण आतंकवादी सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए। उन्होंने इसे देश विरोधी रवैया बताया और कहा कि यह देश की जनता के साथ विश्वासघात है।स्वामी प्रसाद मौर्य ने सेना की सराहना करते हुए बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, सेना ने तो अपना काम बेहतरीन तरीके से किया, लेकिन भाजपा के नेता सेना पर ही सवाल उठा रहे हैं।'' उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार के एक मंत्री कर्नल सोफिया कुरैशी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने सेना का मनोबल गिराया, जो बेहद शर्मनाक है।उन्होंने कहा, मैं मध्य प्रदेश हाईकोर्ट को बधाई देता हूं, जिन्होंने स्वतः संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज करने और मामले की जांच का आदेश दिया। इसके बावजूद सरकार उन मंत्रियों को बचाने में लगी है। वहीं मध्यप्रदेश के डिप्टी सीएम का बयान कि 'सेना प्रधानमंत्री के जूते के नीचे है', न केवल अपमानजनक है बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक भी है। ऐसे लोगों से तुरंत इस्तीफा लिया जाना चाहिए, लेकिन सरकार उनको बचा रही है, जिससे साफ है कि भाजपा के बड़े नेता भी पाप के भागीदार हैं।प्रेस वार्ता के अंत में उन्होंने कहा, 2027 का चुनाव भाजपा की विदाई का चुनाव होगा। यह यात्रा तब तक चलेगी जब तक भाजपा की विदाई नहीं हो जाती।हम इसी तरह सरकार की कलई खोलते रहेंगे।

## सीएचसी के नाक के नीचे अवैध नर्सिंग होम व पैथोलॉजी संचालित

**मानक विहीन पैथोलॉजी**

गोंडा। सीएचसी के नाक के नीचे एक बहुचर्चित नर्सिंग होम व पैथालॉजी संचालित है।जहां भूर्ण परीक्षण,गर्भापात जैसे कृत का खेल चल रहा है ? इससे संचालन में सीएचसी व जिले के उच्च स्वास्थ्य अधिकारियों की मिली भगत से इंकार नही किया जा सकता है।जिसके फलस्वरूप इनपर जांच एवं कार्रवाई क्यो नही होती।यह आम जनमानस के जेहन में कूंद रही है।बताते है ग्रामीण इलाकों से इन दिनों प्रतिदिन मरीज अवैध पैथोलॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटर व नर्सिंग होम के जाल में फंसकर आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं।जांच के नाम पर मरीजों से मोटी रकम वसूली जाती है।जांच में पैसे गवा देने के बाद रोगियों व तीमारदारों के पास दवाइयां खरीदने के लिए उनके पास पैसे तक नहीं बचते हैं।अस्पताल में इसको लेकर कई बार हंगामा भी हुआ लेकिन डॉक्टर कार्रवाई के बदले मरीजों को शांत करा देते हैं।मरीजों को जांच के बाद अस्पताल में सभी को एक ही दवाइयां दी जाती हैं जो चर्चा का विषय बना हुआ है।इस अवैध कारो बार में समाज के नामी-गिरामी लोगों के साथ पैथालॉजी में आशा भी शामिल हैं।इनके खिलाफ प्रशासन कार्रवाई करने से कतराती है।परसपुर में मरीजों की जिंदगी पूरी तरह भगवान के रहमो-करम पर निर्भर है। वहीं तो दूसरी तरफ झोलाछाप की वजह से मरीजों की जान सांसत में है।एक तरफ जहां बेलसंर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल-बेहाल है।वही बेलसर सीएचसी के नाक के नीचे अवै ध क्लीनिक व अवैध पैथोलॉजी व अवैध डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित हो रहे हैं।अल्ट्रासाउंड एक्स-रे का टेक्नीशि यन नहीं है।नर्सिंग होम पर इलाज तो सुशैन वैध के संजी वनी बूटी की तरह किया जा रहा है।जबकि संचालक के पास कोई डिग्री तक नहीं है।बेलसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर प्राइवेट पैथोलॉजी सेंटर में जांच के लिए भेजते हैं न केवल डॉक्टर बल्कि पैथोलॉजी और अल्ट्रा साउंड तक के मामले में भी बेलसर क्षेत्र में फर्जीवाड़े का खेल चल रहा है। सूत्रों की मानें तो अधिकतर पैथोलॉजी इंटर,बीए पास या अनपढ़ द्वारा संचालन किया जा रहा है।जो वर्षों बाद डी एमएलटी में डिप्लोमा कर लेते हैं।जबकि इतनी योग्यता रखने वाला व्यक्ति का पैथालैब में सिर्फ सहयोगी का ही काम कर सकता है।

# प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन ने विहान बालिका एवं बालक विद्यालयों का किया भ्रमण

## छात्र-छात्राओं के साथ ग्रहण किया भोजन, श्रम एवं सेवायोजन कार्यालयों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन डा. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम ने उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव श्रीमती पूजा यादव के साथ जनपद बहराइच का भ्रमण किया। लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन पहुंचने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ प्रमुख सचिव श्री सुन्दरम को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रमुख सचिव श्री सुन्दरम द्वारा विहान बालिका आवासीय विद्यालय व विहान बालक आवासीय विद्यालय तथा जिला सेवायोजन कार्यालय एवं सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय का निरीक्षण किया गया ।एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान प्रमुख सचिव श्री सुन्दरम ने श्रम विभाग द्वारा संचालित विहान बालक व बालिका आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण कर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा छात्र-छात्राओं के साथ संवाद करते हुए पठन-पाठन की गुणवत्ता, बच्चों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा बच्चों से उनके पारिवारिक पृष्ठभूमि की बाबत पूछते हुए उन्हें पूरी शिद्दत के साथ पढ़कर समाज में ऊंचा मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। प्रमुख सचिव ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार दे तथा खेल व कला सहित अन्य गतिविधियों के लिए भी प्रोत्साहित किया जाय। विहान विद्यालय के निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता को परखने के लिए प्रमुख सचिव श्री सुन्दरम ने अन्य अधिकारियों के साथ कतारबद्ध बैठ कर बच्चों के साथ भोजन ग्रहण किया। प्रमुख सचिव ने शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिक्षा की गुणवत्ता व उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं का जायज़ा लेते रहें। श्री सुन्दरम ने निर्देश दिया कि अध्ययनरत बच्चों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं मानक के अनुसार उपलब्ध करायी जायें। विहान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय पहुंचे प्रमुख सचिव के सम्मुख सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं योगाभ्यास की मनमोहक प्रस्तुति भी की गई। जिला सेवायोजन कार्यालय के भ्रमण के दौरान प्रमुख सचिव महोदय द्वारा एमसीसी सेंटर का निरीक्षण किया एवं पिछले एक वर्ष में की गई करियर काउंसिलिंग की प्रगति का फीडबैक प्राप्त करने और काउंसिलिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। सहायक श्रम आयुक्त बहराइच के कार्यालय के निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव द्वारा साफ सफाई एवं कार्यालय के रख रखाव एवं कार्यालय संचालन पर संतुष्टि व्यक्त की गई एवं श्रमिकों की समस्याओं का प्राथमिकता पर त्वरित निस्तारण कराने निर्देश दिये गये। सहायक श्रमायुक्त को निर्देश दिया गया कि 12 जून को अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जनपद में बाल श्रम उन्मूलन हेतु वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जाय। जिसमें मा. जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाय।

भ्रमण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उपश्रम आयुक्त मुख्यालय शमीम अख्तर, उपश्रम आयुक्त देवीपाटन मण्डल अनुभव वर्मा, सहायक श्रम आयुक्त बहराइच सिद्धार्थ मोदियानी, जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार, वार्डन विहान बालिका विद्यालय प्रिया, बालक विद्यालय के असद, लखनऊ यूनिवर्सिटी से शिप्रा ,प्रभाकर आदि उपस्थित रहे।

# ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।विकास खण्ड बीसलपुर में ब्लॉक प्रमुख अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया गई ततपश्चात ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बैठक के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को योजनाओं से लाभान्वित किये जाने का कार्य किया जा रहा है साथ ही महिला कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं के कन्या सुमंगला योजना,बाल सेवा योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। चाइल्ड हेल्पलाइन पीलीभीत से केस वर्कर शिवम शर्मा द्वारा बाल विवाह करने के दुष्परिणामों की जानकारी



देते हुए बताया कि 18 वर्ष की आयु की से कम की बलिका एवं 21 वर्ष की आयु से कम आयु के बालक का विवाह करना कानूनी अपराध है यदि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष की कम आयु के लड़के का विवाह हो रहा हो तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है।इसी क्रम में संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर द्वारा वन स्टॉप सेंटर की पूर्ण प्रकिया बताई। स्वास्थ्य विभाग से एमओआईसी द्वारा उपस्थित ऑगनवाडी कार्यकत्रियों को पोषण सम्बंधित जानकारी दी गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी मीना कुमारी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्वास्थ्य सुरक्षा एवं बच्चों के पोषण के बारे मे 3 जानकारी दी गई।खण्ड विकास अधिकारी संजय सिंह द्वारा उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया गया कि वह अपने कार्यों के साथ साथ ग्राम चौपाल,जागरूकता कार्यक्रम कराएं जिससे सभी लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल सके।अन्त मे ब्लॉक प्रमुख अशोक कुमार शर्मा द्वारा सम्बोधन करते हुए उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों एवं उपस्थित आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बैठक में धन्यवाद किया एवं कहा कि ग्राम स्तर पर बच्चों एवं महिलाओं से सम्बंधित योजनाओं में ग्रामीणों के अधिक से अधिक आवेदन करवाएं।बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई से काउंसलर अभिषेक शुक्ला एवं समिति के सभी सदस्य एवं ऑगनवाडी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं है।

# युवती ने ससुरालीजनों के खिलाफ दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव पूरे नरायन मजरे अहुरी की एक युवती ने ससुराली जनों की प्रताड़ना से तंग आकर पति सास ससुर समेत पांच नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्जकर मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे नरायन मजरे अहुरी निवासी सुखराम यादव की सुपुत्री शालिनी यादव का विवाह हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार दो दिसम्बर 2022 को विष्णु कुमार यादव पुत्र तेज बहादुर यादव निवासी 568/52 कैलाश पुरी, यूको बैंक के पास आलम बाग लखनऊ के साथ सम्पन्न हुआ था।शादी में वर पक्ष के मांग के अनुसार दहेज के रुप में हुडई औरा कार (संफ़ेद रंग) जिसकी गाड़ी संख्या यूपी 32 एन ई 1920 दहेज के रुप में दिया गया जिसकी कीमत साढ़े दस लाख रुपये थी। दहेज के रुप में पन्द्रह लाख रुपये गहने एवं जरुरी वस्तुयें मांग के हिसाब से दी गयी।शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल वालों की मांग के अनुसार बैंक खाते एवं नगद के रुप में भुगतान किया गया। युवती शालिनी यादव ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि पति विष्णु कुमार यादव, ससुर तेज बहादुर यादव, सास सीता देवी, नंद संगीता यादव एवं नंदोई सतीश यादव के द्वारा समय समय पर पैसे की मांग कर मानसिक रुप से प्रताड़ित किया जाता रहा। युवती ने लिखा है कि ससुरालियों द्वारा उसके भाई संतोष यादव से सत्रह लाख रुपये की मांग की गयी और मांग पूरी न होने पर उसे बीती चौबीस मई को घर से निकाल दिया गया। शादी से अब तक नगद, खाते में एवं सामान के रुप में चालीस लाख रुपये दिये जा चुके है। युवती ने बताया कि उसके पिता सेवानिवृत कर्मचारी और पेंशन पर निर्भर है।

दहेज उत्पीड़न के तनाव कारण ब्लैड प्रेशर और किडनी का मरीज है जिनका इलाज चल रहा है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्जकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### जाम के झाम से लोग परेशान स्टेशन रोड पर लगता भीषण जाम

पूरनपुर। कस्बा चौकी चौराहे पर ई रिक्शा चालकों की मनमानी के चलते स्टेशन चौराहा पर आए दिन भीषण जाम लगा रहता है।आपको बताते चलें की ई रिक्शा चालक रॉन्ग साइड और रोड पर खड़ा कर के सवारियां भरा करते हैं। जिससे ट्रैफिक बाधित होती है।खासकर जब रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ी आती है तब उकसे बाद स्टेशन रोड कोतवाली तक शेरपुर रोड रेलवे क्रासिंग तक जाम ही जाम दिखाई देता है।और वहीं अगर ट्रैफिक पुलिस की बात करें तो वह आराम से नेशनल हाईवे 730 पर अक्सर नजर आती हैं।इन सड़कों पर मौके पर ट्रैफिक पुलिस कर्मी कोई मौजूद नहीं रहता जिससे लंबा जाम लग जाता है और इससे लोग आए दिन परेशान रहते हैं। जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए कई बार व्यापारी नेताओं ने बैठक की लेकिन नतीजा शून्य रहा है।

## दस दिवसीय रंग पाठशाला का हुआ समापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।संस्कृति मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संस्कृति संरक्षण हेतु पूरनपुर के भसीन इन्टरनेशनल स्कूल में भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ* एवं अम्बर कल्चरल सोसाइटी जटपुरा पूरनपु जनपद पीलीभीत के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा में रंगमंच के महत्व के अन्तर्गत ग्रीष्मकालीन''रंग कार्यशाला''का आयोजन 12 मई से 21 मई तक 10 दिनों के लिए किया गया था। जिसमें 10 वर्ष से 17 वर्ष तक के प्रशिक्षुओं ने शामिल होकर विषय-वस्तु के रूप में आंगिक अभिनय की बारीकियों के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त किया। उक्त कार्यशाला में प्रशिक्षण भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ से प्रशिक्षण कलाकार एवं रंगमंच निर्देशक आकाश चन्द्र तिवारी द्वारा दिया गया हैं।

### पूर्व प्रधानमंत्री के 34वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया शर्बत वितरण

सुल्तानपुर। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। शहर में शरबत वितरण के साथ तिकोनिया पार्क में राजीव गांधी की प्रतिमा के पास सहभोज कार्यक्रम हुआ। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने राजीव गांधी को देश में कंप्यूटर का जनक बताया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना बलिदान दिया। जिला कार्यालय पर पुष्प अर्पण और गोष्ठी का आयोजन किया गया। कांग्रेस नेता और अधिवक्ता अमोल बाजपेई ने 21 मई 1991 को हुई राजीव गांधी की शहादत को याद किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत में राजीव गांधी का महत्वपूर्ण योगदान है। युवाओं को मताधिकार और कंप्यूटर क्रांति उनकी देन है। इसी के चलते भारत 21 वीं सदी की ओर अग्रसर है। तिकोनिया पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि सभा और सहभोज कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अलावा अन्य दलों के नेता और आम लोग भी शामिल हुए। कार्यक्रम में वरुण मिश्रा, राहुल त्रिपाठी, रंजीत सिंह सलूजा, सिराज अहमद, जीशान अहमद, योगेंद्र सिंह समेत सकैड़ों लोग उपस्थित रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में बौद्ध पथ प्रदीप कार्यशाला का भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। सरस्वती विद्या मंदिर जगदीशपुर में ल्लबौद्ध पथ प्रदीपल्ल शीर्षक से चल रही कार्यशाला दिनांक 16 मई से 21 मई तक आयोजन हुआ। मंगलवार को प्रभावशाली सत्र का आयोजन किया गया, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ और यूपी के संस्कृति विभाग के तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य बौद्ध धर्म की शिक्षाओं को समकालीन परिप्रेक्ष्य में समझाना और युवाओं को आत्मप्रबोध की दिशा में प्रेरित करना है। कार्यशाला की अध्यक्षता छोटेलाल यादव और मुख्य वक्ता ए एच इंटर कॉलेज के भूतपूर्व प्रवक्ता रामदेव पाण्डेय ने बौद्ध दर्शन पर सारगर्भित व्याख्यान पेश कर किया।

संयोजक पटवर्धन दीक्षित ने बौद्ध की शिक्षाओं, चार आर्य सत्यों, अष्टांगिक



मार्ग तथा पंचशील के सिद्धांतों की विवेचना करते हुए बताया कि आज के वैश्विक संकट में बौद्ध धम्म ही शांति और समाधान का मार्ग दिखा सकता है। उन्होंने अप्प दीपो भव के माध्यम से आत्मनिर्भरता के विचार को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री द्वारा विदेशों में भारत का परिचय ल्लयुद्ध नहीं बुद्ध का देशल्ल कहकर करने को गौरवपूर्ण बताया साथ ही उन्होंने बौद्ध साहित्य को विश्व का सबसे समृद्ध साहित्य बताया। इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मान सिंह राठौर ने बताया ल्लजब पूरी दुनिया उथल पुथल के दौर से गुजर रही थी तब करुणा, मैत्री, शील और समानता जैसे बुद्ध के मूल्य ही मानवता को दिशा दे सकते हैल्ल, उन्होंने गौतम बुद्ध के पुनर्जन्म पर भी प्रकाश डाला, प्रथम सत्र दिनांक 16 को वक्ता मनु दीक्षित ने सरकार से अपील की है कि बौद्ध स्थलों के संरक्षण, पुनर्निर्माण और शोध पर ध्यान दिया जाए, इससे बौद्ध दर्शन की प्रासंगिकता को व्यापक रूप से स्थापित किया जा सकेगा। कार्यशाला में लल्लू पाण्डेय, लालू यज्ञसेनी, संजीत कौशल, सदाकांत आदि उपस्थित रहे।

### भाकियू ने समस्याओं को लेकर शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

पूरनपुर। तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। दरअसल भाकियू ने 16 मई को 6 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को सौंपा था। ज्ञापन में बताया था कि लहा गांव में धार्मिक स्थल की जमीन को अवैध कब्जा मुक्त नहीं कराया गया। गांव सिमरिया अजीतपुर बिल्हा में आवारा पशुओं की संख्या काफी अधिक है जो किसानों की फसलों को बर्वाद कर रहे हैं। तकिया दिनारपुर गांव में रास्ते से अवैध कब्जा नहीं हटवाया गया है। तहसील क्षेत्र के गांव पटिहन में तालाब को अवैध कब्जा मुक्त नहीं कराया गया। गांव चंदोखा में चकमार्ग को जोतकर खेत में मिलाने सहित 6 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौपा है और 20 मई तक समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। वहीं आज समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में ही अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करते हुए कहा कि जबतक समस्याओं का समाधान नहीं होता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान भाकियू ने पत्रकारों पर खबर लेखन को लेकर प्रधानों के द्वारा बनाए जा रहा है अनावश्यक दबाव व झूठे मुकदमे लिखवाने की मांग को लेकर भी विरोध जताया कहाँ कि पत्रकार भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करते हैं। इसलिए उनपर भी पुलिस से दबाव बनाया जा रहा है। ऐसी कई समस्याओं को लेकर आंदोलन किया जा रहा है।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर सांसद ने कार्यकर्ताओं के साथ नम आंखों से अर्पित की श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । केन्द्रीय जन सम्पर्क कार्यालय पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की चौंतीसवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर अमेठी संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने अपने शहीद महापुरुष आधुनिक भारत के निर्माता राजीव गांधी के अमेठी व भारत को इक्कीसवीं सदी की ओर अग्रसर ही नही वरन अन्य राष्ट्रों का भी मार्गदर्शन पर चर्चा हुई और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कांग्रेस के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि राजीव गांधी देश को इक्कीसवीं सदी की ओर ले जाने के अधूरे संकल्प को राहुल गांधी व प्रियंका गांधी अब पूरा करने के लिये हम सब के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि अठारह वर्ष का मताधिकार,पंचायती राज,संचार क्रांति के जनक राष्ट्र के गौरव राजीव गांधी ने अमेठी से ही विज्ञान गांव की ओर, टेक्नोलॉजी भारत ग्रामीण



जीवन का एक अंग बने।आज मजबूत भारत बनाने में हम सबके व राष्ट्र के गौरव राजीव गांधी के कार्यों को भुलाया नही जा सकता है। कंग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत कंग्रेस कार्यालय के बाहर जिला मुख्यालय गौरीगंज के केंद्रीय केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय मे लगाए गये रक्तदान शिविर में शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश सचिव डॉ आदित्य मिश्र के साथ महेंद्र मिश्र,शुभाष मिश्र,अरुण त्रिपाठी, वेद प्रकाश,राम चरण,पंकज, दीपक ने रक्तदान किया। युवक कंग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम सिंह के नेतृत्व में जय बहादुर यादव, दुर्गेश, नीरज मौर्य, आनंद सिंह, बृजेश यादव, विकास बारी, पवन वर्मा ने रक्तदान किया।युवाओं और कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में आयोजित शिविर में दर्जनों यूनिट रक्त एकत्र किया गया जो जरूरतमंदों के जीवन में आशा का संचार करेगा।पुण्यतिथि पर आयोजित भण्डारे में सांसद किशोरी लाल शर्मा ने स्वयं सैकड़ो लोगों को प्रसाद वितरित किया जिसे राहगीरों और आम नागरिकों ने ग्रहण किया जिससे जनसेवा का भाव वास्तव में धरातल पर साकार होता दिखा। इस भव्य आयोजन के अतिरिक्त अमेठी संसदीय क्षेत्र के समस्त ब्लाकों में सरबत तथा मरीजों को फल वितरण कर राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गयी।कार्यक्रम में पूर्व विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह, फरहान वारसी, बैजनाथ तिवारी,नरसिंह बहादुर सिंह माता प्रसाद वैश्य,आशीष शुक्ला,मुन्ना सिंह त्रिसुंडी, सुनील सिंह,राम दत्त यादव, नरेंद्र मिश्रा,अल्लू मियां, रवि तिवारी, अनिल सिंह, राम मिलन पथिक,मतीन, राजीव सिंह, देवेंद्र सिंह गप्पू,अर्जुन पासी,डॉ संजय सिंह, आशा पाण्डे, ममता पाण्डे, गीता सिंह, शुभम सिंह,धर्म राज बहेलिया, राम बरन कश्यप, अरविन्द चतुर्वेदी, सुमित तिवारी, सर्वेश सिंह, शकील इदरीशी, अनुपम पाण्डेय, जे बी यादव, कुलवंत सिंह, महेंद्र तिवारी,जीत लाल सरोज,राम लखन शुक्ला, त्रिभुवन पासी,राजकुमार यादव,मौजूद रहे।

### समर कैंप का जिला पंचायत सदस्य ने किया शुभारंभ बच्चे खेल कूद कर हुए उत्साहित



पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय गिधौर मैं समर कैंप के उद्घाटन में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राम प्रसाद की उपस्थिति में किया गया। बच्चों को समर कैंप में होने वाली सभी गतिविधियों के विषय में जानकारी दी गई। योग, सांस्कृतिक कार्यक्रम,इको क्लब,शिल्प कार्य,संगीत रीडिंग एंड लर्निंग कौशलों आदि पर प्रकाश डाला गया हैं।इस अवसर पर बबीता रानी इंचार्ज प्रधानाध्यापक,सहायक अध्यापिका मालती देवी,रितु बरनवाल,वेदपाल,सुनीता जोशी,रेनू शुक्ला,हर्षिता सिंह, लीलावती,संजय कुमार,छात्र व अभिभावक सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा है।

### वित्तीय अनियमितता में पूर्व अध्यक्ष व महासचिव की सदस्यता समाप्त

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बार एसोसिएशन में वित्तीय अनियमितता के मामले में कड़ी कार्रवाई की गई है। साधारण सभा की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, वर्ष 2020-21 के पूर्व अध्यक्ष नागेन्द्र कुमार सिंह और तत्कालीन महासचिव राकेश कुमार श्रीवास्तव की कल्याणनिधि से 1,83,654 रुपये प्रत्येक की राशि समायोजित की गई है। इसी प्रकार, वर्ष 2023-24 के पूर्व अध्यक्ष अरविन्द कुमार पाण्डेय और तत्कालीन महासचिव आर्तगणि मिश्र के मामले में भी कार्रवाई की गई है। दोनों की कल्याणनिधि से 4-4 लाख रुपये की राशि समायोजित की गई। इनके ऊपर 3,61,770 रुपये की शेष राशि जमा करने का निर्देश दिया गया था। निर्धारित तिथि 15 मई 2025 तक राशि जमा न करने पर दोनों की सदस्यता समाप्त कर दी गई है। यह कार्रवाई बार एसोसिएशन की 28 अप्रैल और 26 अप्रैल 2025 को आयोजित साधारण सभा की बैठकों में लिए गए निर्णयों के आधार पर की गई है। अब इन सभी पूर्व पदाधिकारियों की कल्याणनिधि से केवल नियमानुसार शेष धनराशि ही देय होगी।

### जामो पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ दो युवकों को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जामो पुलिस ने चोरी के अभियोग में वांछित दो लोगों को एक अदद तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से चोरी का एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश थाना जामो पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चोरी के मामले में वांछित मोटरसाइकिल सवार अवधेश कुमार उर्फ कोबरा पुत्र श्याम लाल व मोहित कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासीगण बलभद्रपुर थाना जामो जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में अवधेश कुमार उर्फ कोबरा के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बारह बोर एवं मोहित कुमार के कब्जे से एक अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ है। मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर दिखा नही सके और बरामद मोबाइल फोन के बारे में युवकों ने बताया कि हम दोनो ने उन्नीस मई को ग्राम पूरे परमेश्वरी शिवपुर से विनीत कुमार की मोटरसाइकिल पर रखी मोबाइल फोन को चोरी किया था।इस सम्बंध में थाना जामो के थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

### सरकारी ज़मीन पर लगे हरे पेड़ों की कटाई, प्रशासन मौन

सुल्तानपुर। एक तरफ सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए मुफ्त पौध वितरण, वृक्षारोपण अभियान और जलवायु संतुलन बनाए रखने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी तरफ ज़मीनी हकीकत इससे बिलकुल उलट दिखाई दे रही है। जिले में तापमान जहां रोज़ नया रिकॉर्ड बना रहा है, वहीं कुछ लालची तत्व निजी लाभ के लिए हरे-भरे पेड़ों को बेरहमी से काटने में जुटे हैं। ताजा मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमकोल ग्रामसभा का है। तहसील सदर के अंतर्गत आने वाले इस गांव में राजा फर्नीचर के पीछे, मुख्य सड़क के किनारे सरकारी जमीन पर वर्षों से लगे घने, छायादार वृक्षों को काटा जा रहा है। आरोप है कि यह कटाई स्थानीय स्तर पर मिलीभगत से की जा रही है, जिसमें कुछ कर्मचारी भी संलिप्त हैं। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई न केवल पर्यावरणीय संतुलन को बिगाड़ रही है, बल्कि दिन-ब-दिन बढ़ते तापमान को और विकराल बना रही है।

# अजरबैजान एवं तुर्कीये विरोध में निकला मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। तुर्कीए तथा अजरबैजान के साथ आर्थिक बहिष्कार व्यापारी कर रहे हैं, इसी के संदर्भ में फल मंडी में व्यापारी मोर्चा निकालकर इन दोनों देशों से आर्थिक बहिष्कार को लेकर प्रदर्शन किए मोर्चा सब्जी फल मंडी अध्यक्ष मोहम्मद शमीम (लइया) के नेतृत्व में निकला। जिसमें भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी सहित जिले के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

प्रदेश महामंत्री श्री त्रिपाठी ने कहा कि ल्लजब देश पर वार हो तो व्यापार नहीं!ल्ल तुर्किये और अज़रबैजान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतविरोधी पाकिस्तान का साथ देकर हमारे सैनिकों के बलिदान का अपमान किया है। फिर भी हम उनसे व्यापार करें? ऐसा संभव नहीं।

व्यापारियों ने तुरकिये तथा अजरबैजान मुर्दाबाद के नारे लगाए।




आर्थिक बहिष्कार के नारे लगाए भारत माता की जय तथा हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए नवीन मंडी अमहट भर में भ्रमण किया। प्रदेश महामंत्री श्री त्रिपाठी ने बताया कि तुर्कीये से सेब तथा खजूर आता था जो बिकता था लेकिन इस समय बंद कर दिया गया है। हम लोग अपने देश का सिर्फ बेच रहे हैं हम लोग अपने देश का सामान बेचकर देश को मजबूत करने का काम करेंगे और जो देश के साथ गद्दारी करेगा देश का साथ नहीं देगा ऐसे देश को हम आर्थिक रूप से मजबूत नहीं होने देंगे उसे आर्थिक रूप से कमजोर करने का काम करेंगे। गुलाम रसूल सीआईडी गुलाम रसूल, टीपू खान अजीज अहमद, मोनू, मोहम्मद नसीम, विजय मौर्य, मो हाशिम, मो तारिक, आरिफ बागवान, सरताज, नियाज़, मोनू सोनकर, मेराज, नदीम अनिल सोनकर, संजू श्रीवास्तव, असलम, अमर सोनकर सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

### चोरी की बाइक और नकदी के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

अमेठी । थाना फुरसतगंज पुलिस ने क्षेत्र में बीते दिनों हुई चोरी की वारदातों का खुलासा किया है।पुलिस ने चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल, अठारह हजार बानबे रुपये नकद व मोटरसाइकिल की एक बैटरी के साथ शातिर चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान चोरी के मामले में प्रकाश में आये अमरहंस गिरी पुत्र हरिशंकर गिरी निवासी सधानगिरी मजरे रामपुर जमालपुर थाना फुरसतगंज को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से सोलह हजार दो सौ रुपया नकद बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि सत्रह मई की रात में अपने साथी लवलेश यादव पुत्र रमाकान्त यादव निवासी सधानगिरी मजरे रामपुर जमालपुर थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी के साथ मिलकर दिलीप किराना स्टोर नहर कोठी फुरसतगंज से चोरी किया था और बरामद सोलह हजार दो सौ रुपये उसी चोरी के है व शेष रुपये लवलेश यादव के पास है।

### बीएसए ने बच्चों को रोली चंदन का टीका लगाकर समर कैम्प का शुभारम्भ

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्रीष्मकालीन अवकाश में बुधवार से बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन उच्च प्राथमिक विद्यालय व कंपोजिट विद्यालयों में शुरू हो रहे समर कैंप का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कम्पोजिट विद्यालय पचेहरी में फीता काटकर शुभारम्भ किया तथा बच्चों का तिलक लगाकर एवं माला पहनकर स्वागत किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा समर कैंप की आवश्यकता तथा महत्व के विषय में विस्तृत रूप से बच्चों को बताते हुये उन्हें नियमित रूप से इसमें शत प्रतिशत प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया गया।इस अवसर पर प्रथम दिवस हेतु निर्धारित स्व परिचय एक्टिविटी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा बहुत ही रोचक ढंग से बच्चों के बीच में उपस्थित रहकर करवाया गया जिसमें बच्चों ने बहुत ही उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।एआरपी अरविंद पाण्डेय व प्रमोद तिवारी के द्वारा समर कैम्प की कार्य योजना तथा उसमें होने वाली विभिन्न गतिविधियों के विषय में विस्तृत रूप से बच्चों को बताया गया।डीसी एमडीएम अरुण त्रिपाठी के द्वारा बच्चों को समर कैम्प में उत्साह पूर्वक प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया गया।कार्यक्रम का संचालन रमा शंकर यादव ने किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से नसरीन सिददीकी,रामशंकर, प्रमिला चौधरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सरकारी बिजली कंपनियों के बाजार में सूचीबद्ध होने के फायदे

सैद्धांतिक तौर पर देखा जाए तो बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण कंपनियों को सूचीबद्ध करने का निर्णय एक अच्छा विचार है। बाजार में सूचीबद्ध होने से इस क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ेगी और वित्तीय अनुशासन भी आएगा। यह बात महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह क्षेत्र अपने कामकाज में अस्पष्ट रहा है और दर्शकों से कारोबारी या वाणिज्यिक विचारों के बजाय राजनीतिक विचारों से संचालित होता रहा है। यह बात भी उत्साह बढ़ाने वाली है कि सरकारी बिजली कंपनियों ने इस तरीके से धन जुटाने में रुचि दिखाई है। सूचीबद्ध होने के बाद कंपनियों को तिमाही वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी जो इन कंपनियों में एक खास स्तर के प्रकटीकरण की व्यवस्था लागू करेगी जो इस क्षेत्र के लिए एक नई बात होगी। इस कवायद के साथ ही सरकारी क्षेत्र की बिजली कंपनियों के लिए एक असल चुनौती भी हैः वाणिज्यिक रूप से व्यावहारिक बनने के लिए इन कंपनियों को कीमतों और वितरण में जबरदस्त सुधार करने होंगे। जानकारी के मुताबिक चार कंपनियां इसकी तैयारी में जुटी हैं। इनमें से एक कंपनी गुजरात एनर्जी ट्रांसमिशन कंपनी (गेटको) ने तो रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस का मसौदा जारी करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। यह प्रॉस्पेक्टस कंपनियां सूचीबद्धता के पहले निवेशकों को जानकारी देने के लिए जारी करती हैं। छत्तीसगढ़ ने बिजली उत्पादन और वितरण कंपनी को सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव रखा है जबकि हरियाणा ने अपनी बिजली उत्पादन कंपनी की सूचीबद्धता को मंजूरी दी है। अगर इनमें से कोई योजना आगे बढ़ती है तो यह किसी सरकारी बिजली कंपनी की ओर से सूचीबद्धता की ओर पहला बड़ा कदम होगा। इन कंपनियों में गेटको बाकियों से अलग है और उसकी वित्तीय हालत औरों से अच्छी है। कंपनी को हाल ही में बिजली के पारेषण के अहम मानकों में सुधार के लिए सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरीगेशन ऐंड पावर अवार्ड मिला है। मूल्यांकन की बात करें तो यह क्षेत्र समग्र रूप से राज्य के स्वामित्व वाली वितरण कंपनियों की राजनीतिक आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील बना हुआ है जो देश के करीब 80 फीसदी बिजली वितरण को संभालती हैं और 90 फीसदी उपभोक्ताओं को आपूर्ति करती हैं। यह संदेहास्पद है कि बाजार सूचीबद्धता की आकांक्षा रखने वाली बिजली वितरण कंपनियों में खुदरा निवेशक पर्याप्त रुचि दिखाएंगे या नहीं। इन पूर्ण स्वामित्व वाली सरकारी कंपनियों को लंबे समय से विवश किया जाता रहा है कि वे उपभोक्ताओं के कुछ खास समूहों विशेषकर किसानों आदि को निःशुल्क या भारी रियायत पर बिजली मुहैया कराएं। इस नीति के कारण बिजली बिजली शुल्क में घाटा होता है और भारी नुकसान के चलते बिजली उत्पादन कंपनियों को भारी घाटा सहन करना पड़ता है। बीते दो दशकों में पांच बचाव पैकेज दिए गए लेकिन इनका बिजली वितरण कंपनियों के घाटे और बकाये पर कुछ खास असर नहीं हुआ। वर्ष 2023-24 में बिजली वितरण कंपनियों का समेकित बकाया 6.8 लाख करोड़ रुपये था। पारेषण और वितरण घाटे में भी शायद ही सुधार हुआ। 12-15 फीसदी के नुकसान लक्ष्य की जगह 16.87 फीसदी का भारी नुकसान दर्ज किया गया। लागत और राजस्व के बीच का अंतर 2023-24 में 0.21 रुपये प्रति किलोवॉट रहा जबकि बचाव योजनाओं में इसे शून्य करने का लक्ष्य तय किया गया था। यह बात दिखाती है कि राज्यों का राजनीतिक नेतृत्व बिजली की कीमतों से छेड़छाड़ करने में हिचकिचाते हैं जबकि वह इन कंपनियों की वित्तीय समस्याओं को हल कर सकती है। यह बताता है कि क्यों बिजली वितरण कंपनियों के निजीकरण के पिछले प्रयास (ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गत वर्ष इस विषय पर आशावादी ढंग से बात की थी) उस गति से मेल नहीं खा रहे हैं जिस गति से निजी निवेशक बिजली उत्पादन के क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं, जहां संस्थागत खरीदारों के साथ बड़े सौदे और परिचालन दक्षता एक हद तक बिजली वितरण कंपनियों के बकाये की भरपाई में सक्षम बनाती है। इसके अलावा एक तथ्य यह है कि ये सभी बिजली वितरण कंपनियां पूरी तरह सरकारी स्वामित्व वाली हैं।

# ट्रंप के दोहरे लक्ष्य में फंसे शुल्क समझौते

**एक महीने बाद केवल दो समझौते हो पाए हैं जिनमें एक 295 अरब डॉलर व्यापार अधिशेष वाले दुश्मन देश चीन और दूसरा केवल 12 अरब डॉलर अधिशेष वाले ब्रिटेन के साथ है। यूरोपीय संघ के साथ व्यापार सौदा अत्यंत जटिल होगा और अभी उसकी कोई उम्मीद नहीं दिख रही। ट्रंप ने यूरोपीय संघ को चीन से ज्यादा धोखेबाज कह दिया है। जापान उनके साथ टकराने की सोच रहा है। चीन से अमेरिका को अधिकतर निर्यात वियतनाम के रास्ते आता है और उस देश के साथ अमेरिका का समझौता होता नहीं दिखता। कनाडा और मेक्सिको के साथ समझौते भी लटके हुए हैं।**



अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह ऐपल के मुख्य कार्याधिकारी टिम कुक को भारत के बजाय अमेरिका में ही आईफोन बनाने की हिदायत दी। यह ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' यानी अमेरिका को सबसे ऊपर रखने की मुहिम का ही हिस्सा है। कुक की कंपनी ऐपल अमेरिका में 500 अरब डॉलर निवेश करने की घोषणा पहले ही कर चुकी है मगर ट्रंप नाखुश दिखे। ऐपल ने 2024 में भारत में 4 करोड़ आईफोन तैयार किए, जिनकी कुल कीमत 22 अरब डॉलर थी। उनमें 3.20 करोड़ फोन (17.5 अरब डॉलर मूल्य) अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया को निर्यात किए गए। कंपनी का इरादा है कि अमेरिका को निर्यात होने वाले सभी फोन की असेंबलिंग 2026 तक भारत में ही होने लगे। इसके लिए वह देश में 8 करोड़ तक आईफोन तैयार करने लगेगी। यह ऐपल के लिए भी वरदान होगा और विनिर्माण का अड्डा बनने की कोशिश कर रहे भारत के लिए भी। मगर ट्रंप की फरमाइश मामला बिगाड़ सकती है।

ट्रंप की फरमाइश याद दिलाती है कि शुल्कों पर उनकी धमकी व्यापार घाटा कम करने के लिए ही नहीं है। उनका असली मकसद विनिर्माण को वापस अमेरिका में लाना है। व्यापार घाटा कम करने और अमेरिकी उद्योग में नई जान फूंकने का उनकी दोहरी मंशा ऐपल जैसी कंपनियों की दीर्घकालीन नीतियों के आड़े आ सकती है, जो विनिर्माण को चीन से हटाकर भारत पहुंचा रही हैं। साथ ही विनिर्माण पर दांव खेलने वाले देशों के साथ भी ये नीतियां टकरा सकती हैं। मगर विनिर्माण गतिविधियां वापस लाना व्यापार वार्ता से ज्यादा पेचीदा मसला है। ऐपल को सार्वजनिक रूप से निशाना बनाना ट्रंप की इस सोच का पहला उदाहरण है। अब जर्मनी, दक्षिण कोरिया और जापान जैसे विनिर्मामांग आ सकती है। व्यापार वार्ता ज्यादा आगे नहीं बढ़ी है और यह मांग उससे भी बदतर होगी।

अब तक हुए व्यापार सौदे ट्रंप ने व्यापार अधिशेष के हिसाब से शुल्क दर तय करने से लेकर ऐसे द्वीपों पर भी भारी शुल्क लगाने का ऐलान कर दिया, जहां मनुष्य नहीं केवल पेंगुइन रहते हैं। ऐसी बेतुकी और परेशान करने वाली घोषणाओं ने आपूर्ति श्रृंखलाओं, व्यापार संबंधों और कारोबार के अर्थशास्त्र को हिला दिया है। ट्रंप ने तमाम देशों को अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के लिए 90 दिन दिए, जिसके बाद उनके दिमाग में चल रही खुराफात को समझने के लिए माथापच्ची शुरू हो गई। दुनिया भर के देश यह समझने में जुट गए कि उन्हें किस बात की सजा मिल रही है और 90 दिन में अमेरिका के साथ बातचीत कैसे की जाए। कई विशेषज्ञों को लगा कि लंबे समय से व्यापार साझेदार रहे जापान, जर्मनी और दक्षिण कोरिया जैसे बड़े देशों के साथ बड़े समझौते कर ट्रंप चीन को वैश्विक व्यापार श्रृंखलाओं से बाहर करना चाहते हैं। मगर यह सोच गलत निकली।

एक महीने बाद केवल दो समझौते हो पाए हैं जिनमें एक 295 अरब डॉलर व्यापार अधिशेष वाले दुश्मन देश चीन और दूसरा केवल 12 अरब डॉलर अधिशेष वाले ब्रिटेन के साथ है। यूरोपीय संघ के साथ व्यापार सौदा अत्यंत जटिल होगा और अभी उसकी कोई उम्मीद नहीं दिख रही। ट्रंप ने यूरोपीय संघ को चीन से ज्यादा धोखेबाज कह दिया है। जापान उनके साथ टकराने की सोच रहा है। चीन से अमेरिका को अधिकतर निर्यात वियतनाम के रास्ते आता है और उस देश के साथ अमेरिका का समझौता होता नहीं दिखता। कनाडा और मेक्सिको के साथ समझौते भी लटके हुए हैं। माना यही जा रहा है कि ट्रंप के तीखे तेवरों से कुछ व्यापार वार्ताएं हो जाएंगी मगर 90 दिन की मियाद नहीं चलेगी और 90 देशों के साथ 90 समझौते तब तक नहीं हो पाएंगे। इसके बाद ट्रंप एक बार फिर शुरू हो जाएंगे, जिससे आर्थिक अनिश्चितत उत्पन्न होगी।

मगर ऐपल का उदाहरण बता रहा है कि उत्पादन वापस अमेरिका ले जाना विवाद का बड़ा मसला होगा। ट्रंप केवल व्यापार खाता सही करने की कोशिश में नहीं हैं। ऐसा होता तो दूसरे देश अमेरिका से भारी मात्रा में तेल-गैस और कीमती हथियार खरीदकर अधिशेष को कुछ कम करते। ट्रंप चाहते हैं कि व्यापार सौदे भी हों और उत्पादन वापस भी आए। लेकिन यूरोपीय संघ के देश कमजोर वृद्धि, घटती आबादी और बढ़ते सामाजिक खर्च से जूझ रहे हैं। उनके बाजार चीन के उत्पादों से पटे हुए हैं, इसलिए वे विनिर्माण कम करने की सोच भी नहीं सकते। विकासशील देश अपने यहां लाखों-करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की जद्दोजहद में लगे हैं। विनिर्माण इसका सबसे अच्छा रास्ता हो सकता है क्योंकि इसी को बढ़ाया जा सकता है और रोजगार के बहुत मौके तैयार हो सकते हैं। कृषि क्षेत्र ऐसा नहीं कर सकता। सेवा क्षेत्र गांव-कस्बों में बेरोजगारी कम कर सकते हैं।

यह भी सच है कि ट्रंप ऐपल को अमेरिका में आईफोन बनाने पर मजबूर नहीं कर सकते। अमेरिका में आईफोन असेंबल करने के लिए कुशल लोगों की कमी है, इसके पुर्जे (चिप, डिसप्ले, कैमरा मॉड्यूल आदि) बनाने वाली कंपनियां चीन, ताइवान, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों में हैं तथा विनिर्माण के लिए जरूरी टूलिंग, परिवहन, सब-कॉन्ट्रैक्टर तथा आपूर्ति नेटवर्क जैसी सुविधाओं की भी भारी कमी है। ऐपल चुटकियों में यह सब तैयार नहीं कर सकती। इसमें बहुत खर्च और कई साल लग सकते हैं। दवा क्षेत्र की भी स्थिति भी यही है, जहां भारत होड़ में आगे है। मगर यह भी सच है कि ट्रंप को इन बातों से कोई मतलब नहीं होगा। विनिर्माण अमेरिका में वापस लाने की उनकी मांग कितनी भी बेतुकी हो, सबको परेशान करती रहेगी। पिछले चार महीनों में सबने तमाशा देखा है। मगर तमाम देशों और कंपनियों को सकते में डालने वाला दौर खत्म नहीं हुआ है। अगर आपको खामोशी दिख रही है तो वह केवल इसलिए है क्योंकि अभी व्यापार युद्ध का पहला चरण खत्म हुआ है।

**देवाशिष बसु**

# नहीं चेते तो बढ़ेगा संकट

(अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस/22 मई/विशेष)

**अतुल गोयल**

मनुष्य की ही भांति जीव-जंतु और पेड़-पौधे भी इस धरती के अभिन्न अंग हैं। विडंबना यह है कि मनुष्य ने अपने स्वार्थों और तथाकथित विकास की दौड़ में इनके अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औद्योगीकरण और अनियंत्रित मानवीय गतिविधियों के चलते वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास उजड़ चुके हैं और वनस्पतियों की कई प्रजातियां लगभग समाप्ति की कगार पर हैं। पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें सभी जैविक और अजैविक तत्व एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं, अब असंतुलित होता जा रहा है। यह असंतुलन न केवल जीव-जंतुओं के जीवन चक्र को प्रभावित कर रहा है बल्कि मनुष्य के अस्तित्व के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है।

दुनियाभर में हजारों वन्य प्रजातियां या तो पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने के कगार पर हैं। वनस्पतियों की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। जब किसी पारिस्थितिकी तंत्र से एक भी प्रजाति लुप्त होती है तो उससे जुड़ी कई अन्य प्रजातियों की कड़ी भी प्रभावित होती है, जिससे पूरी जैव श्रृंखला खतरे में पड़ जाती है। इस जैव विविधता की क्षति का असर सीधे-सीधे मानव जीवन पर भी पड़ रहा है, जिसे अब नजरअंदाज करना आत्मघाती सिद्ध हो सकता है। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं।

वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है।

लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है। हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए भी लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी पर मौजूद जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरुकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। 20 दिसंबर, 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रस्ताव पास कर इस दिवस को मान्यता प्रदान की। इस प्रस्ताव पर 193 देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए।22 मई, 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस इस वर्ष प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' विषय के साथ मनाया जा रहा है। पेड़-पौधों की संख्या पृथ्वी पर जिस तेज गति के साथ घट रही है, उसने न केवल पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ रहा है बल्कि अनेक जीव-जंतुओं और पक्षियों को उनके प्राकृतिक घरों से भी वंचित होना पड़ रहा है। परिणामस्वरूप अनेक प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों की स्पष्ट चेतावनी है कि यदि अब भी इस संकट की अनदेखी की गई तो निकट भविष्य में ऐसी भयावह स्थिति उत्पन्न होगी कि न केवल पेड़-पौधों की दुर्लभ प्रजातियां समाप्त हो जाएंगी बल्कि अनेक पशु-पक्षी भी धरती से सदा के लिए मिट जाएंगे। माना कि विकास आवश्यक है लेकिन वह ऐसा हो, जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखे। खेतों में कीटों को नियंत्रित करने वाले चिड़िया, तीतर, कौआ, गिद्ध, मोर जैसे पक्षी भी आज विलुप्ति के कगार पर हैं।

## सेहत मंत्र

## बच्चों में तेज गुस्सा हो सकता है हार्मोनल असंतुलन के कारण

कई बच्चों को बहुत तेज गुस्सा आता है और वो हर बात पर हाइपर एक्टिव हो जाते हैं और चिल्लाने लगते हैं। आमतौर पर लोग समझते हैं कि ज्यादा लाड़-प्यार की वजह से बच्चे ऐसा करते हैं। कुछ हद तक ये बात सही है कि ज्यादा लाड़-प्यार से बच्चों में विरोध करने की शक्ति आती है और वो गुस्सा कर सकते हैं मगर ऐसे मामलों में ज्यादातर बच्चे हार्मोनल असंतुल के शिकार होते हैं। अगर आप समझदारी से काम करें, तो ऐसे बच्चों को भी आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है। उम्र के कारण भी होता है चिड़चिड़ापनः 5 से 8 साल और 14 से 25 साल की उम्र के बच्चे आमतौर पर ज्यादा चिड़चिड़े होते हैं। इस उम्र के बच्चे आमतौर पर हाइपर एक्टिव होते हैं। इस उम्र में अगर बच्चों को किसी गलती के लिए टोका जाए तो उन्हें बहुत जल्दी गुस्सा आ जाता है। छोटी-छोटी बातों पर झल्लाने की आदत इस उम्र में अकसर देखने को मिलती है। क्यों आता है बच्चों को गुस्साः हॉर्मोन संबंधी असंतुलन ऐसी समस्या का मुख्य कारण है। इससे कई बार बिना किसी वजह के भी बच्चे के व्यवहार में झल्लाहट नज़र आ सकती है। टीनएजर्स में बहुत हाई लेवल की एनर्जी होती है पर आधुनिक जीवनशैली से आउटडोर गेम्स और फिजिकल एक्टिविटीज़ गायब होती जा रही हैं। ऐसे में बच्चे को अपनी एनर्जी रिलीज़ करने का मौका नहीं मिलता तो इसका असर गुस्से या आक्रामक व्यवहार के रूप में नज़र आता है। कैसे करें कंट्रोलः ओवर रिएक्ट करने के बजाय बच्चे को प्यार से समझाएं। उसे ऐसी समस्या से बचाने के लिए क्रिकेट, फुटबॉल और जूडो-कराटे जैसी फिजिकल एक्टिविटीज़ में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। अगर माता-पिता इन समस्त बातों का ध्यान रखेगे तो उनके टीनएजर्स के व्यवहार में जल्दी ही कुछ सार्थक और सकारात्मक बदलाव नज़र आने लगेंगे।

## धर्म मंत्र

## शिवालिक पहाड़ियों में विराजमान है माता बालासुंदरी, जहां होती है हर मन्नत पूरी

हरियाणा और हिमाचल की सीमा पर शिवालिक की पहाड़ियों में देव भूमि हिमाचल की गोद में बसे त्रिलोकपुर में मां बालासुंदरी देवी का मंदिर स्थित है। मंदिर में बजने वाली 81 घंटियों के अलावा यहां गूंजने वाले माता के जयकारों से न सिर्फ हिमाचल बल्कि हजारों की संख्या में भक्तजन यहां पहुंचकर अपना शीश नवाते हैं और मां वैष्णों के बाल स्वरूप के रूप में पूजी जाने वाली माता बाला सुंदरी के आशीर्वाद से खुद को धन्य मानते है। कहा जाता है कि रात्रि को स्वप्न में मां भगवती ने उस व्यापारी को बालरूप में दर्शन दिए और कहा कि मैं पिंडी रूप में तुम्हारी नमक की बोरी में आ गई थी और अब मेरा निवास तुम्हारे आंगन में स्थित पीपल वृक्ष की जड़ में है। लोक कल्याण हेतु तुम यहां एक मंदिर का निर्माण करो। सुबह होने पर व्यापारी ने पीपल का वृक्ष देखा, तभी बिजली की चमक व बादलों की गड़गड़ाहट के साथ पीपल का पेड़ जड़ से फट गया तथा माता साक्षात रूप में प्रकट हो गई। यह घटना विक्रमी संवत 1627 की बताई जाती है। उस समय सिरमौर राजधानी का शासन महाराज प्रदीप प्रकाश के अधीन था। एक रात्रि माता ने उन्हें भी स्वप्न में दर्शन देकर भक्त रामदास वाली कहानी सुनाई तथा मंदिर बनवाने की इच्छा प्रकट की। माता का आदेश पाकर महाराज प्रदीप प्रकाश ने तुरंत ही मंदिर के निर्माण का आदेश दे दिया। तीन वर्षों में ही मंदिर का निर्माण पूरा कर लिया गया।1630 में बने इस मंदिर की शोभा देखते ही बनतीहै। यह मंदिर मुगलकालीन वास्तुकला का जीता जागता प्रमाण है।

पर्यटन



## आर्ट और कल्चर के शौकीन हैं तो जरूर घूमें तवांग में दीरांग वैली

हम में से ऐसे कई लोग हैं जो घूमने के लिए किसी ऑफबीट जगह पर जाना चाहते हैं। उन्हें घूमने-फिरने से ज्यादा किसी जगह के कल्चर को जानने का शौक होता है। अगर आप भी उन लोगों में से एक हैं, तो हम आपको बताने जा रहे हैं ऐसी जगह के बारे में जहां जाकर आपको न सिर्फ भीड़भाड़ से मुक्ति मिलेगी बल्कि आपको उस जगह के बारे में जानकारी भी मिलेगी। (अरूणाचल प्रदेश) तवांग की खूबसूरत वैली दीरांग- बोमडिला से तवांग जाने के रास्ते में करीब 43 किलोमीटर दूर है एक ख़ूबसूरत वैली-दीरांग। कामेंग नदी के किनारे पहाड़ों की तलहटी पर बसा यह कस्बा ख़ूबसूरत तो है ही, इसने अपने साथ समेटी है सालों पुरानी स्थापत्य कला की विरासत भी। यहां दीरांग डजोंग नाम का एक इलाका तकरीबन 150 साल पुराना है। डजोंग के आस-पास बने पत्थर के कुछ घर करीब 500 साल पुराने बताए जाते हैं। यहां से करीब 1 किलोमीटर आगे गरम पानी का एक सोता भी है जिसे स्थानीय लोग बहुत पवित्र मानते हैं। इस सोते में आप चाहें तो डुबकी भी लगा सकते हैं। दीरांग के पास देश का अनूठा राष्ट्रीय याक अनुसंधान केंद्र भी है। 1989 में शुरू हुए इस रिसर्च सेंटर में याक से जुड़े विभिन्न पहलुओं, मसलन- उत्पादन, ब्रीडिंग, नस्लों में सुधार आदि पर अनुसंधान किया जाता है। यहां से 31 किलोमीटर दूर एक याक फार्म भी बनाया गया है। रिसर्च सेंटर देखने के लिए आपको पहले से अनुमति लेनी जरूरी है। सेलाः एक ख़ूबसूरत दर्रा समुद्र तल से करीब 4170 मीटर की ऊंचाई पर मौजूद सेला चीन की सीमा से लगे तवांग को बोमडिला और देश के बाक़ी हिस्सों से जोड़ता है। सेला लगभग सालभर बर्फ से घिरा रहता है और चारों ओर बर्फ के बीच सेला झील की ख़ूबसूरती अपने आकर्षण पाश में बांध लेती है। यह झील तिब्बत के बौद्ध धर्म में पवित्र मानी जाने वाली 101 झीलों में से एक है। उजली बर्फ से घिरी ये गहरी नीली झील इतनी ख़ूबसूरत लगती है कि सैलानियों ने इसे 'पैराडाइस लेक' नाम दे दिया है

# भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन, वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर, बाराबंकी। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता तथा भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य को नमन करते हुए बुधवार को यूनियन इंटर कॉलेज, रामनगर के प्रांगण से एक विशाल 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक श्री शरद कुमार अवस्थी ने की। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ एनसीसी के छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह शोभायात्रा प्रातः 9 बजे देशभक्ति गीतों की मधुर धुनों के बीच, हाथों में तिरंगा लिए हुए, राष्ट्रीय एकता का संदेश देती हुई यूनियन इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर पीजी कॉलेज रामनगर तथा पंचमुखी हनुमान मंदिर तक पैदल निकाली गई।

पूर्व विधायक अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा, ''हमारी सेना ने पाकिस्तान की सीमा में घुसकर आतंकवादियों का संहार कर अदम्य साहस का परिचय दिया है। इस गौरवमयी क्षण को समर्पित यह तिरंगा यात्रा हमारे वीर जवानों के सम्मान में निकाली गई है, जिसमें हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।''यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' के नारों से वातावरण गूंज उठा। प्रतिभागियों के चेहरे पर देशभक्ति की भावना स्पष्ट रूप से झलक रही थी। पीजी कॉलेज रामनगर के प्रोफ़ेसर डॉ. कौशलेंद्र विक्रम मिश्रा के नेतृत्व में कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राएं भी यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी विवेकशील, नायब तहसीलदार सैयद तहजीब हैदर, तहसीलदार महिमा मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार, थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे, उप निरीक्षक नीतू अंजलि, वरिष्ठ उप निरीक्षक सुभाष चंद्र यादव सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी तथा भाजपा नेता शेखर हरायण, प्रवेश कुमार शुक्ला, इंद्रमणि उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष कमलेश शुक्ला, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आशीष सिंह, मनोज वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रानी रावत, पूर्व अध्यक्ष बद्री विशाल त्रिपाठी, ललित वर्मा, कपिल पांडे, अजय कुमार पांडे सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, छात्र-छात्राएं एवं नागरिक भारी उत्साह के साथ उपस्थित रहे। यह तिरंगा यात्रा न केवल एक शोभायात्रा थी, बल्कि यह भारतीय सेना के पराक्रम, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना का जीवंत प्रतीक बन गई।

# एसडीएम शम्स ने किया गोशाला का निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़, बाराबंकी । उपजिलाधिकारी मोहम्मद शम्स तबरेज खान ने मंगलवार को अचानक गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उनका यह औचक निरीक्षण विकास खंड त्रिवेदीगंज के अंतर्गत ग्राम सोनिकपुर और गेरावा की गौशालाओं में किया गया, जहां उन्होंने गोवंशों के रखरखाव, चारा-पानी की उपलब्धता, गर्मी से बचाव की व्यवस्थाओं तथा स्वच्छता संबंधी प्रबंधों की विस्तारपूर्वक जांच की।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पाया कि अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं। गोवंशों के लिए चारे और पेयजल की समुचित व्यवस्था मौजूद थी। इसके अतिरिक्त उन्होंने तेज गर्मी से गोवंशों की सुरक्षा हेतु लगाए गए टीनशेड, पंखे एवं अन्य उपायों की भी समीक्षा की। उन्होंने गौशाला संचालकों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम में जानवरों के लिए विशेष देखभाल सुनिश्चित की जाए और समय-समय पर उनके स्वास्थ्य की जांच कराई जाए।

एसडीएम श्री खान ने साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि गौशालाओं में नियमित रूप से सफाई होनी चाहिए ताकि संक्रमण और बीमारियों से गोवंशों की सुरक्षा हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गौशालाओं की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।

निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से गौवंशों की देखभाल और उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस प्रकार के निरीक्षण समय-समय पर जारी रहेंगे ताकि व्यवस्थाओं में लापरवाही न हो और पशुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# प्राथमिक विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन, खेल-खेल में दे रहे ज्ञान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।मरकामऊ उच्च प्राथमिक विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अध्यापक राजेश शुक्ला ने बताया कि समर कैंप में रोचक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दी जाएगी।कैंप में बच्चों को खेल-खेल में गणितीय ज्ञान दिया जाएगा। इसके अलावा खेलकूद, क्राफ्ट, पर्यावरण, नाट्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सरकार का उद्देश्य है कि गर्मी की छुट्टियों में भी बच्चे शिक्षा से जुड़े रहें। विद्यालय में सेल्फी पॉइंट की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। क्राफ्ट के माध्यम से बनाई गई कलाकृतियों की सराहना की गई। प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।इस अवसर पर अध्यापक राजेश कुमार शुक्ला, मनीषा शुक्ला, रविन्द्र गुप्ता, रश्मि शुक्ला और श्याम गोस्वामी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# बुडन श्रेणी की बुआई में बाराबंकी के अभिनव ने हासिल किए तीसरा स्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। फील्ड आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 15वीं राष्ट्रीय आउटडोर आर्चरी चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 16 मई से 20 मई तक अंबिवली एग्रो फॉरेस्ट रेंज, वाडा, मुंबई में किया गया। इस प्रतियोगिता में देशभर के लगभग सभी राज्यों से प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इंडोर फील्ड आर्चरी एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की महासचिव श्रीमती निधि जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए बाराबंकी के अभिनव पटेल ने वुडन बो श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया और कांस्य पदक अपने नाम किया।

श्रीमती जैन ने यह भी बताया कि यह प्रतियोगिता सामान्य तीरंदाज़ी से अलग होती है, जिसमें प्रतिभागियों को जंगल के प्राकृतिक वातावरण में अपने कौशल का प्रदर्शन करना होता है। इसमें खिलाड़ियों को लक्ष्य तक की दूरी की जानकारी प्रतियोगिता के समय ही दी जाती है, जिससे चुनौती और अधिक कठिन हो जाती है। प्रतिभागियों को तीन दिनों तक 7 फीट से लेकर 93 मीटर तक की दूरी पर स्थित 28 लक्ष्यों पर निशाना लगाना होता है।

इंडोर फील्ड आर्चरी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री रामबाबू द्विवेदी ने अभिनव पटेल को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और बाराबंकी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने के लिए उनकी सराहना की।

## धर्म परिवर्तन प्रकरण, धरे गए और तीन

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना सफदरगंज पुलिस ने धर्म परिवर्तन के मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से दो बाइबिल बरामद की हैं। सफदरगंज पुलिस ने रविवार को इस मामले में कई लोगों को हिरासत में लिया था।बजरंग दल के जिला सहसंयोजक विनय सिंह की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया। सोमवार को पांच लोगों को जेल भेजा गया था। फरार आरोपियों में तीन को बुधवार गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में बांकीपुर निवासी राकेश नट उर्फ लाला, कौशाम्भी के मैहर प्रसाद उर्फ महेन्द्र और बाराबंकी के कमलेश चन्द्र शामिल हैं। मैहर प्रसाद वर्तमान में बाराबंकी के असन्द्र थाना क्षेत्र के देवीगंज में रह रहे हैं। कमलेश चन्द्र मूल रूप से रामसनेहीघाट के इटौहुआ गांव के रहने वाले हैं। वे फिलहाल जैदपुर थाना क्षेत्र के अहमदपुर में रह रहे हैं।

## हत्या मामले में दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । अपर सत्र न्यायाधीश परशुराम ने हत्या के मामले में दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास व 10हजार जुर्माना भरने की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मथुरा प्रसाद वर्मा व शैलेंद्र श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप बताया कि थाना असंद्रा के ग्राम पुरे दुलम मजरे सिल्हौर निवासिनी रजवंता पत्नी राजाराम पासी ने 21 अप्रैल 2018 को थाने में लिखित तहरीर देकर बताया कि उसके पति बीती रात घर के बाहर चारपाई पर सो रहे थे और वह घर में छत पर सो रही थी ।तभी सुबह लगभग 6:00 बजे वह सो कर उठी तो देखा उसके पति चारपाई पर मृत पड़े थे और बाएं तरफ गर्दन पर धारदार हथियार के घाव बने हुए हैं। पूरा शरीर व बिस्तर पर खून लगा है। शक के आधार पर संगत राम व सुमतराम पुत्रगण पुत्तीलाल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी ।विवेचना के दौरान हत्या के अपराध में दोनों की संलिप्तता पाई गई और दोनों की निशॉदेही पर आलकत्ल कुल्हाड़ी पुलिस ने बरामद किया था । इस दौरान यह तथ्य सामने आए कि संगत राम की शादी राजाराम ने अपने रिश्तेदार रामकिशोर की लड़की किरन से करवाई थी ।

## लख्खा इनामियां 65 मामलों में वांछित बदमाश ढेर

रामनगर बाराबंकी। एसटीएफ की टीम ने 65 मामलों में वांछित एक लाख के इनामी बदमाश ज्ञानचंद पुत्र शिवबहादुर को साहसिक मुठभेड़ में मार गिराया। खुंखार बदमाश जनपद गोंडा में थाना परसपुर के राजापुर गांव का निवासी बताया गया है। गोंडा जनपद में पासी गिरोह का सरगना था।लखनऊ-बहराइच राजमार्ग स्थित चौकाघाट रेलवे स्टेशन के पास जंगल में बदमाशों की मौजूदगी की सूचना पर एसटीएफ ने घेराबंदी कर कार्रवाई की।मुठभेड़ में ज्ञानचंद मारा गया। जबकि उसके दो साथी फरार हो गए।सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत और थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

## खेत की मेड़ बनाते समय ट्रैक्टर की चपेट में आने से मासूम की मौत

हमीरपुर। बुधवार को सुमेरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग के मजरा झंझरिया डेरा में खेत की मेड़ बनाते समय 4 वर्षीय बच्चा ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को परिजन लहुलुहान हालत में लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

सुरौली बुजुर्ग के मजरा झंझरिया डेरा निवासी जयनरायन निषाद का पुत्र आयुष 4 वर्ष गांव किनारे तालाब के पास साथियों के साथ खेल रहा था।

पचखुरा बुजुर्ग निवासी बबलू भदौरिया का पुत्र गांव निवासी जगरूप सिंह के खेत को ट्रैक्टर में करहा लगाकर खेत लेबिल कर रहा था। खेलते समय आयुष करहा की चपेट में आकर लहुलुहान हो गया। बच्चे को लहुलुहान हालत में देखकर ट्रैक्टर चालक ने बच्चे को खेत की मेड़ में दबा दिया और भागने लगा। इसी बीच अन्य बच्चों ने शोर मचा दिया। शोर मचाते ही चालक ट्रैक्टर को छोड़कर भाग निकला। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और मिट्टी में दबे बच्चे को निकालकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे। जहां बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मां उमाकांती, भाई नितेश व आर्यन का बुरा हाल हो गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

ट्रैक्टर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। मृतक का पिता बाहर रहकर मजदूरी करता है। उसे घटना से अवगत कराकर गांव बुलाया गया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि घटना हुई है। बच्चे को मिट्टी में दबाने का आरोप निराधार है।

चालक ही बच्चे को अस्पताल लेकर पहुंचा था और वहीं से मौका पाकर फरार हो गया है। अभी किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## संदिग्ध दशा में गुम हुई विवाहिता

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोतवाली रामसनेहीघाट चौकी हथौंधा क्षेत्र निवासी रामदीन की पत्नी ज्ञानवती 19 मई शाम को संदिग़दशा में लापता हुई । रामदीन ने पुलिस को तहरीर देकर गुहार की।

## अभियान में आठ किग्रा प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त, चेताया

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा द्वारा बुधवार करीब 5 बजे बाजारों में प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिससे सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल कर रहे दुकान संचालकों व सब्जी विक्रेताओं में हड़कंप मच गया।अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान में 8 किलो पॉलिथीन 1 किलो फाइबर ग्लास जप्त किया गया है तथा आगे से प्रतिबंधित पॉलीथिन का इस्तेमाल करते हुए पाए जाने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। वहीं इस अभियान में शुभम शर्मा, मो. सफीक, अब्दुल रहमान आदि लोग मौजूद रहे।

## चौपाल आयोजन, सुनी गई जन समस्याएं

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर पंचायत जैदपुर स्थित नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज में बुधवार दोपहर आयोजित चौपाल समाधान दिवह में पुलिस, राजस्व विभाग, नगर पंचायत, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे। पुलिस व राजस्व विभाग की 10 शिकायतें तो वही बिजली विभाग की 11 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें 9 का तत्काल निस्तारण कराया गया। नगर पंचायत की 1 दर्जन शिकायत स्वास्थ्य विभाग से एक भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सौरभ श्रीवास्तव, थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा, सीएससी अध्यक्ष डॉ. सुशील सरोज, जेई मिर्ज़ा परवेज हुसैन सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

# डीएम ने परखा सीमावर्ती क्षेत्र की स्वास्थ्य चिकित्सा व्यवस्था, यूनीफार्म अभाव

### स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण में अव्यवस्थाएँ

### वेतन रोका,संस्थागत प्रसव पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता







फतेहपुर निंदूरा बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आज बुधवार को तहसील फतेहपुर एवं निंदूरा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीन संचालित कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों कुर्सी टिकैतगंज बड्डूपुर और खिझना का निरीक्षण किया। विभागीय कर्डधारों ने तो इसे औचक निरीक्षण नाम दिया! तुरंत वास्तविकता भिन्न है। जिलाधिकारी के आगमन की दृष्टि कल मंगलवार से ही यहां हलचल थी। सवेरे भी साफ सफाई की चकाचौबंद व्यवस्था की जाती देखी गई। पहले से खबर होने के बाद भी अव्यवस्थाएं सिर चढ़कर बोली। एक अस्पताल में निरीक्षण दौरान डीएम साहब शौचालय व्यवस्था देखना चाहते थे प्रकाश यानी बिजली का अभाव बताकर उन्हें रोक लिया गया। सीएमओ का रसूख मानिए, परंतु वह शौचालय मीडिया की नजर से तो नहीं बच पाया। बताते चलें कि जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बुधवार को विकासखंड निंदूरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्सी, टिकैत गंज व बड्डूपुर तथा खिझना प्राथमिक केंद्र का निरीक्षण किया।करीब तीन घंटे चले निरीक्षण के दौरान सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पंपिंग सेट,आवास,प्रयोगशाला कक्ष ,वार्ड ,लेबर कक्ष,फार्मेसी,दवा का रख रखाव, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सहित सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।सबसे पहले जिलाधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्सी पहुंचे ,गाड़ी से उतरते ही मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे बोर्ड जोकि तिरछा था को सही कराने तथा प्रवेश द्वार पर जमीन पर बिछे हुए लोहे के पाइप को सही कराने के निर्देश दिए।जिस पर उन्हें बताया गया कि बजट आया है अब सही करा दिया जाएगा।

गौरतलब है कि बीते वर्ष 29 दिसंबर को महानिदेशक डॉ रतन पाल सिंह सुमन के निरीक्षण दौरान भी उक्त खामी मिली इन्हें ठीक कराने के निर्देश दिए थे।पानी की टंकी के नीचे जल भराव को देखकर डीएम ने नाराजगी जताई ,जिसपर उन्हें बताया गया कि यह पानी अभी अभी ही गिरा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपस्थित स्टाफ को पोशाक ड्रेस व नेमप्लेट अभाव को लेकर फटकार लगाई ।कहा कि कोई व्यक्ति कैसे जानेगा कि आप कौन है ?नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।परिसर में खस्ताहाल खड़ी एम्बुलेंस और पुरानी जीप की जानकारी ली।बताया गया कि नीलामी हो चुकी है उठना बाकी है।

परिसर में लगे दो इंडिया मार्का हैंड पंप में से एक खराब खामोश,तथा वाटर कूलर भी खराब मिला। ठीक कराने के निर्देश दिए हैं। परिसर में कूड़ा जलता

देखकर डीएम श्री त्रिपाठी नाराज हुए और साफ सफाई के निर्देश दिए।दीवार की सूची को सुधरवाने को कहा।,जिसपर सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि ऑर्डर दिया जा चुका है जल्द ही हो जाएगा।क्षेत्र में टीबी के मरीजों की जानकारी ली।तो बताया गया कि 98 प्रतिशत ठीक हो गए है।दवा कक्ष खुलवाकर रखरखाव देखा।लैब पहुंचे रिपोर्ट के बारे में जानकारी ली।ग्राम प्रधान से साफ सफाई कराने के निर्देश दिए।

इसके बाद श्री त्रिपाठी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टिकैतगंज जा पहुंचे ।यहां पर पानी की टंकी क्रियाशील नहीं थी।जिसे सही कराने के निर्देश दिए।बड़ी बड़ी झाड़ियां को देखकर डीएम नाराज हुए। डॉक्टर से कहा कि बीडीओ और अधीक्षक से बताए और साफ सफाई कराते रहे।

यहां पर वर्दी नेमप्लेट का अभाव था कडे निर्देश दिए।परिसर में झाड़ियों को कटवा कर वृक्षारोपण व चबूतरा निर्माण,प्रधान को साफ सफाई रंगरोगन के निर्देश दिए।

**बड्डूपुर पीएचसी अजब गजब**

**वेतन बाधित करने के निर्देश**

उन्होंने कुर्सी, टिकैतगंज और खिझना पीएचसी पर त्वरित रूप से संस्थागत प्रसव सेवाएं आरंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पीएचसी में 22 प्रकार की स्वास्थ्य जांच उपलब्ध है इन सभी जांचों के माध्यम से मरीजो का बेहतर इलाज किया जाय साथ ही आने वाले मरीजो को अस्पताल से ही सभी दवाएं उपलब्ध कराई जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड्डूपुर के निरीक्षण दौरान नाली में पानी भरा मिला,गंदा पानी बाहर निकलने की कोई व्यवस्था न देखकर कर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई।सही कराने के निर्देश दिए।परिसर में जला पड़ा कूड़ा और कूड़े ढेर को परिसर में न डालने के साथ हटाने के निर्देश दिए।लेबर कक्ष में हाइजीन मेंटेनेंस के निर्देश दिए।यहां पर फार्मासिस्ट द्वारा पोशाक ना पहनने और नेम प्लेट न लगाने पर लेकर फटकार साथ ही निर्देशों का पालन न करने को लेकर नोटिस जारी करने को कहा।परिसर में खराब पड़े बेड और बोतलों को हटाने के निर्देश दिए।

सभी पीएचसी पर आज की ओपीडी रजिस्टर देखा और पूछा कि आज कौन सी दवाइयां चलाई गई है।

**जनसुनवाई से भी मिली महत्वपूर्ण जानकारी**

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सबंधित पीएचसी के ग्राम प्रधान व ग्रामीणजनों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर समय से उपचार और आवश्यक दवाएं मिल रही हैं, जिसे लेकर उन्होंने प्रशासन के प्रति संतोष और आभार व्यक्त किया।

**सवेरे से ही थी अस्पताल में हलचल**

जिलाधिकारी के निरीक्षण को लेकर सुबह से ही सफाई कर्मी सक्रिय दिखे।यहां तक कि कुर्सी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जिलाधिकारी के आने से तुरंत पहले तक दीवारों से जाला छुड़ाया जाता रहा।निरीक्षण के दौरान एसडीएम फतेहपुर कार्तिकेय सिंह,सीएमओ डॉ अवधेश कुमार,बीडीओ निंदूरा आलोक वर्मा,कानूनगो कैलाश बहादुर, लेखपाल प्रिंस शर्मा, कपिलदेव,सचिव राजेश निगम, अभिनव श्रीवास्तव, सुधाकर सिंह,ब्रजकिशोर कुशवाहा, अभिनव श्रीवास्तव, सुधाकर सिंह,ब्रजकिशोर कुशवाहा,ग्राम प्रधान मो फैसल सहित समस्त पीएचसी स्टॉफ मौजूद रहा।

# खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 : हरियाणा और दिल्ली ने मणिपुर को हराकर सेपक टकरा टीम वर्ग का जीता स्वर्ण

एजेंसी



दीव । हरियाणा और दिल्ली ने बुधवार को खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 में क्रमशः महिला और पुरुष ट्रीयो टीम फाइनल में पारंपरिक सेपक टकरा की ताकतवर मणिपुर को हराकर स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं के फाइनल में हरियाणा ने अनुभवी मणिपुर की टीम के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। मणिपुर को भारत में सेपक टकरा का गढ़ माना जाता है। कप्तान 20 वर्षीय मोनिका की अगुवाई में हरियाणा की महिला सेपक टकरा टीम ने शीर्ष सम्मान हासिल करने के लिए उत्साह और युवा जोश से भरपूर प्रदर्शन किया। मैच के बाद मोनिका ने कहा, टीम के लिए यह जीत हासिल करना और स्वर्ण पदक जीतना मुझे बहुत खुशी है। हमें पता था कि वे मजबूत हैं, लेकिन हमने अपना दबदबा नहीं खोया।ङ्क उन्होंने अपनी जीत का श्रेय चरखी दादरी, भिवानी और रोहतक जैसे शहरों में की गई कड़ी आउटडोर प्रैक्टिस को दिया। उन्होंने कहा, ''हम आउटडोर ग्राउंड पर ट्रेनिंग करते हैं, जिससे हमें बीच की सतह के हिसाब से ढलने में मदद मिली। यह प्लेटफॉर्म हमें काफी बढ़ावा देगा।'' पुरुष वर्ग में दिल्ली ने रोमांचक फाइनल में मणिपुर को 2-1 से हराया। दिल्ली टीम के कप्तान 35 वर्षीय संदीप कुमार ने बताया कि अचानक परिस्थितियों में आए बदलाव ने कैसे अहम भूमिका निभाई। राष्ट्रीय राजधानी में यमुना नदी के किनारे मजनू का टीला के पास टीम के साथ अभ्यास करने वाले संदीप ने कहा, ''बारिश से पहले हम पहला रेगुलेशन हार गए थे, लेकिन मौसम हमारे पक्ष में हो गया।'' उन्होंने कहा, ''खेलो इंडिया बीच गेम्स एक बेहतरीन मौका है। हम स्वर्ण जीतने के स्पष्ट लक्ष्य के साथ आए थे। मणिपुर हमेशा से एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी रहा है, लेकिन हम भी मजबूत हैं। दोनों टीमों ने राष्ट्रीय स्तर पर कई स्वर्ण पदक साझा किए हैं।'' मणिपुर के लिए दो उलटफ़ेर का मतलब दो रजत पदक हैं। नागालैंड और उत्तर प्रदेश ने महिलाओं की स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जबकि असम और तमिलनाडु ने पुरुषों की स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

# एशिया कप जूडो प्रतियोगिता में कोंडागांव की रंजीता उज्बेकिस्तान में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

एजेंसी





जगदलपुर । अंतरराष्ट्रीय जूडो महासंघ के द्वारा उज्बेकिस्तान के तस्कीन में उज्बेकिस्तान जूडो संघ द्वारा एशिया कप जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 25 मई तक किया जा रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले की कुमारी रंजीता कुरेटी 52 किलो वजन वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। जिला जूडो संघ बस्तर के सचिव एवं प्रदेश जूडो संघ के संयुक्त सचिव अब्दुल मोईन ने बुधवार को प्रदेश संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी के हवाले से बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई की स्पोर्ट्स ऑफिसर, राष्ट्रीय जूडो चैंपियन, ब्लेक बेल्ट थर्ड डॉन और अंतरराष्ट्रीय निर्णायक किरण राव भी उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने उज्बेकिस्तान रवाना हो गई हैं। रंजीता कुरेटी और किरण राव दोनों आज बुधवार रात को उज्बेकिस्तान पहुंच जायेंगी। इन दोनों की उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, महासचिव शम्भू सोनी, संयुक्त सचिव अनीस मेमन, अंतरराष्ट्रीय निर्णायक शेख शरीफ, सरजीत सिंह बक्शी, परमजीत सिंह, राजकुमार जायसवाल सहित समस्त जिला संघो के पदाधिकारियों ने बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में पटना (बिहार) में सम्पन्न खेलो इण्डिया यूथ गेम्स में रंजीता ने हिमाचल, महाराष्ट्र, दिल्ली के खिलाड़ियों को हराकर कर फाइनल में मध्यप्रदेश की नैंसी को पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया था। छत्तीसगढ़ के सुदूर बस्तर क्षेत्र की खिलाड़ी रंजीता ने जनवरी 2025 में पुणे नेशनल में बेस्ट प्लेयर का खिताब जीतकर भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से (जॉर्जिया) विदेश में जूडो प्रशिक्षण हेतू चयनित हो चुकी हैं। रंजीता का अंतरराष्ट्रीय जूडो स्पर्धा में खिलाड़ी के रूप में चयन होना राज्य के खेल जगत के लिए गौरवशाली पल है।

# प्रधानमंत्री मोदी के 'खेलों की शक्ति' वाले संदेश से मिली प्रेरणा : कोच पुलेनो

एजेंसी



दीव। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलो इंडिया बीच गेम्स के पहले संस्करण के उद्घाटन पर एक वीडियो संदेश में खेलों की परिवर्तनकारी शक्ति की बात की और कहा कि यह आयोजन भारत के खेल इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। नगालैंड की महिला सेपक टकरॉ टीम की कोच पुलेनो नेइखा पूरी तरह से पीएम मोदी की इस सोच से सहमत हैं। पुलेनो के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में नगालैंड में खेलों का प्रभाव साफ दिखाई देने लगा है और भारत सरकार की यह अनूठी पहल राज्य की लड़कियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलने जा रही है। सेपक टकरॉ नगालैंड का सबसे लोकप्रिय खेल है। इसकी शुरुआत 1995 में शारीरिक शिक्षा अध्यापक होल्से खारियो द्वारा एक मनोरंजन गतिविधि के रूप में की गई थी, जिसे भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने तकनीकी सहायता प्रदान की थी। तब से यह खेल राज्य में लगातार विकसित हुआ है और अब बड़ी संख्या में लड़के और लड़कियां इसमें पंजीकृत हैं। वर्ष 2004 से राज्य सरकार ने दीमापुर में सेपक टकरॉ के लिए विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की। पुलेनो, जो खुद एक राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी और 2018 एशियन गेम्स में भारतीय टीम की कोच रह चुकी हैं, वर्तमान में इसी अकादमी में लड़कियों को प्रशिक्षित कर रही हैं। उनकी टीम की छह लड़कियां वर्तमान में नगालैंड पुलिस में कार्यरत हैं, जिनमें से तीन को सेपक टकरॉ में उपलब्धियों के कारण नौकरी मिली है। पुलेनो ने साई मीडिया से कहा, ल्लहमारी लड़कियों ने हर स्तर पर पदक जीते हैं। हमने खेलो इंडिया बीच गेम्स के पहले संस्करण में कांस्य पदक जीता। इससे पहले गोवा नेशनल गेम्स और इस साल जनवरी में सीनियर नेशनल्स में भी पदक जीते। इसके अलावा हमारे लड़के और लड़कियां बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में कई पदक जीत चुके हैं।ङ्क उन्होंने कहा, हमारे खिलाड़ी हर खेलो इंडिया आयोजन में लगातार पदक ला रहे हैं। अब जब भारत सरकार ने बीच गेम्स शुरू किए हैं, तो मुझे लगता है कि यह हमारे बच्चों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलेगा। पुलेनो ने साझा किया कि नागालैंड में सेपक टकरॉ को एक स्वीकृत खेल के रूप में व्यापक पहचान मिली है और राज्य सरकार इसे बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है। उन्होंने कहा,ल्लगोवा नेशनल गेम्स और सीनियर नेशनल्स में पदक जीतने के बाद सरकार ने खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार भी दिए। यह खेल लगातार खेलो इंडिया मंच पर शामिल हो रहा है और अब बीच गेम्स के पहले संस्करण में इसकी भागीदारी यह दर्शाती है कि यह

## मलेशिया मास्टर्स 2025: प्रणय और करुणाकरण दूसरे दौर में, सिंधु बाहर

नई दिल्ली। मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 में भारत के एच.एस. प्रणय और सतीश करुणाकरण ने शानदार जीत दर्ज करते हुए पुरुष सिंगल्स के दूसरे दौर में जगह बना ली है। हालांकि, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु का सफर पहले ही दौर में समाप्त हो गया। प्रणय ने दिन की शुरुआत करते हुए जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो को कड़े मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराया। यह मैच एक घंटे 22 मिनट तक चला। इसके बाद सतीश करुणाकरण ने भी बड़ा उलटफ़ेर करते हुए ताइवान के तीसरी वरीयता प्राप्त चोउ तिएन चेन को सिर्फ 39 मिनट में 21-13, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। पुरुष खिलाड़ियों के लिए यह दिन शानदार रहा, क्योंकि भारत के युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने भी ब्रायन यांग (कनाडा) को 20-22, 21-10, 21-8 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

# संक्षिप्त समाचार

## पीकेएल 2025: गुजरात जाइंट्स के जयवीर शर्मा बने नए हेड कोच

अहमदाबाद। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2025 की प्लेयर ऑक्शन 31 मई से एक जून तक होने वाली है। इसके पहले, अदानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जाइंट्स ने नए सत्र के लिए रणनीतिक बदलाव करते हुए अपनी कोचिंग स्टाफ में बदलाव किया है। जयवीर शर्मा को गुजरात जाइंट्स का नया हेड कोच नियुक्त किया गया है, जबकि वरिंदर सिंह संधू असिस्टेंट कोच की भूमिका निभाएंगे। तीन दशकों से अधिक अनुभव वाले जयवीर भारतीय कबड्डी के सबसे सम्मानित कोचों में से एक हैं। वह चैंपियनशिप जीतने वाले कोच हैं और उनके पास शानदार रिकॉर्ड के साथ गहन तकनीकी समझ भी है। 1992 से स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के साथ काम कर रहे जयवीर ने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के करियर को आकार दिया है। उनकी कोचिंग में भारतीय टीम ने एशियाई खेलों, कबड्डी वर्ल्ड कप और कई बड़े टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीते हैं।

जयवीर शर्मा ने फ्रेंचाइजी की ओर से जारी एक बयान में कहा, ल्लगुजरात जाइंट्स का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। मैं टीम में एक निडर और विनम्र सोच विकसित करना चाहता हूं, ताकि हम पीकेएल में सबसे मजबूत दावेदार बन सकें। अदानी स्पोर्ट्सलाइन का धन्यवाद, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और यह अवसर दिया। मैं ऑक्शन और टीम बनाने के लिए उत्सुक हूं।

2017 से पीकेएल में खेल रही गुजरात जाइंट्स ने कई सितारों जैसे रोहित गुलिया, सचिन तंवर, सुनील कुमार, पर्वेश भैंसवाल और पवन सहरावत को निखारा है, जो लीग के अहम खिलाड़ी बन गए हैं। गुजरात जाइंट्स को युवा कोचिंग टैलेंट को मौका देने का भी गर्व है। इसका उदाहरण है मनप्रीत सिंह, जो अब तक पीकेएल के सबसे सफल कोचों में से एक हैं। इस परंपरा को जारी रखते हुए वरिंदर संधू को टीम में शामिल किया गया है। वरिंदर के पास 17 साल भारतीय सशस्त्र बलों में सेवा का अनुभव है। वे नेतृत्व, अनुशासन और आधुनिक तकनीकी कौशल लेकर आए हैं।

वरिंदर जयवीर के मार्गदर्शन में पीकेएलकी दुनिया में कदम रखेंगे। वरिंदर भारतीय महिला कबड्डी टीम के हेड कोच रह चुके हैं और 19वें एशियाई खेल 2023 (हांग्जो, चीन) और 6वें एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप 2025 (ईरान) में कई ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीताए हैं। उन्होंने पंजाब राज्य टीम और भारतीय वायु सेना को भी नेशनल गेम्स 2023 और 2025 में कोचिंग दी है। वरिंदर ने कहा, गुजरात जाइंट्स परिवार का हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हूं। यह दुनिया की सबसे बड़ी कबड्डी लीग का हिस्सा बनने का शानदार मौका है। मैं पहली बार खिलाड़ी ऑक्शन का अनुभव लेने को उत्सुक हूं और नई टीम बनाने में मदद करना चाहता हूं। मैं हेड कोच जयवीर के साथ मिलकर टीम की सफलता में योगदान दूंगा। अदानी स्पोर्ट्सलाइन के चीफ बिजनेस ऑफिसर संजय अदेसरा ने नए कोचिंग स्टाफ का स्वागत करते हुए कहा, ल्लहम जयवीर शर्मा और वरिंदर सिंह संधू को गुजरात जाइंट्स परिवार में शामिल करके खुश हैं। दोनों के पास बेहतरीन कोचिंग अनुभव और काबिलियत है, जो टीम को खिताब तक पहुंचाने में मददगार साबित होगी। उन्होंने आगे कहा, अदानी स्पोर्ट्सलाइन का दर्शन है कि युवा खिलाड़ियों और कोचों को सही मंच देना चाहिए ताकि वे तरक्की कर सकें। वरिंदर संधू का टीम में आना, हेड कोच जयवीर के नेतृत्व में, हमारे लिए एक मजबूत भविष्य की ओर कदम है।ङ्क

## केविन डी ब्रुएने को मैनचेस्टर सिटी का खास सम्मान, अकादमी में बना मोज़ेक और सड़क का नाम किया समर्पित

लंदन। मैनचेस्टर सिटी ने अपने दिग्गज मिडफील्डर केविन डी ब्रुएने को एक यादगार सम्मान देते हुए सिटी फुटबॉल अकादमी में उनका एक भव्य मोज़ेक स्थापित किया है और अकादमी से फर्स्ट टीम सेंटर को जोड़ने वाली सड़क का नाम 'केविन डी ब्रुएने क्रेसेंट' रखा है। डी ब्रुएने को यह सम्मान क्लब के चेयरमैन खलदून अल मुबारक ने मंगलवार को व्यक्तिगत रूप से सौंपा। ट्रेनिंग पिच के पास लगाए गए इस मोज़ेक में डी ब्रुएने का एक जश्न मनाने वाला पोज दर्शाया गया है। इसे मैनचेस्टर के स्थानीय कलाकार और क्लब समर्थक मार्क कैनेडी ने तैयार किया है। यह स्मृति-चिन्ह क्लब के महान खिलाड़ियों—याया टूर, जो हार्ट, डेविड सिल्वा, विंसेंट कंपनी, सर्जियो एगुएरो, फर्नांडिन्हो और इल्काय गुंडोगन—को पहले दिए गए सम्मानों की श्रृंखला में नया नाम है। केविन डी ब्रुएने ने मंगलवार को बोरनमाउथ के खिलाफ एतिहाद स्टेडियम में अपना अंतिम घरेलू मुकाबला खेला। जून में अनुबंध समाप्त होने के बाद वह क्लब को अलविदा कहेंगे। 2015 में जर्मन क्लब वोल्फ्सबर्ग से सिटी से जुड़ने के बाद डी ब्रुएने ने क्लब के लिए 420 मैचों में 108 गोल किए। 33 वर्षीय इस बेल्जियम मिडफील्डर ने अपने दशक लंबे कार्यकाल में सिटी के सबसे सफल खिलाड़ी का दर्जा प्राप्त किया।

# मध्य प्रदेश लीग की शुरुआत 12 जून से, ग्वालियर करेगा मेजबानी

एजेंसी

ग्वालियर। शंकरपुर स्थित श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में 12 जून से मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) का नया सीज़न शुरू होने जा रहा है। पहले इसका आयोजन इंदौर में किया जाना था, लेकिन मौसम की परिस्थितियों और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के देर से समापन के कारण इस वर्ष एमपीएल को इंदौर से स्थानांतरित कर ग्वालियर में आयोजित किया जा रहा है। पिछले वर्ष एमपीएल के पहले संस्करण की मेज़बानी भी ग्वालियर ने ही की थी, जिससे यह स्थान खिलाड़ियों और आयोजकों दोनों के लिए परिचित है। ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन (जीडीसीए) द्वारा मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित यह लीग मूल रूप से 27 मई से इंदौर में शुरू होने वाली थी, लेकिन आईपीएल के शेड्यूल में बदलाव के चलते निर्धारित कार्यक्रम से मेल खा रही थी। पिछले सीजन में पुरुषों की प्रतियोगिता में पांच टीमें शामिल थीं, लेकिन इस बार इसमें बुंदेलखंड और चंबल क्षेत्रों की दो नई टीमों को जोड़ा गया है। मध्य प्रदेश लीग को लेकर अध्यक्ष महानार्यमन सिंधिया ने एक आधिकारिक बयान में कहा,''प्रथम संस्करण के आयोजन के चलते ग्वालियर हमारे खिलाड़ियों और प्रशंसकों के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है और हम यहां दोबारा लौटकर बेहद उत्साहित हैं। इसके अलावा दो नई पुरुष टीमों और पहली बार महिला लीग की शुरुआत के चलते ये हमारे हमारे लिए और भी खास हो गया है। मैं सभी टीमों और खिलाड़ियों को उनके भविष्य के लिए बधाई देता हूं।' टूर्नामेंट में बदलाव को लेकर एमपीएल के सीईओ रवि पाटनकर ने कहा, ''मुझे यह जानकारी देते हुए बहुत खुशी हो रही है कि स्थानांतरण की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। नई तारीख के साथ हम एक रोमांचक और सुचारू टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। टीमों की जर्सी का अनावरण समारोह 27 मई को ग्वालियर में आयोजित किया जाएगा। इस बार के सीज़न में पहली बार महिला क्रिकेट लीग का आयोजन भी किया जा रहा है, जो पुरुषों के मैचों के साथ ही खेली जाएगी। महिला प्रतियोगिता में तीन टीमें शामिल होंगी, जिनमें भोपाल की टीम भी शामिल है।

# पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में उतरेंगी भारतीय महिला बॉक्सर

एजेंसी

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार भारतीय महिला मुक्केबाज़ अंतरराष्ट्रीय रिंग में उतरने के लिए तैयार हैं। भारतीय बॉक्सर दो बड़े टूर्नामेंट थाईलैंड ओपन और वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में हिस्सा लेंगी। थाईलैंड ओपन 24 मई से बैंकॉक में खेला जाएगा, जबकि वर्ल्ड बॉक्सिंग कप का आयोजन 30 जून से अस्ताना, कज़ाखस्तान में किया जाएगा। थाईलैंड ओपन में उतरेंगी रजत पदक विजेता, वर्ल्ड कप में दिखेंगी राष्ट्रीय चैंपियन भारतीय बॉक्सिंग फ़ेडरेशन (बीएफआई) की नई चयन नीति के अनुसार, वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में राष्ट्रीय चैंपियन उतरेंगी, जबकि थाईलैंड ओपन में रजत पदक विजेताओं को मौका मिलेगा। यह चयन प्रक्रिया पुरुष और महिला दोनों वर्गों पर समान रूप से लागू की गई है। ओलंपिक साइकिल के दौरान बीएफआई के राष्ट्रीय कैंप्स में देरी और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप को कई बार स्थगित किए जाने के चलते भारतीय मुक्केबाज़ों को एशियन चैंपियनशिप और स्ट्रैंडजा मेमोरियल जैसे अहम टूर्नामेंटों से बाहर रहना पड़ा। पुरुष बॉक्सर्स ने अप्रैल में वर्ल्ड बॉक्सिंग कप के ज़रिए वापसी कर ली थी, लेकिन महिलाओं के राष्ट्रीय मुकाबले मार्च के अंत में आयोजित होने के कारण उन्हें देर से मौका मिला। बीएफआई के चुनाव फिलहाल अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हैं। ऐसे में विश्व बॉक्सिंग संस्था द्वारा गठित अंतरिम समिति भारतीय मुक्केबाज़ी से जुड़ी सभी गतिविधियों का संचालन कर रही है। भारतीय महिला बॉक्सर्स की यह वापसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनके लिए एक अहम अवसर होगी, जहां वे अपने कौशल और आत्मविश्वास का प्रदर्शन कर सकेंगी।

## सर्राफा बाजार में जोरदार तेजी से उछला सोना, चांदी भी हुई लखपति

नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 1,740 रुपये से लेकर 1,900 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी ने भी आज 1,900 रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,420 रुपये से लेकर 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,300 रुपये से लेकर 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज एक बार फिर एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# तीन दिनों की गिरावट के बाद शेयर बाजार में लौटे खरीदार, मजबूती के साथ बंद हुए संसेक्स और निफ्टी

एजेंसी



नई दिल्ली। लगातार तीनों दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार में आज खरीदार लौटते नजर आए। आज के कारोबार में सेंसेक्स एक बार फिर 82 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 24,900 अंक के स्तर को पार कर गया। हालांकि बाद में हुई बिकवाली के कारण दोनों सूचकांक ऊपरी स्तर से नीचे फिसल गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.51 प्रतिशत और निफ्टी 0.52 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज पूरे दिन के कारोबार के दौरान रियल्टी, डिफेंस और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह बैंकिंग, आईटी, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, टेक और मेटल इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स आज गिरावट का शिकार हो गया। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर मजबूती बनी रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.90 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 441.06 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 438.03 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.03 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,115 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,301 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,678 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 136 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,558 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,630 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 928 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 शेयर बढ़त के साथ और 6 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 36 शेयर हरे निशान में और 14 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 141.17 अंक की बढ़त के साथ 81,327.61 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के कुछ देर बाद ही खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली ई–निविदाएँ एकल पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल पर प्रस्तावित व्यासनगर से ब्लॉक हट "K" के मध्य दोहरीकरण, जंघई–मड़ियाहू–जाफराबाद (48 किमी) दोहरीकरण, फाफामऊ स्टेशन (NR) से कुँवाडीह (NER) (10 किमी) के मध्य फ्लाइओवर एवं वाराणसी–पं. दीन दयाल उपाध्याय– तीसरी एवं चौथी लाइन के प्रस्तावित दोहरीकरण के संबंध मे फाइनल लोकैशन सर्वे जैसे लेवलिंग, संरेखण, मिट्टी की जांच, योजना, एल सेक्शन, पुलों की जीएडी आदि, बिलों की मात्रा एवं डी पी आर बनाने सहित अन्य सहायक कार्य । |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 05 (पाँच) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 135.39 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 2,17,700/- |
| 5 | ई–निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनांक 13.06.2025 को समय 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 13.06.2025 को समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 22.05.2025 से आई.आर.ई.पी.एस के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगें व दिनांक 30.05.2025 से 13.06.2025 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्या 33–टेण्डर/उपमुइंजी/नि./वाराणसी दिनाँक: 20.05.2025 1485/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मुर्शिदाबाद में सुनियोजित हिंसा माफी मांगे ममता : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा है कि मुर्शिदाबाद हिंसा के मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट ने हिंसा में तृणमूल कांग्रेस की संलिप्तता तथा हिंदू विरोधी मानसिकता को फिर से उजागर कर दिया है और राज्य की मुख्यमंत्री को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डा सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब यह निर्विवाद रूप से स्पष्ट हो गया है कि तृणमूल नेताओं के इशारे पर और धर्म के आधार पर सुनियोजित हिंसा हुई।

उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी की नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस अपनी विशिष्ट प्रकार की राजनीति में देश की



आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक ताने-बाने को ध्वस्त करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उन्होंने कहा कि पहले भी कई बार इसकी झलक पश्चिम बंगाल में देखने को मिल चुकी है और अब न्यायालय द्वारा गठित एसआईटी की रिपोर्ट के माध्यम से एक बार फिर यह तथ्य प्रमाणित हो गया है। यह एसआईटी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर गठित की गई थी, जिसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, पश्चिम बंगाल विधिक सेवा प्राधिकरण और पश्चिम बंगाल न्यायिक सेवा से एक-एक सदस्य शामिल किये गए थे। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इन तथ्यों के प्रकाश में आने के बाद पश्चिम बंगाल सरकार अब यह नहीं कह सकती कि वहां हिंसा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अब यह निर्विवाद रूप से स्पष्ट है कि सुनियोजित हिंसा हुई, तृणमूल नेताओं के इशारे पर हुई और धर्म के आधार पर हुई। भाजपा नेता ने सुश्री बजर्जी से पूछा कि क्या अब वह अपने नेताओं पर कार्रवाई करेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा स्पष्ट रूप से जानना चाहती है कि एसआईटी की रिपोर्ट आने के बाद मुख्यमंत्री इन नेताओं पर कब कार्रवाई करेंगी और क्या वह मारे गए निर्दोष लोगों के अपमान पर सार्वजनिक माफी मांगेंगी?

# गिर की शान 'एशियाई शेरों' की संख्या बढ़कर हुई 891: पटेल

एजेंसी

गांधीनगर। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को गांधीनगर में राज्य में कराई गई 16वीं एशियाई शेरों की गणना के आंकड़ों की घोषणा करते हुए बताया कि राज्य में गिर की शान 'एशियाई शेरों' की अनुमानित संख्या 891 हो गयी है।

श्री पटेल ने कहा कि इस 16वीं गणना के आंकड़ों के अनुसार एशियाई शेरों की कुल संख्या 891 पाई गई है, जिसमें 196 नर, 330 मादा और उप-वयस्क तथा शावक शामिल हैं। राज्य सरकार के वन विभाग की ओर से हर पांच साल में 'डायरेक्ट बीट वेरिफिकेशन' यानी ब्लॉक काउंट पद्धति से शेरों

की आबादी की गणना की जाती है। इस वर्ष 10 से 13 मई के दौरान 11 जिलों की 58 तहसीलों के 35 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में वनकर्मियों, सरपंचों एवं ग्रामीणों सहित 3854 लोग गणना के इस कार्य में शामिल हुए। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल द्वारा शेरों की आबादी के आंकड़ों की घोषणा के अवसर पर वन मंत्री मुलुभाई बेरा, राज्य मंत्री मुकेश पटेल, मुख्य सचिव पंकज जोशी और मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एम.के. दास भी मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में राज्य में शेरों की आबादी का अनुमान लगाने पिछली परंपरागत पद्धति को बदलकर 'टोटल काउंट बाई डायरेक्ट साइटिंग एट ब्लॉक सिस्टम' पद्धति कार्यान्वित की थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 74वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एशियाई शेरों के दीर्घकालिक संरक्षण एवं संवर्धन के लिए की गई 'प्रोजेक्ट लायन' की घोषणा के अंतर्गत हाल ही में गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की बैठक में 'प्रोजेक्ट लायन 2047' के भविष्योन्मुखी आयोजन के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया। श्री पटेल ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रोजेक्ट लायन 2047 शेरों की देखभाल, संवर्धन और संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को बेहतर तरीके से साकार करेगा। मुख्यमंत्री ने यह साफ किया कि भौगोलिक परिस्थिति और जलवायु की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि वन्य प्राणी संरक्षण के प्रति सरकार के सतर्क और सतत दृष्टिकोण से ही शेरों की आबादी में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए कहा कि 2001 में शेरों की संख्या 327, 2005 में 359, 2010 में 411, 2015 में 523 और 2020 में 674 थी, जो अब बढ़कर 891 हो गई है। मुख्यमंत्री ने शेरों की आबादी का अनुमान लगाने में उपयोग में ली गई मॉडर्न टेक्नोलॉजी के बारे में विस्तार से बताया। व्यक्तिगत पहचान में मदद के उद्देश्य से तस्वीरें लेने के लिए डिजिटल कैमरे और कैमरा ट्रैप्स जैसे विभिन्न तकनीकी उपकरणों का उपयोग किया गया। कुछ शेरों को रेडियो कॉलर भी लगाया गया था, जिससे उस शेर और उसके समूह की लोकेशन का पता लगाने में मदद मिली थी। इसके अलावा, शेर अवलोकन की रीयल टाइम डेटा एंट्री करने में 'ई-गुजफॉरेस्ट' एप्लीकेशन सहायक सिद्ध हुआ, जिसमें जीपीएस लोकेशन और तस्वीरों का समावेश होने से सटीकता और दक्षता में वृद्धि हुई। जीआईएस सॉफ्टवेयर का उपयोग सर्वेक्षण क्षेत्रों को रेखांकित करने और शेरों की गतिविधियों, वितरण पैटर्न और आवास उपयोग को ट्रैक करने के लिए विस्तृत नक्शा विकसित करने में किया गया। आवश्यकता पड़ने पर तस्वीरों का उपयोग कर शेरों की व्यक्तिगत पहचान करने में सक्षम एआई-आधारित सॉफ्टवेयर का भी उपयोग किया गया है। प्रारंभ में वन एवं पर्यावरण विभाग के अपर सचिव संजीव कुमार ने वन विभाग द्वारा शेरों की जनसंख्या का अनुमान लगाने के लिए त्रिस्तरीय काउंट पद्धति से किए गए डेटा एनालिसिस और रीयल लायन ट्रैकिंग की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख डॉ. ए.पी. सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षण डॉ. जयपाल सिंह और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# पहलगाम खुफिया विफलता के लिए शाह जिम्मेदार : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस ने पहलगाम आतंकी हमले को सुरक्षा चूक बताते हुए इसे ख़ुफ़िया तंत्र की बड़ी विफलता करार दिया और कहा कि इसके लिए गृहमंत्री अमित शाह पूरी तरह से जिम्मेदार हैं।

कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के अध्यक्ष कर्नल रोहित चौधरी और विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) अनुमा आचार्य ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह आतंकी हमला पूरी तरह से खुफिया विफलता और सुरक्षा की चूक है और इसकी जिम्मेदारी श्री शाह को लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के घटनास्थल पर न तो कोई सुरक्षा पोस्ट थी, न ही कोई सुरक्षाकर्मी मौजूद था जबकि श्री शाह ने हमले से कुछ दिन पहले ही सुरक्षा का जायजा लिया था और कहा था कि सब ठीक है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि 17 अप्रैल का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा सुरक्षा कारणों से रद्द कर दिया गया था। इसका मतलब है कि कुछ खुफिया सूचनाएं मिली थीं। अगर मोदी सरकार को ये सूचनाएं मिली थीं, तो एहतियाती कदम क्यों नहीं उठाए गए। उन्होंने कहा कि अमित शाह को खुफिया और सुरक्षा विफलता की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, क्योंकि सुरक्षा और खुफिया की व्यवस्था सीधे केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आती है। उन्होंने इस बात पर भी ध्यान दिलाया कि पिछले चार वर्षों में जम्मू कश्मीर के शहरों से राष्ट्रीय राइफल्स और सेना की तैनाती हटा दी गई है; उन्हें केवल आतंकवादी विरोधी अभियानों और नियंत्रण रेखा पर तैनात किया गया है। इस दौरान सारी सुरक्षा व्यवस्था गृह मंत्रालय ने अपने नियंत्रण में ले ली है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी इस मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रही है लेकिन मांग करने की बजाय श्री मोदी पिछली दोनों सर्वदलीय बैठकों से अनुपस्थित रहे।

# अशोका विवि के प्रो. महमूदाबाद को सुप्रीम कोट ने दी अंतरिम जमानत

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफ़ेसर अली खान महमूदाबाद को सोशल मीडिया पर 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित कथित आपत्तिजन टिप्पणी मामले में बुधवार को सशर्त अंतरिम जमानत दे दी।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता को राहत देते हुए अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश पारित किया। सुप्रीम कोर्ट ने हालांकि,मामले में प्रोफ़ेसर के खिलाफ हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज दो मुकदमों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।शीर्ष अदालत ने आदेश में कहा, हम याचिकाकर्ता को सीजेएम सोनीपत की संतुष्टि के अनुसार जमानत बांड प्रस्तुत करने की शर्त पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का निर्देश देते हैं। दोनों मुकदमों के लिए जमानत बांड का केवल एक सेट होगा। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने आरोपी को अपना पासपोर्ट जमा करने का भी आदेश दिया। साथ ही, इस मुद्दे (ऑपरेशन सिंदूर) पर कोई और ऑनलाइन पोस्ट या भाषण नहीं देने का आदेश दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने मामले की जांच के लिए हरियाणा पुलिस के स्थान पर एक विशेष जांच दल का गठन किया, जो वर्तमान में मामले की जांच कर रहा है। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि विशेष जांच दल में हरियाणा या दिल्ली के अधिकारी नहीं होंगे। हरियाणा के अशोका विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख महमूदाबाद को हरियाणा पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। रविवार को दो अलग-अलग मामलों के मुकदमा दर्ज होने पर उन्हें दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी पर 'ऑपरेशन सिंदूर' पर उनकी कथित टिप्पणियों के लिए भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने का आरोप है । हरियाणा राज्य महिला आयोग ने भी को प्रो. महमूदाबाद की टिप्पणियों की आलोचना की थी। आयोग ने कहा था टिप्पणियां भारतीय सशस्त्र बलों में महिला अधिकारियों के प्रति अपमानजनक है और इसने सांप्रदायिक विद्वेष को भी बढ़ावा दिया है। आयोग ने दो मई 2025 प्रो.महमूदाबाद को समन जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि उनकी टिप्पणियों से वर्दीधारी महिलाओं (जिनमें कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह भी शामिल हैं) के प्रति अपमान की चिंता पैदा हुई है, पेशेवर अधिकारियों के रूप में उनकी भूमिकाओं को कमतर आंका गया है।

# मीठी क्रांति से बदला किसानों का भाग्य

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त वर्ष 2024 -25 में देश में 20 हजार टन से अधिक शहद का उत्पादन हुआ है, जिससे किसानों को 325 करोड़ रुपए की आय हुई है।

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मधुमक्खी दिवस के अवसर पर मुंबई में 'मीठी क्रांति उत्सव' को संबोधित करते हुए कहा कि 'मीठी क्रांति' ने मधुमक्खी पालकों और किसानों के जीवन में बदलाव ला दिया है। आयोग के शहद मिशन के अंतर्गत 20 हजार टन से अधिक शहद का उत्पादन किया जा चुका है, जिससे मधुमक्खी पालकों को 325 करोड़ रुपये की आय हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में केवीआईसी से जुड़े मधुमक्खी पालकों ने 25 करोड़ रुपये मूल्य का शहद निर्यात किया है। शहद मिशन में 2,29,409 मधुमक्खी बक्से और मधुमक्खी कालोनियां वितरित की जा चुकी हैं। इस उत्सव का विषय 'प्रकृति से प्रेरित मधुमक्खियां हम सभी का पोषण करेंगी' रहा। इस अवसर पर आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रूप राशि भी उपस्थिति रही।

श्री कुमार ने मधुमक्खियों के पारिस्थितिकीय और आर्थिक महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मधुमक्खियाँ पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ हैं। वे न केवल शहद का उत्पादन करती हैं, बल्कि परागण के माध्यम से कृषि को समृद्ध करती हैं और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देती हैं। शहद मिशन ग्रामीण भारत में आजीविका का एक प्रमुख स्रोत बन गया है। शहद उत्पादन आर्थिक और स्वास्थ्य समृद्धि दोनों का स्रोत बन गया।

# पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया हो एकजुट : राघव चड्ढा

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने पाकिस्तान की तरफ से प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया को एकजुट होने का आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि भारत अब आतंकवादी हमलों पर केवल दुख व्यक्त नहीं करता बल्कि अब वह सटीक और निर्णायक सैन्य कार्रवाई के जरिए जवाब भी देता है।

श्री चड्ढा ने दक्षिण कोरिया के सियोल में आयोजित एशियन लीडरशिप सम्मेलन 2025 में आज कहा,ल्ल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए यह स्पष्ट कर दिया कि अगर हमारे देश की शांति से खिलवाड़ किया गया तो हम आतंकवाद के ढांचे को जमींदोज कर देंगे,



चाहे वह देश की सीमा के भीतर हों या बाहर। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने यह साबित कर दिया कि भारत अब एक नई सैन्य और कूटनीतिक नीति के तहत काम कर रहा है। उन्होंने कहा, हम केवल आतंकवादी हमलों की प्रतिक्रिया नहीं करते, बल्कि अब हम आतंकवाद के मूल ढांचे को जड़ से खत्म करते हैं। 'आप' नेता ने पाकिस्तान की तरफ से प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक मंच से एकजुटता का आह्वान किया। उन्होंने कहा,ल्ल इस दुख की घड़ी में भारत एक निर्णायक और दृढ़ राष्ट्र के रूप में उभरा है और यह बताया है कि हम आतंकवाद, आतंकी ढांचे और दुष्ट राष्ट्रों के साथ कैसे निपटते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के रूप में भारत सरकार और हमारी भारतीय सेना ने यह साफ कर दिया कि हम शांति के पक्षधर हैं, लेकिन अगर कोई हमारे देश की शांति को भंग करता है और हमारे लोगों को नुकसान पहुंचाता है, तो हम आतंकी ढांचे को बख्शेंगे नहीं, चाहे वह कहीं भी हो। उन्होंने कहा कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ सिर्फ कूटनीतिक बयान नहीं देता, बल्कि जमीन पर कार्रवाई करता है। 'ऑपरेशन सिंदूर' इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। भारत अब न केवल अपने नागरिकों की सुरक्षा करता है, बल्कि दुनिया को भी आतंक मुक्त बनाने में अपना योगदान देने को तैयार है।

## अमित मालवीय, अर्णब पर दर्ज कराई प्राथमिकी : युवा कांग्रेस

नयी दिल्ली। युवा कांग्रेस ने कहा है कि संगठन ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बदनाम करने और कांग्रेस पार्टी को तुर्किये से जोड़ने की साजिश रचने के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता अमित मालवीय और पत्रकार अर्णब गोस्वामी के खिलाफ गैरजमानती धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे ने यह जानकारी देते हुए बुधवार को बताया कि संगठन के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब और लीगल विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन रूपेश भदौरिया के निर्देश पर यह प्राथमिकी कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में दर्ज करवाई गई है। श्री चिब तथा श्री भदौरिया ने प्राथमिक की दर्ज होने के बाद कहा कि कांग्रेस को बदनाम करने, अशांति फैलाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करने का दुर्भावनापूर्ण प्रयास लोकतंत्र पर सीधा हमला है और ऐसी स्थिति में युवा संगठन चुप नहीं रह सकता।

# भारत ने जतायी वैश्विक स्वास्थ्य के लिये प्रतिबद्धता

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने वैश्विक स्वास्थ्य के लिये प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुये कहा है कि विश्व में स्वास्थ्य सेवा का बुनियादी ढ़ांचा मजबूत किया जाना चाहिए और चिकित्सा सुविधाओं तक सभी की समान पहुंच होनी चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने बुधवार को 78 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने ट्रैकोमा-मुक्त के रूप में प्रमाणित किया है और देश टीबी, कुष्ठ रोग, लिम्फैटिक फाइलेरियासिस, खसरा, रूबेला और कालाजार जैसी बीमारियों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्रीमती श्रीवास्तव जिनेवा में हो रही विश्व स्वास्थ्य सभा में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने बताया कि भारत ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि भविष्य के स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के लिए पिछले दशक में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़ाकर 780 कर दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने एक कानूनी और बाध्यकारी ढांचे के लिए भारत के मजबूत समर्थन को भी दोहराया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षमताओं का सम्मान करते हुए वैश्विक सहयोग को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि महामारी समझौते को चिकित्सा उपायों, समय पर और पारदर्शी डेटा और रोगज़नक़ साझाकरण तक समान पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए। श्रीमती श्रीवास्तव स्वास्थ्य के लिए एक विश्व विषय वस्तु के अनुसार वैश्विक स्वास्थ्य समानता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी और कहा कि विशेष रूप से दक्षिण विश्व -ग्लोबल साउथ के लिए प्रौद्योगिकी साझाकरण और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने के महत्व पर जोर देते हुए सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई कि कोई भी पीछे न छूटे। समावेशी और सार्वभौमिक स्वास्थ्य के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर श्रीमती श्रीवास्तव ने आयुष्मान भारत जैसे परिवर्तनकारी कदमों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम ने व्यापक स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच का विस्तार किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि मातृ स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, बाल मृत्यु दर और मृत जन्मों में कमी लाने के भारत के प्रयासों को संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष और संयुक्त राष्ट्र अंतर-एजेंसी समूह सहित वैश्विक निकायों ने मान्यता दी है।

# पेज एक का शेष

## 27 नक्सलियों ...

जिला रिजर्व पुलिस के जवान स्थानीय होने के कारण में इलाके के भौगोलिक स्थिति से परिचित है। सूत्रों के अनुसार अबुझमाड़ क्षेत्र में एक करोड़ का इनामी नक्सली नेता जनरल सेकेटी डुबाला केशव राव उर्फ राजू समेत तीस से अधिक नक्सली मारे जाने की खबर है। पुलिस ने बताया कि कोंडागांव, नारायणपुर व बीजापुर के सीमा क्षेत्र इलाके में मुठभेड़ जारी है।

## वक्फ इस्लाम...

बार-बार विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने विभिन्न मुस्लिम निकायों से विभिन्न इनपुट लिए। इसके बाद, एक बड़ी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें कारणों के साथ सुझावों को स्वीकार/अस्वीकार किया गया। फिर इसे अभूतपूर्व बहस के साथ पारित किया गया। पीठ ने याचिकाकर्ताओं की इन दलीलों पर केंद्र से जवाब मांगा कि जिलाधिकारी के पद से ऊपर का कोई अधिकारी वक्फ संपत्तियों पर इस आधार पर दावा तय कर सकता है कि वे सरकारी हैं। इस पर मेहता ने कहा, ''यह न केवल भ्रामक है बल्कि एक गलत तर्क है।'' केंद्र ने अपने लिखित नोट में अधिनियम का दृढ़ता से बचाव करते हुए कहा कि वक्फ अपनी प्रकृति से ही एक 'धर्मनिरपेक्ष अवधारणा' है और इस कानून पर रोक नहीं लगाई जा सकती क्योंकि इसके पक्ष में 'संवैधानिकता की धारणा' है।

## पहला सर्वदलीय...

कल रवाना होंगे। संजय झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया, मलेशिया, कोरिया गणराज्य, जापान और सिंगापुर जाएगा, जबकि सुश्री कनिमोझी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल स्पेन, ग्रीस, स्लोवेनिया, लातविया और रूस का दौरा करेगा। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने आतंकवाद को बढावा देने में लगे पाकिस्तान को घेरने तथा दुनिया को उसकी नापाक हरकतों की जानकारी देने के लिए करीब तीस देशों में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंल भेजने का निर्णय लिया है।

## अमृत स्टेशनों ...

पोस्ट में उन्होंने कहा राजस्थान के अपने दौरे में कई और परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास का भी सुअवसर मिलेगा। इनमें अनेक सड़क परियोजनाएं भी शामिल हैं। इनसे जहां आवाजाही की सुविधाएं बढ़ेंगी, वहीं सीमावर्ती क्षेत्रों में हमारे डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर को भी और मजबूती मिलेगी।

## न्यायमूर्ति वर्मा के...

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एक संज्ञेय अपराध है। इसलिए पुलिस द्वारा इस मामले में मुकदमा दर्ज करना अनिवार्य है। पीठ पर उनकी दलीलों का कोई असर नहीं हुआ और उसने याचिका नामंजूर कर दी। न्यायमूर्ति ओका ने इस मामले में प्रक्रियागत औचित्य पर जोर देते हुए कहा, आप रिपोर्ट की विषय-वस्तु नहीं जानते। हम भी नहीं जानते। यदि आप गंभीर हैं, तो अपना पक्ष (सबंधित प्राधिकरण के समक्ष) रखें। यदि वहां कोई कार्रवाई नहीं होती है, तो न्यायालय के समक्ष वापस आएं। याचिकाकर्ता श्री नेदुम्परा ने इससे पहले भी इस प्रकरण में एक याचिका दायर की थी। शीर्ष न्यायालय ने उसे समय से पहले दायर करार देते हुए मार्च में खारिज कर दिया था। उस याचिका में उस समय इस प्रकरण के संबंध में (दिल्ली उच्च न्यायालय के) तीन न्यायाधीशों की समिति द्वारा की जा रही आंतरिक जांच पर रोक लगाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने वीरस्वामी मामले में दी गयी व्यवस्था की वैधता को भी चुनौती दी है। उनकी दलील है कि कि किसी कार्यरत न्यायाधीश के खिलाफ कोई भी आपराधिक मुकदमा शुरू करने के लिए मुख्य न्यायाधीश से पूर्व मंजूरी की शर्त आपराधिक कानून के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध है। उनका यह भी तर्क था कि किसी न्यायाधीश को हटाने के लिए महाभियोग की प्रक्रिया केवल एक सिविल उपाय है, जब किसी न्यायाधीश के खिलाफ गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं, तो आपराधिक मुकदमा चलाना आवश्यक है। गौरतलब है कि दिल्ली उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश वर्मा के सरकारी आवास के स्टोर रूम में गत 14 मार्च को आग लगने की घटना के बाद वहां से जले नोटों के बंडल मिलने पर वह जांच के दायरे में आ गए हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय ने मामले की जांच के लिए 21 मार्च को तीन सदस्यीय इन-हाउस समिति गठित की थी। इसके बाद शीर्ष अदालत ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की रिपोर्ट, जस्टिस वर्मा का जवाब और संबंधित दृश्य अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक की थी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 24 मार्च को न्यायमूर्ति वर्मा को उनकी न्यायिक जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया था। बाद में शीर्ष अदालत कॉलेजियम ने उन्हें उनके मूल न्यायालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने की सिफारिश की। फिलहाल वह इलाहाबाद उच्च न्यायालय में तैनात हैं?। याचिकाकर्ताओं ने नकदी के स्रोत, लाभार्थियों और किसी भी मामले में न्यायिक ईमानदारी से समझौता किए जाने का पता लगाने के लिए गहन जांच की मांग की थी। न्यायिक जवाबदेही पर चिंता जताने के बावजूद शीर्ष न्यायालय ने इस मामले में कार्रवाई के लिए उचित प्रक्रिया की आवश्यकता परजोर दिया ।

## हरदोई, बलिया...

संजय कुमार सिंह को विशेष सचिव संस्कृति विभाग तथा निदेशक धर्मार्थ कार्य बनाया गया है। अपूर्वा दुबे उपाध्यक्ष अलीगढ़ विप्रा को निदेशक सूडा, कुलदीप मीणा सीडीओ बुलंदशहर को उपाध्यक्ष अलीगढ़ विप्रा, निशा संयुक्त मजिस्ट्रेट मथुरा को सीडीओ बुलंदशहर और प्रेरणा शर्मा निदेशक सूडा को विशेष सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बनाया गया है। इसके अलावा 6 पीसीएस अधिकारियों के भी ट्रांसफर किए गए हैं। स्थानांतरित छह पीसीएस अफसरों में प्रकाश चंद्र एडीएम प्रोटोकॉल एवं कानून-व्यवस्था वाराणसी को एडीएम न्यायिक हाथरस, शिव नारायण एडीएम न्यायिक हाथरस को एडीएम न्यायिक बागपत बनाया गया है। विनीत कुमार सिंह एडीएम वित्त एवं राजस्व गोरखपुर को एडीएम नगर गाजियाबाद, हिमांशु वर्मा नगर मजिस्ट्रेट गोरखपुर को एडीएम वित्त एवं राजस्व गोरखपुर, उत्कर्ष श्रीवास्तव एसडीएम संतकबीरनगर को नगर मजिस्ट्रेट गोरखपुर, अलंकार अग्निहोत्री सहायक नगर आयुक्त लखनऊ को नगर मजिस्ट्रेट बरेली बनाया गया है।

## यूपी के सभी मंडलों ...

आवश्यक प्रशिक्षण एवं शिक्षा दी जा रही है। वर्तमान में राज्य में संचालित 16 विशेष विद्यालय, सात समेकित विद्यालय एवं पांच मानसिक पुनर्वास केंद्रों के माध्यम से 1680 बच्चों को आवासीय शिक्षा प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि लखनऊ स्थित 'डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय' तथा चित्रकूट स्थित 'जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय' में कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाए और इन संस्थानों का प्रचार-प्रसार राष्ट्रीय स्तर पर किया जाए ताकि देशभर के इच्छुक दिव्यांगजन इन संस्थानों से जुड़ सकें।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि अब तक प्रदेश में 15 लाख दिव्यांगजन यूडीआईडी पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं, जिनमें अधिकांश को यूनिक आईडी कार्ड निर्गत किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर 'दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों' की स्थापना प्राथमिकता के आधार पर की जाए ताकि पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो सकें।

# एक देश, एक चुनाव' लोकतंत्र को करेगा अधिक प्रभावी और समावेशी : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा भारतीय लोकतंत्र को और अधिक सशक्त, प्रभावी और समावेशी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि यह व्यवस्था उत्तराखंड जैसे पहाड़ी और विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्यों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकती है। मुख्यमंत्री धामी बुधवार को मसूरी रोड स्थित एक होटल में 'एक देश, एक चुनाव' विषय पर आयोजित संयुक्त संसदीय समिति के संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष पी.पी. चौधरी समेत सभी सदस्यों का स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी चुनाव प्रणाली विविधताओं के बावजूद प्रभावी और मजबूत रही है, लेकिन अलग-अलग समय में चुनाव होने से बार-बार आचार संहिता लगती है, इसके चलते राज्यो के सारे काम ठप पड़ जाते हैं। जब भी चुनाव आता है, तो बड़ी संख्या में कार्मिकों को मूल कार्य से हटाकर चुनाव ड्यूटी में लगाना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन सालों में राज्य में विधानसभा, लोकसभा और निकाय चुनावों की आचार संहिता के कारण 175 दिन तक राज्य की प्रशासनिक मशीनरी नीतिगत निर्णय लेने की प्रक्रिया से वंचित रही। छोटे और सीमित संसाधनों वाले राज्य के लिए ये 175 दिन शासन व्यवस्था की दृष्टि से महत्वपूर्ण होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन का पूर्ण व्यय भार राज्य सरकार वहन करती है और लोकसभा निर्वाचन का व्यय भार केंद्र सरकार की ओर से उठाया जाता है। दोनों चुनाव एक साथ कराए जाएं तो राज्य और केन्द्र सरकार पर व्यय भार समान रूप से आधा-आधा हो जाएगा। दोनों चुनाव एक साथ कराने से कुल व्यय में लगभग 30 से 35 प्रतिशत तक की बचत होगी। इसका उपयोग राज्य के स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, जल, कृषि एवं महिला सशक्तिकरण जैसे अनेक क्षेत्रों में किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में जून से सितंबर का समय चारधाम यात्रा के साथ-साथ, बारिश का भी होता है, ऐसे में चुनावी कार्यक्रम होने से बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा जनवरी से मार्च तक वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही के समय भी चुनावी प्रक्रिया निर्धारित नहीं की जानी चाहिए। फरवरी-मार्च के माह में हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं होने से प्रशासनिक संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे पहाड़ी और विषम में मतदान केन्द्रों तक पहुंचना कठिन होता है, जिसके कारण चुनाव की प्रक्रिया में अधिक समय और संसाधन लगते हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में मतदाताओं के लिए चुनाव में भाग लेना भी चुनौतीपूर्ण होता है।

# त्रिपुरा में कमालपुर नगर पंचायत पीबीएटी से बने कम्पोस्टेबल बैग के उपयोग को दे रही बढ़ावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । त्रिपुरा के कमालपुर नगर पंचायत ने एकल-उपयोग प्लास्टिक (एसयूपी) के खिलाफ लड़ाई में एक अनुकरणीय पहल की है। नगर पंचायत प्लास्टिक के विकल्प के तौर पर पॉलीब्यूटिलीन एडिपेट टेरेफ्थेलेट (पीबीएटी) से बने कम्पोस्टेबल बैग के उपयोग को बढ़ावा दे रही हैं। केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के अनुसार यह कदम न केवल पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में बड़ा प्रयास है, बल्कि प्लास्टिक कचरे के बढ़ते संकट के समाधान में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। कमालपुर का यह प्रयास अन्य शहरों के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल बनकर उभर रहा है। पीबीएटी बैग पूरी तरह से बायोडिग्रेडेबल और रसायन-मुक्त है। इसे सीआईपीईटी द्वारा प्रमाणित किया गया है। बैग 180 दिनों के भीतर प्राकृतिक रूप से विघटित हो जाते हैं। बैग थोक में 145 रुपये प्रति किलोग्राम और खुदरा में 160 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर उपलब्ध हैं। बैग स्थानीय स्तर पर टिकाऊ विकल्प के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। कमालपुर नगर पंचायत न केवल इन बैगों का प्रचार कर रीा है, बल्कि स्थानीय समुदाय को भी इस अभियान में सक्रिय रूप से जोड़ रही है। नागरिकों को प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे जिम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन की संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है।

## चंपारण सत्याग्रह के अग्रदूत पं.राजकुमार शुक्ल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

पूर्वी चंपारण। चंपारण सत्याग्रह के अग्रदूत स्वतंत्रता सेनानी पं.राजकुमार शुक्ला की 96 वीं पुण्यतिथि पर गांधी संग्रहालय में श्रद्धाजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित राजकुमार शुक्ला के परिवारिक सदस्य रविराज शुक्ल ने प्रेरक गीत से की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के गांधी शांति अध्ययन विभाग के विभागध्यक्ष डॉ जुगल किशोर दाधीच ने कहा कि पंडित राजकुमार शुक्ल महामानव थे, जिन्होंने नींव की ईट बनाकर चंपारण की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उजागर करते हुए महात्मा गांधी के साथ मिलकर ब्रिटिश हुकूमत की चूले हिला दी। उन्होने निलहे अंग्रेजो के अत्याचार अनाचार एवं शोषण से त्रस्त चंपारण के किसानो को मुक्ति दिलाने में एक भागीरथी प्रयास किया।

# संक्षिप्त समाचार

## एनएचआरसी ने अशोका विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर की गिरफ्तारी का लिया संज्ञान

नई दिल्ली । राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने हरियाणा के अशोका विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी और हिरासत के संबंध हरियाणा के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के अंदर मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने कहा है कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि प्रोफ़ेसर पर लगे आरोप मानवाधिकारों और स्वतंत्रता का उल्लंघन है। आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए इसपर नोटिस जारी किया है। आयोग ने हरियाणा के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के अंदर मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। प्रोफ़ेसर महमूदाबाद पर एक लेख के जरिए धार्मिक विद्वेश फैलाने और सेना की महिला अधिकारियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। प्रोफ़ेसर महमूदाबाद को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विवादित टिप्पणी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज अंतरिम जमानत दी। कोर्ट ने उन्हें जांच में सहयोग करने और संबंधित पोस्ट पर आगे कोई बयान न देने का निर्देश दिया।

## भूमि विवाद को चली गोलियां ,फोड़ा जमीन मालिक का सर

नवादा । नवादा जिले के नारदीगंज थाने के पांडपा गांव में बुधवार को भूमि विवाद को लेकर गोलियां चलाई गई ।ग्रामीणों ने भूमि मालिक का ईंट- पत्थर चला कर सर फोड़ दिया । पटना जिले के बाढ़ थाने के लदमा गांव के अरविंद कुमार सिंह उर्फ पहलवान ने बताया कि यह जमीन उनकी है। वे आज अपने समर्थकों के साथ गेट लगाने आए थे ।पन्डपा गांव के धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में बदमाशों ने इंट –पत्थर चलाना शुरु कर दिया ।गोलियां भी चलाई गई ।ईट पत्थर चलाए जाने से भूस्वामी अरविंद कुमार सिंह बुरी तरह जख्मी हो गए हैं । उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों से न्याय दिलाने की मांग की है । उन्होंने कहा कि हमने अपना कागज दिखा दिया है। लेकिन विरोध करने वाले लोग अपना कागज नहीं दिखा पा रहे । पन्डपा के लोग अवैध तरीके से मेरी कीमती जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। उन्होंने नवादा के एसपी से कार्रवाई की भी मांग की है। इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल कायम हो गया है। भूमि मालिक पटना जिले के निवासी हैं। इसीलिए स्थानीय गुंडो ने मिलकर उनके जमीन से उन्हें बेदखल करने की कोशिश के तहत इंट पत्थर चलाएं।

## विधायक योजना मद से निर्मित पथ का डॉ आलोक रंजन ने उद्घाटन किया

सहरसा। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम सहरसा वार्ड संख्या 44 में विधायक योजना मद से निर्माण कराए गए पथ शांति नगर मुख्य सड़क से मुकेश सिंह के घर की ओर जाने वाली पथ का सदर विधायक डॉ आलोक रंजन ने बुधवार को उद्घाटन किया।विधायक डॉ आलोक रंजन ने बताया कि यह सड़क काफी जर्जर था लोगों को इस सड़क से आवागमन करने में काफी परेशानी होती थी, लेकिन अब इस सड़क के निर्माण हो जाने के बाद लोगों को आवागमन में सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार जिलें में सड़क बिजली पानी की आधारभूत संरचना तथा शांतिपूर्ण विधि व्यवस्था कायम कर न्याय के साथ विकास कार्य मे निरन्तर प्रयत्नशील है।जिलें सड़कों का जाल बिछाया गया है।वही जिलें से गुजरने वाले राष्ट्रीय उच्च पथ एवं एक्सप्रेस वे निर्माण कार्य पूर्ण होने पर क्षेत्र के विकास में चार चांद लग जायेगा।स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क जर्जर रहने के कारण मोहल्ला के निवासियों को परेशानी होती थी लेकिन विधायक से मिलकर सड़क बनाने का आग्रह करने के बाद उन्होंने शीघ्र सड़क बनवाने का काम किया हम सभी लोग उनको धन्यवाद देते हैं। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने उद्घाटन से पूर्व उन्हें पाग चादर देकर सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किया ।

## रेलवे का रेक अनलोड नही होने से होगी नमक की किल्लत, 8 करोड़ का लगा घाटा: वजीर प्रसाद

नवादा । बिहार झारखंड गुजरात में नमक के बड़े व्यवसाई सन गोल्ड तथा महाराजा कंपनी के प्रोपराइटर नवादा निवासी वजीर प्रसाद ने कहा है कि फतुहा में मजदूरों के हड़ताल के कारण चार दिनों से दो करोड रुपए मूल्य का नमक स्टेशन पर पड़ा है,जिस कारण रेलवे को 8 करोड़ का नुकसान हो चुका है। इसका भरपाई व्यवसाय किसी भी कीमत पर नहीं करेंगे। अगर यही हाल रही तो नवादा सहित संपूर्ण बिहार में नमक किल्लत होगी । वे बुधवार को नवादा में प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि सीमेंट बनाने का कच्चा माल स्टेशन पर मगाने के विरोध में मजदूरों ने हड़ताल कर रखा है ।42 डब्बे के मालगाड़ी में नमक चार दिनों से भरा पड़ा है। जिसे हड़ताल के कारण मजदूर निकाल कर ट्रक पर नहीं लाद रहे हैं। रेलवे के जनरल मैनेजर सहित सभी वरिष्ठ रेल अधिकारियों को इसकी लिखित सूचना कई बार दिए जाने के बावजूद मजदूरों का हड़ताल खत्म कर कर नमक अनलोड करने की दिशा में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है ।जिस कारण अब तक रेलवे को 8 करोड़ का नुकसान हो चुका है। जिसका भरपाई रेलवे व्यवसाई से ही करना चाहेगी ।लेकिन किसी भी कीमत पर व्यवसाई इस डैमेज की भरपाई नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि जो भी समस्या पैदा हुई है। वह रेलवे के कर्मचारियों तथा अधिकारियों के निष्क्रियता के कारण हुई है। जिसका जिम्मेवार कोई व्यवसाई नहीं हो सकता । वजीर प्रसाद ने कहा कि केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को भी इसकी सूचना दी जा चुकी है ।लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। उन्होंने दानापुर के डिवीजनल रेल मैनेजर को जल्दही पहल कर रेलवे से नमक उतरवाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। वजीर प्रसाद ने कहा कि अब तक दूसरा खेप माल आ जाता। जिससे सरकार को करोड़ों रुपए का मुनाफा होता ।सरकार को घटा होने के साथही व्यवसाययों को भी भारी नुकसान हो रहा है ।अगर यही स्थिति रही तो इस इलाके में नमक की भारी किल्लत का सामना आम नागरिकों को करना पड़ेगा ।उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर रेलवे की अधिकारी नमक अनलोड करने की दिशा में कार्रवाई नहीं की तो वह न्यायालय में मुकदमा करेंगे।

# सत्ता के लालच में झूठे वादों की बारिश कर रही है कंग्रेस: श्रवण कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना । मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जिस पार्टी ने दशकों तक बिहार और देश की महिलाओं की कोई सुध नहीं ली, वह अब जब चुनाव नजदीक आ गए हैं, तो सत्ता के लालच में झूठे वादों की बारिश कर रही है। बुधवार को पार्टी कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार की महिलाएं अब जागरूक और विवेकशील हैं और वे स्पष्ट रूप से जानती हैं कि कौन उनके भविष्य की चिंता करता है और कौन केवल वोट बैंक की राजनीति कर रहा है। मंत्री कुमार ने यह भी कहा कि जो लोग कभी नौकरी के बदले गरीबों की जमीन और मकान लिखवाते रहे, वे कभी जनता के हितैषी नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि जब भी महिला सशक्तिकरण की बात होगी, तो उसमें सबसे पहला नाम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ही होगा, जिन्होंने बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को लेकर ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कार्य किए हैं। अनर्गल और निराधार बातें करना राजद की राजनीतिक प्रवृत्ति मौके पर मौजूद मंत्री जयंत राज ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन '2025 में 225 और फिर से नीतीश' के लक्ष्य को लेकर पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि अनर्गल और निराधार बयान देना राजद की पुरानी राजनीतिक प्रवृत्ति रही है, जिसे जनता अब अच्छी तरह पहचान चुकी है। यही कारण है कि चुनाव दर चुनाव जनता ने उन्हें नकारा है और अब उनकी स्थिति राजनीतिक रसातल की ओर जाती प्रतीत हो रही है। अनुकम्पा आधारित नियुक्तियां जल्द होगीः सुनील कुमार मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि नीतीश सरकार बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री बालक एवं बालिका पोशाक योजना (कक्षा 1 से 8) के अंतर्गत 145 करोड़ रुपये से अधिक और मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना (कक्षा 9 से 12) के लिए 169 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बालिका (इंटरमीडिएट) प्रोत्साहन योजना के लिए 300 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री बालक,बालिका साइकिल योजना के तहत 50 करोड़ रुपये और मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के लिए 25 करोड़ रुपये की राशि भी शीघ्र ही जारी कर दी जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि अनुकम्पा आधारित नियुक्तियों से संबंधित नियमावली तैयार हो चुकी है और शीघ्र ही इसके अंतर्गत नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इसके अतिरिक्त, दिव्यांग बच्चों की विशेष शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा सात हज़ार स्पेशल शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी। कार्यक्रम में विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता सह पार्टी कोषाध्यक्ष श्री ललन कुमार सर्राफ एवं प्रकोष्ठों के संयोजक प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी भी उपस्थित रहे।

## बिजल्वाण ने भूतपूर्व सैनिकों को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

उत्तरकाशी। बुधवार को चिन्यालीसौड़ में तिरंगा यात्रा निकाली गई गई, रैली में राजनैतिक दलों, पूर्व सैनिक, व्यापारी शामिल रहे। पीपल मंडी बाजार में आयोजित सभा में जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण ने कहा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए यह तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारतीय सेना के शौर्य और वीरता का बखान करते हुए कहा कि''तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा'' सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि उन अमर वीरों के प्रति हमारे अंतर्मन से उपजा सम्मान, श्रद्धा और आभार का जीवंत चित्रण है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की नापाक हरकतों को भारतीय जांबाज सैनिकों ने धूल चटा दी है।? इस दौरान बिजल्वाण ने भूतपूर्व सैनिकों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया ,सभा को पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शूरवीर रांगड, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा नौटियाल, सिद्धार्थ नौटियाल, प्रवीन गुनसोला, प्रदीप कैन्तुरा, सुमन बडोनी, रणबीर महंत, देवराज बिष्ट, अंकित रमोला, पूर्व सैनिक सूबेदार बलदेव ,हवलदार शैलेन्द्र , हवलदार बिजेंद्र ,मुकेश नौटियाल, धीरज मणि नौटियाल, शंकर लाल , सूबेदार शिव दयाल, सभासद सिद्धार्थ नौटियाल आदि मौजूद थे।

# विधिक सेवा प्राधिकार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी व महिला व बाल विकास पदाधिकारी को भेजा नोटिस

कैनिवज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण । बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार ''सर्वे फॉर आधार एंड एक्सेस टू ट्रैकिंग एंड हॉलिस्टिक इंक्लूजन '' के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय में बुधवार को हुए विशेष बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास पदाधिकारी के उपस्थित नहीं होने पर प्राधिकार के सचिव सह सब जज 6 श्रीमती श्वेता सिंह ने इसे गंभीर बताते हुए दोनों पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नालसा एवं बालसा के विशेष अभियान इंप्लीमेंटेशन ऑफ साथी कैंपेन डॉक्यूमेंट संस्थान द्वारा मूर्त रूप दिया जा रहा है। जिसमें वैसे बच्चों को चिन्हित कर उसका पंजीयन करना है, जो लावारिश है तथा उन्हें देखने वाला कोई नहीं है। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार प्राधिकार ने विशेष बैठक बुलाई थी। जिसमें जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिविल सर्जन सहित सात विभागों के पदाधिकारियों को शामिल होना था। सचिव ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को बताए कि अनाथालय, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, चौक चौराहों पर घूमने वाले बच्चों को चिन्हित कर उसका रजिस्ट्रेशन कराकर आधार कार्ड बनवाया जाएगा।

सर्वे अभियान 26 मई से 26 जून तक चलेगा। वहीं पंजीयन कार्य 27 जून से 5 अगस्त 2025 के बीच होगा। बैठक में सिविल सर्जन डा. आर. बी. श्रीवास्तव, जिला समन्वयक आधार कार्ड प्रकाश कुमार, असिस्टेंट डायरेक्टर बाल संरक्षण अक्षय कुमार आदि उपस्थित थे।

# जून के प्रथम सप्ताह से 15 अगस्त तक सभी योजनाओं का कार्यारम्भ: सम्राट चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना । उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लगभग 50 हजार करोड़ रूपये लागत की जिन 430 योजनाओं की घोषणा की है, उन सभी योजनाओं पर इस जून के पहले सप्ताह से लेकर 15 अगस्त तक काम शुरू हो जाएगा, ताकि सभी योजनाएं समय पर पूरी हो जाएं। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को मुख्यमंत्री की घोषणाओं से सबंधित स्कीमों की प्रगति की समीक्षा बैठक की । उन्होंने योजनाएं लागू करने से संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव के साथ आज मुख्य सचिवालय स्थित सभा कक्ष में हुई बैठक में कार्यारम्भ से संबंधित बाधाएं दूर करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी प्रमंडलीय आयुक्त एवं सभी जिलाधिकारी वीसी के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में योजना एवं विकास विभाग द्वारा प्रगति यात्रा से संबंधित स्कीमों की विभागवार अद्यतन स्थिति का प्रस्तुतीकरण किया गया। चौधरी ने कहा कि सभी महत्वपूर्ण स्कीमों की निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। कई स्कीमों का कार्यादेश भी निर्गत हो चुका है। कतिपय स्कीमों में भूमि अधिग्रहण के कारण निविदा प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने संबंधित विभागों एवं जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रगति यात्रा से संबंधित स्कीमों के कार्यान्वयन में भूमि अधिग्रहण की समस्या का यथाशीघ्र निष्पादन किया जाय। सम्राट चौधरी ने कहा कि सभी विभाग यह सूचित करेंगे कि 15 जून, 2025 के पहले कितने स्कीमों का शिलान्यास किया जा सकता है। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया है कि चूंकि प्रगति यात्रा के क्रम में हुई घोषणाओं से संबंधित सभी योजनाएँ अत्यन्त जनोपयोगी हैं, अतः इन योजनाओं का कार्यारम्भ हर हाल में 15 अगस्त 2025 से पहले हो जाना चाहिये।

## नवादा में चार साइबर ठग गिरफ्तार, कई सामान बरामद

नवादा। नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में अपसढ़ पंचायत स्थित भवानी विगहा गांव के बगीचा से बुधवार को पुलिस ने चार युवकों को ठगी से संबंधित दस्तावेज के साथ गिरफ्तार किया.बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अफरातफरी में की गई कारवाई के दौरान रितिक कुमार, गुड्डू कुमार, प्रताप कुमार एवं रोहित कुमार को रिलायंस फाइनेंस व अन्य कंपनियों के नाम पर ठगी करते गिरफ्तार किया गया. बताया गया कि गिरफ्तार युवक ठगी करने में मशगुल थे कि सामान्य कपड़ों से लवरेज रहे पुलिस कर्मियों की भनक इन युवकों ने नहीं भांप पायी और मौके से ही दबोचे गए.हालांकि कई साइबर अपराधी भागने में भी सफल हो गया,जिसकी गिरफ्तारी हरहाल में यथाशीघ्र करने की बात कही गई। गिरफ्तार किए गए स्थल से 07 एन्ड्राइड मोबाइल, 02 कीपैड मोवाइल,एक लैपटॉप व एक टैब बरामद किया गया.गिरफ्तार किए गए कुल चार युवकों ने ठगी धंधे में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया. बताया गया कि जिस स्थान से इन चार साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया है,वहां से कई साइबर अपराधी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल भी रहा है.इस मामले में पुअनि अभिषेक कुमार के लिखित आवेदन पर गिरफ्तार चारों साइबर अपराधी के विरुद्ध स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है ।

# कुमारस्वामी ने देश में ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के विस्तार की समीक्षा की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बुधवार को एक अंतर-मंत्रालयी बैठक में देशभर में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग बुनियादी ढांचे के विस्तार की समीक्षा की। बैठक में भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही 10,900 करोड़ रुपये की पीएम ई-ड्राइव योजना में देशभर में 72,000 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये का परिव्यय तय किया गया। केन्द्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने देशभर में ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे की समीक्षा करने तथा उसमें तेजी लाने के लिए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा भारी उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। मंत्रालय ने बताया कि 2,000 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ पीएम ई-ड्राइव योजना देशभर में करीब 72,000 ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना का समर्थन करेगी। इन स्टेशनों को 50 राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों के साथ-साथ मेट्रो शहरों, टोल प्लाजा, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों, ईंधन आउटलेट और राज्य राजमार्गों जैसे उच्च-यातायात स्थलों पर रणनीतिक रूप से तैनात किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के कार्यान्वयन की समीक्षा करने और इसमें तेजी लाने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समन्वय बैठक में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और हरित परिवहन के जरि?ए नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए एक मजबूत, सुलभ एवं भविष्य के लिए तैयार ईवी परिवेश के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता को बढ़ावा देने के लिए दो वर्षों में 24.79 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया, 3.16 लाख ई-तिपहिया और 14,028 ई-बस का समर्थन करेगी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063